Agriculture in our entire country is in crisis. It is more in crisis in Kashmir. Unemployment is rampant. Social infrastructure has not been built. People living in high altitude do not have access to elementary human rights. How do I explain this?

There are many issues. I met the Prime Minister on a number of occasions requesting him not to close down the watch factory.

There was a watch factory. Since it is sick, it is closed down. I told the Prime Minister that HMT is a strategic issue and involves employment of hundreds of Kashmiri youth. Unfortunately, despite my talking to the Prime Minister and despite the Prime Minister writing to me that that watch factory would not be closed, it is almost closed. Then, ITI - Indian Telephone Industries

Limited - is limping. A number of Central Government public sector units are sick. There is the problem of *anganwadi* women. I had taken them to the earlier Chief Minister. It is very hard for them to work in high altitude. The hon. Chief Minister, who is now a Central Minister, had promised that it would be looked into, but nothing has been done.

You cannot keep people waiting for the redressal of their grievances for a long time to come. That is an aberration of democracy. This pollution of democratic system has been very well extended to Kashmir. Who is to be blamed? Madam, do not mind if I say that the security of the politicians has become more important than the food security of the people of Kashmir! The situation is such. … (*Interruptions*) Madam, the hunger for food … (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** डॉ. बेग, आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** गुरुदास दासगुप्त जी, आप हर चीज पर रिएक्ट मत कीजिए। आप अपना बोलिये।

…(व्यवधान)

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Madam, this is the perennial problem of parliamentary impatience.

Madam, right or wrong, there is also a complaint of violation of human rights. I am rephrasing my sentence Right or wrong, there is a complaint of police excesses. Right or wrong, there is a complaint of assault on young women. Therefore, I must say that the State structure is insensitive in Kashmir, more insensitive than it is anywhere else in our country. Therefore, I must say humbly that the policy of the Government has not succeeded in Kashmir. I do not say that it has failed. That may be too hard. I do not want to embarrass the Government who is already embarrassed.

I do not want to pelt stones because pelting stones on the Government or at the Ministers will not end the pelting of stones in Kashmir. Therefore, I would

only say that the policy of the Government of India has not succeeded in ameliorating the grievances of the people, nor bringing the Valley to normalcy nor settling the age old problem of the integration of that part of the country with the whole of India. That is the truth. Therefore, what I plead? I must plead, and I hope that I am reflecting the voice of the people, at least a part of the people of Kashmir, that the State apparatus must be cleaned. गंगा जल से धो दो। Make the State apparatus more accountable to the people, fight corruption, eliminate the heartless role of the politicians and administrators. The whole situation does not depend only on the presence of the security forces.

I do not say that they should be withdrawn, but the presence of security forces will not yield the result if the genuine grievance of the people is not taken care of / taken note of. Therefore, the people of Kashmir must get their due, and the people of Kashmir … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Member, please conclude.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : Madam, please give me five more minutes. The people of Kashmir must get their right; they must get food; they must get job; they must have an accountable Government; they must have a vibrant democracy; and they must be allowed to feel and realise that they are enjoying democracy in the same way that the people in other parts of India do enjoy. Therefore, political package, political initiative and economic package of fruitful economic development and not fruitless economic development should take place in Kashmir.

There is a need to separate the people of Kashmir from the political miscreants. The bridge must be broken, and it cannot be broken by the paramilitary forces. It can be built by generating confidence; generating goodwill; giving the right message that here in India there are people who are ready to talk for them; who are ready to fight for them; and they do not have to look across the country as their saviours. We are here to speak for them, and I hope that the Government will respond.

I must say that peace in Kashmir does depend on the peace in the Subcontinent. It is a reality. Therefore, talks with Pakistan must go on for restoring normalcy; for restoring tranquillity; and for having normal economic relationship. I must say that the Pakistan society is a fractured society. Definitely, there is a large section of democratic people who want friendly relations with India. I believe that a majority of the people of Kashmir also want peace. I believe that the Indian people want to live in peace with Pakistan, with Bangladesh, with Nepal and with Sri Lanka, that is, the South-Asia region. Therefore, peace dialogue with Pakistan is an essential element that I am stressing on along with political initiative and along with economic empowerment. … (*Interruptions*)

Madam, please be a little more generous. You have always been generous.

MADAM SPEAKER: You have already taken so much time. Please conclude now.

SHRI GURUDAS DASGUPTA : I know it, Madam, but it is after a long long time that Kashmir is there on the agenda.

There is a talk of hard-line in this country. Hard-line will harden the situation, and it will not soften the situation. There is a slogan of 'no concession to anybody'. I do not plead for any concession, but political initiative presupposes taking care of the feeling of alienation of the people of that part of the country. As a special case, the Government should consider broadening the framework of autonomy to the people of Kashmir, of course, within the sovereignty and integrity of the country. There has to be broadening of the autonomy. How it is to be done is for them to decide. My point is that be hard on the terrorists and there be no compromise with cross-border terrorism, but be soft on the people and defuse the feeling of alienation. It is the feeling of alienation, which is at the bottom of the present situation, to a large extent, that has erupted.

Therefore, I appeal to the Government for taking immediate initiatives. I appeal to the people of Kashmir to come back to the mainstream of political life. I appeal to the whole spectrum of Indian political body to be one and together in order to assuage the feeling of Kashmir and give them the belief, give them the

confidence that their problem can be solved only in India; even if they go out of India, their problem will not be solved. Therefore, their problem can be solved in India only. That is why I appeal to the people of Kashmir and I have always believed that the whole House will join me in extending our hand of friendship and instilling a sense of confidence among the people of Kashmir who are being sought to be misled by a number of miscreants.

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी (वाराणसी):** महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रखने के लिए मुझे अवसर दिया है। कश्मीर हमारे देश का अविभाज्य अंग रहा है, आज से नहीं, हमेशा से रहा है और मुझे यह विश्वास है कि हमेशा रहेगा। दुनिया की कोई ताकत कश्मीर को हिन्दुस्तान से अलग नहीं कर सकती।

कश्मीर वह है जिसमें ऋषि परम्परा थी, सूफी परम्परा थी, जिसने देश को बहुत सारा ऐसा सद्भाव का वातावरण दिया। खास तौर पर यहां कश्मीर के सांसद बैठे हैं, जो आज भी हैं और पहले भी थे। वे हमेशा कहते हैं कि वे ऋषि परम्परा और सूफी परम्परा में विश्वास करते हैं। आज सवाल यह है कि ऐसे कश्मीर को जिसने हमें साहित्य दिया, प्राकृतिक सौन्दर्य दिया, अच्छे-अच्छे तीर्थस्थान दिए, जो इस देश का मुकुट, इस देश के सारे साहित्य में, धर्म में, संस्कृति में बना रहा, आज वह क्यों जल रहा है? यही वह कश्मीर है, जिसके लिए कहा गया - गर फिरदौस बर रूए जमीं अस्त, हमीनस्तो, हमीनस्तो, हमीनस्त। इसका अर्थ है कि अगर पृथ्वी में कहीं स्वर्ग है तो वह यहीं है, यहीं है। लेकिन आज उस स्वर्ग में नर्क की ज्वाला कैसे आ गई। यह सारी लम्बी चर्चा को आज करने का समय नहीं है। लेकिन कभी न कभी इस देश को वह चर्चा भी करनी होगी।

आज हम विशेष रूप से माननीय गृह मंत्री के वक्तव्य के आलोक में, प्रधान मंत्री जी के वक्तव्य के आलोक में और विदेश मंत्री जी के दिए गए जवाब के आलोक में यहां चर्चा कर रहे हैं। मैं इतना कहना चाहूंगा कि कश्मीर का मामला ऐसा है कि 'लम्हों ने खता की थी, सदियों ने सजा पाई '। आज 60 साल हो गए, सजा कश्मीर के लोग भी भुगत रहे हैं और सारा देश भी उस सजा को भुगत रहा है। इन सारे कारणों की हमें मीमांसा करनी चाहिए। मैं चाहूंगा कि इस विषय पर गम्भीर चर्चा होनी चाहिए। सारे ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को सामने रखकर होनी चाहिए। भारत विभाजन से लेकर आज तक का जो इतिहास रहा है, उसके परिप्रेक्ष्य में चर्चा होनी चाहिए। कश्मीर की हालत ऐसी क्यों हुई, कश्मीर इस तरह से विभाजित क्यों हुआ, इसके तथ्यों को जानकर ही हम कश्मीर की समस्या का असली समाधान कर सकते हैं।

मेरे सामने माननीय गृह मंत्री का वक्तव्य है। उसमें उन्होंने चार-पांच बड़े महत्वपूर्ण बिंदु उठाए हैं। एक बिंदु हमेशा उनका यह है और जो सही है कि कश्मीर में यह हिंसा पत्थरों की मार के कारण शुरू हुई है। शुरूआत पत्थरों की मार से हुई है। वह कहते हैं - "Usually, the violence is triggered by stone pelting by large groups and their targets of attack are police stations, police outposts and other public property."यह आपका वक्तव्य है। फिर आप कहते हैं कि ऐसा खतरा

पैदा हो रहा था। "Danger of crowds overrunning the police stations or police outposts..." फिर आप आगे यह भी कहते हैं कि "Danger of police stations and police outposts being overrun has compelled the Security Forces to use force both in self-defence and in order to protect public property."

यह तथ्य है, लेकिन सवाल यह है कि क्या जो बार-बार बात कही जाती है कि हिन्दुस्तान की जो फौज है, उसने वहां गोली चलाई। उसकी शुरूआत कहां से हुई? मेरी जानकारी अगर गलत हो तो सही कर दें कि शुरूआत में जे. एंड के. की पुलिस ने गोली चलाई।

लेकिन गुस्सा हमारी फौज के ऊपर उतारा जा रहा है, जबकि गोली की शुरुआत उन्होंने की। ...(व्यवधान) मैं तो माननीय गृह मंत्री जी का बयान पढ़ रहा हूं, अगर बयान गलत था तो उसी दिन बोलना चाहिए था।...(व्यवधान) उन्होंने कहा कि "There have been instances where the security forces have been fired upon by someone in the protesting crowds. There is reliable intelligence that some armed militants may have mingled with the crowds and fired on the security forces." यह माननीय गृह मंत्री जी का बयान है, मेरा बयान नहीं है। मेरी जानकारी के मुताबिक यह बयान सच है। मैं इस बारे में आपको जरूर बधाई दूंगा कि आपने यह बात बहुत सफाई के साथ यहां कही है और यही हुआ भी है। मगर एक बात मुझे आपसे कहनी है कि इसकी जानकारी कि ऐसा होने वाला है, उसके बारे में मैं आपको आगे बताऊंगा, यह जानकारी अप्रैल के महीने से सरकार के पास थी, इंटेलिजेंस की रिपोर्ट्स आपके पास थीं। फिर आप कहते हैं कि सिक्योरिटी फोर्सेज ने बहुत शांति का और अपने ऊपर नियंत्रण का परिचय दिया। फिर कहते हैं कि प्राइम-मिनिस्टर और चीफ-मिनिस्टर ने, प्राइम-मिनिस्टर की मीटिंग के बाद, एक डायलॉग की अपील की और उसमें कहा गया कि "He offered a dialogue for the redressal of grievances including a dialogue to resolve the political issues that concern the people of Jammu and Kashmir." लेकिन वे पॉलिटिकल इश्यूज क्या हैं? वे पॉलिटिकल इश्यूज किस सीमा के अंतर्गत हैं? क्या वे काश्मीर की जनता और काश्मीर की सरकार के बीच में हैं या काश्मीर की सरकार के दो धड़ों के बीच में हैं या काश्मीर की सरकार और हिंदुस्तान की सरकार के बीच में हैं, ये क्या पॉलिटिकल इश्यूज हैं, कौनसे पॉलिटिकल इश्यूज हैं, इसका जिक्र आप नहीं करते हैं? आगे चलकर आप यह कहते हैं कि "Government of Jammu and Kashmir is actively considering political and administrative measures that will help restore normalcy in the State." वे मेज़र्स क्या हैं, चीफ मिनिस्टर तो वहां जाते

ही नहीं हैं, लोगों से मिलने जाते ही नहीं हैं। जब वहां गोलियां चल रही थीं, जब वहां सिक्योरिटी फोर्सेज और जनता के बीच में संघर्ष हो रहा था, तब वे आराम के साथ किसी शिकारे में बैठे आनंद ले रहे थे या गोल्फ खेल रहे थे। सवाल यह है कि वे क्या डायलॉग कर रहे हैं, क्या कर रहे हैं, यह मेरी समझ में नहीं आता है, वे वहां लोगों को देखने तक नहीं गये। फिर आप कहते हैं कि सरकार ने जम्मू-काश्मीर के बारे में कई बार अपनी पॉलिसी साफ-साफ बताई है। माननीय गृह मंत्री जी ने यह भी कहा है कि "These issues have to be addressed through the political process, through a dialogue with all sections of the people of Jammu and Kashmir. Government has always favoured a dialogue. In fact, in 2009, the Central Government initiated a quiet dialogue with key political groups and individuals." ये कौन से ग्रुप्स हैं, क्या क्वाइट डायलॉग हुआ, आपने देश और संसद को तो बताया नहीं, क्योंकि अब तो उसका टाइम निकल गया, वर्ष 2009 से वर्ष 2010 आ गया, अब तो आप खुलासा कर सकते हैं कि वह क्वाइट डायलॉग किसके साथ था। क्या वह जिलानी साहब को जेल से निकालने के लिए था या किन्ही और लोगों के साथ था, हुर्रियत के साथ था, लश्करे-तैयबा के साथ था, किसके साथ था - यह हमें बताया जाए। फिर आप कहते हैं कि जब श्री फजरुल हक के ऊपर प्राणघाती हमला हुआ, तब यह डायलॉग समाप्त हुआ। माननीय गृह मंत्री जी, आपको उसी वक्त समझ में आ जाना चाहिए था कि डायलॉग लोग नहीं चाहते हैं, डायलॉग करने वालों के लोग खिलाफ हैं। वहां के जो लोग इस आंदोलन को चला रहे हैं, वे कभी भी डायलॉग को पसंद नहीं करेंगे, कभी भी डायलॉग होने नहीं देंगे, डायलॉग उनका रास्ता नहीं है। इस बात को समझकर हमें चलना चाहिए। फिर आप कहते हैं कि अगर शांति हो जाए, फिर हम "Holding a dialogue, redressing genuine grievances" ये जेनुअन ग्रीवेंसेज क्या हैं, यह हम आज तक नहीं समझ पाये हैं। देश भर में सब जगह ग्रीवेंसेज हैं, तो क्या और जगह अन-जेनुअन हैं? इनकी जेनुअन ग्रीवेंसेज का दायरा क्या है? कौन सी ग्रीवेंसेज जेनुअन हैं और कौन सी ग्रीवेंसेज जेनुअन नहीं हैं। हिंदुस्तान की सरकार वहां फौज भेज रही है, हिंदुस्तान हमारे ऊपर हमला कर रहा है, हमें कब्जे में किये हुए है, क्या यह ग्रीवेंस है? हमने तो किसी भी आंदोलनकारी के मुंह से यह नहीं सुना कि उनकी कोई आर्थिक मांग है, डिवेलपमेंट की मांग है।

या उनकी डवलपमेंट की मांग है, यह हमने किसी के मुंह से नहीं सुना या किसी सरकार के विरुद्ध कोई बात है, सिवाय इसके कि हम इस सरकार को नहीं मानते। उनकी कौन-सी जेनुइन ग्रीवेन्स है? अगर वे एक ही ग्रीवेन्स " आजादी या आटोनोमी " लेते हैं, इसके अलावा इस आंदोलन में मुझे कोई तीसरी ग्रीवेन्स समझ में नहीं आई। अगर यह उनकी जेनुइन ग्रीवेन्स आप मानते हैं, तो मैं आपसे निवेदन करूंगा

कि इसे दूर करने का एक ही रास्ता है कि आप उन्हें साफ बता दें कि आटोनोमी या आजादी एक्सेप्टेबल नहीं है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** बेग साहब, आप बैठ जाएं।

...(व्यवधान)

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी (वाराणसी):** प्रधानमंत्री जी का बयान आया, जो बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्होंने आल पार्टी मीटिंग में दिया था।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** शारिक जी, आप बैठ जाएं।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** जोशी जी के भाषण के अलावा कुछ भी रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** शारिक जी, आपकी टर्न आएगी, तब आप अपनी बात रखिएगा।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कुछ भी रिकार्ड में नहीं जाएगा। शारिक जी, आप बैठ जाएं।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप सभी लोग बैठ जाएं। शारिक जी, आप अपनी सीट पर जाकर बैठ जाएं। कुछ भी रिकार्ड में नहीं जा रहा है।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कुछ भी रिकार्ड में नहीं जा रहा है। आप सभी लोग बैठ जाएं और चुप रहें।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप सभी को बोलने का मौका मिलेगा। जब आपकी बारी आएगी, तभी आप बोलिएगा। अभी आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप लोग बैठ जाएं, डॉ. जोशी को बोलने दीजिए। डॉ. जोशी के भाषण के अलावा कुछ भी रिकार्ड में नहीं जाएगा।

... (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what Dr. Joshi has said.

*(Interruptions) …* *

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए। नेता, प्रतिपक्ष कुछ कह रही हैं।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

**अध्यक्ष महोदया :** वह रिकार्ड में नहीं गया है। आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER ; Nothing is going in to the record.

*(Interruptions) …* *

**अध्यक्ष महोदया :** देखिए, बहुत संवेदनशील विषय पर इस समय चर्चा हो रही है। कृपया थोड़ा संयम बरतें। अब आप बैठ जाइए। अभी कोई बात नहीं होगी। आपकी पार्टी को भी समय दिया गया है। उस समय जो भी आपकी भावना है, वह व्यक्त होगी।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing is going into the record.

*(Interruptions) …* *

**श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा):** अध्यक्ष जी, हम एक बहुत ही गंभीर विषय पर सदन में चर्चा कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का विषय बहुत संजीदा विषय है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सदन से यह अपील करना चाहती हूं कि हम लोगों की सोच में फर्क हो सकता है। हमारी पार्टी की सोच अलग हो, एनसी की सोच अलग हो सकती है तथा किसी और् पार्टी की सोच अलग हो सकती है। यह सदन विभिन्न सोचों का प्रतिनिधित्व करने वाला सदन है। सबको समय मिलने वाला है। आप हमारे मुंह में अपने शब्द नहीं डाल सकते और हम आपकी सोच को नहीं बदल सकते। लेकिन हम सभी अपनी -अपनी बात संजीदगी से इस सदन में रखें। आज पूरा देश इस चर्चा को देख रहा है। जो डा. जोशी कह रहे हैं, वह भारतीय जनता पार्टी की सोच का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जब नेशनल कांफ्रेस को समय मिलेगा, आप अपनी बात को बेबाक तरीके से कहिए। जो बात सीपीआई वाले सोचते थे, वह बात गुरुदास दास गुप्ता जी ने कही है। अंत में, गृह मंत्री जी जवाब देंगे। इसलिए मैं सदन से अपील करती हूं कि यह चर्चा केवल देश में ही नहीं विदेश में

---

* Not recorded.

भी देखी जा रही है कि भारतीय संसद इस बारे में क्या सोचती है। इसिलए मैं हाथ जोड़कर आप सबसे निवेदन करती हूं कि सबको अपनी अपनी बात संजीदगी से कहने दीजिए और सुनने का माद्दा रखिए।

...(व्यवधान)

**13.00 hrs.**

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी (वाराणसी):** महोदया, मैं माननीय प्रधानमंत्री के ऑल पार्टी मीटिंग में दिए गए बयान का हवाला दे रहा हूं, इसमें यह बात कही है - We should not do anything to demoralise the security forces. सही बात है। लेकिन आज वहां सिक्योरिटी फोर्सिस की हालत यह है कि लोग फील्ड ड्यूटी पर जाना नहीं चाहते हैं। मेरे पास रिपोर्टस हैं, समाचार पत्रों में रिपोर्ट छपी हैं कि वे फील्ड ड्यूटी पर जाना नहीं चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ सिक्योरिटी आदि के बीच में इस बात को लेकर मनोमालिन्य भी होता है। अगर कोई अफसर फील्ड ड्यूटी पर नहीं जाना चाहता है, इसका मतलब है कि वह डिमोरेलाइज्ड है। इसका स्पष्ट मतलब है कि वह हिचकिचा रहा है। ऐसे भी हालात हैं, मेरे पास रिपोर्टस हैं जिनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस को अलगाववादियों ने मजबूर किया कि वे उनके साथ मिल जाएं, नारे लगाएं और पत्थर फेंके। यह डिमोरलाइजेशन का नतीजा है। डिमोरलाइजेशन हो रहा है और हम उसे रोक नहीं पा रहे हैं। आप बार-बार कहते हैं -Nothing should be done to demoralise the security forces. लेकिन सिक्योरिटी फोर्स डिमोरलाइज्ड हैं और यह हकीकत है। अगर वे डिमोरलाइज नहीं होते तो वे फील्ड ड्यूटी में जाने से नहीं हिचकिचाते। पुलिस वाले अपने घरों के आसपास ड्यूटी नहीं करना चाहते हैं। यह स्पष्ट बात है। इसे नकारने से आप सत्य को नकारेंगे और हकीकत से दूर जाएंगे। आप कहते हैं कि हम कश्मीर की बहुत आर्थिक सहायता कर रहे हैं और करनी भी चाहिए। आज तक के हालात हैं कि 94,000 करोड़ रुपया जम्मू-कश्मीर को दिया जा चुका है। हर साल 8,000, 9,000 या 10,000 करोड़ रुपया दिया जाता है। यह प्लानिंग कमीशन के आंकड़े हैं। आप वहां पैसा दे रहे हैं। गुरुदास जी ने कहा कि पैसा जा रहा है। यह हकीकत है कि बहुत कुछ जा रहा है। लेकिन कहां जा रहा है? किसके पास जा रहा है? अगर इसमें करप्शन है तो वह जम्मू-कश्मीर सरकार का है। इसमें भारत सरकार का क्या दोष है? इसमें हिन्दुस्तान को गाली देने का क्या मतलब है? अगर यह संघर्ष कश्मीर सरकार के साथ हो तो समझ में आता है कि पैसा कश्मीर सरकार को दिया गया और उसने जनता को नहीं पहुंचाया, डेवलपमेंट के काम नहीं किए। आप उनसे लड़िए। हम भी उनसे पूछेंगे कि यह पैसा दिया गया तो कहां गया? जनता के पास पैसा क्यों नहीं गया? लेकिन इसका दोष भारत को तो नहीं दिया जा सकता। भारत को अपनी पूरी सद्भावना, सदइच्छा और पूरे स्नेह के साथ पैसा दे रहा है। देश की पापुलेशन की तुलना में जम्मू-कश्मीर

की पापुलेशन एक परसेंट है जबकि 10 या 11 प्रतिशत सहायता दी जा रही है। किस इकनॉमिक पैकेज की बात की जा रही है? गुरुदास गुप्ता जी ने कहा इकनॉमिक पैकेज चाहिए। कौन सा चाहिए? कितना चाहिए? किस काम के लिए चाहिए? कौन एग्जीक्यूट करेगा? साठ साल में दिया गया और पिछले दस सालों में तो बहुत कुछ दिया गया? यह कहना कि यह प्राब्लम इकनॉमिक प्राब्लम है, मेरे ख्याल से बिल्कुल सही नहीं है।

**13.04 hrs**

(Mr. Deputy Speaker *in the Chair)*

मैंने किसी आंदोलन की आवाज में सुना है, अखबारों में देखा है कि उन्होंने इकनॉमिक पैकेज की आवाज नहीं उठाई। उनकी एक ही आवाज है - आजादी, ऑटोनोमी, हिन्दुस्तान सरकार से मुक्ति। मैं अभी आपको वहां के बयान पढ़कर सुनाऊंगा। आप देखें तमाशा यह है कि सरकार कमेटी एपाइंट करती है। आपने इकनॉमिक पैकेजिस दिए हैं। आपने तीसरी बार कमेटी बनाई है। पहले श्री रंगराजन की अध्यक्षता में कमेटी बनी, उन्होंने डेवलपमेंट के लिए रिपोर्ट दी। इसका क्या हुआ? वह रिपोर्ट कहां गई? और तीसरी बार फिर कमेटी बना दी। आपने कमेटी बनाई तो उसमें एक सज्जन ने कहा कि मुझसे पूछा ही नहीं गया। श्री कलंदर कहते हैं कि मेरी कंसेंट नहीं थी, मुझसे बिना पूछे घोषित कर दिया गया कि मैं इस इकनॉमिक पैकेज कमेटी का सदस्य हूं। आप ऐसे कमेटी बनाते हैं? दो-तीन कमेटी हो जाती हैं और रिपोर्ट पर चर्चा नहीं होती। वह कहां हैं? यह ठंडे बस्ते में है या कहां चली गई, कुछ पता नहीं चलता है।

आप फिर एक कमेटी बनाते हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि आज घाटी के लोगों में आपकी सरकार के लिए कोई विश्वास नहीं है। They have no trust. आप जो कुछ कहते हैं, उसे पूरा नहीं कर पाते। आप जो कुछ ऐलान करते रहे हैं, उसे आपने अंजाम नहीं दिया। यह एक ऐसा तथ्य है, जो वहां के तमाम लोगों की जुबान पर है कि आपका क्या भरोसा करें। मेरे सामने सैयद अली शाह जिलानी साहब का बयान है। उन्होंने यह कहा है -

> "I do not give any importance to these meetings. What is the Prime Minister going to offer to the Party? There will be no result as far as the people of Jammu and Kashmir are concerned. These meetings are held in New Delhi under conviction that J&K is an integral part of India."

He says that it is under conviction. Yes, it is a conviction because it is a constitutional fact. It is a historical fact. It is a geographical fact. It is a political fact. How can he say that it is 'under conviction' and not real? It is under conviction. Then he says:

> "The Government is not even ready to recognize the political problem of Kashmir and the aspirations of independence of the people of Jammu and Kashmir."

This is the aspiration and not the economic development and not the package. He says further:

> "As long as India denies the people of Jammu and Kashmir their rights, their power and independence, the struggle will continue. India will have to recognize the independence of Kashmir and allow the people of Jammu and Kashmir to determine their own fate. Any other form of governance imposed from New Delhi is not acceptable to our people."

This is the statement after the announcement from the Prime Minister और मांग क्या है?

> "First, India must agree to withdraw all security forces from the State. Pakistan will also be asked to take back its troops. There should be a referendum on the future of J&K."

Is it that premise on which you are going to hold the dialogues? He further says:

> "This has been our demand for the last 62 years. India must accept this demand."

इनसे आप डॉयलाग करेंगे। आप कहते हैं कि कांस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के दायरे में डॉयलाग होना चाहिए। क्या ये कदम उन डॉयलाग्स की तरफ बढ़ाये जा रहे हैं? फिर वह आगे कहते हैं -

> "These so called talks have been going on since March 23, 1952. There have been, at least, 130 rounds of talks between the Government of India and the people of Kashmir. The result has been a big zero. These talks are a futile exercise. They call us to fool us. They want to fool the people of Jammu and Kashmir. The Government of India tries its tricks to deviate us from our struggle."

साठ सालों में गवर्नमैन्ट ऑफ इंडिया की यह हालत हुई है।

You are not trusted. You are supposed to be fooling the people of Kashmir. You are supposed to be fooling the people of India also. फिर वह आगे कहते हैं।

> "All factions of the Huriyat want freedom from Indian security forces and a referendum on the future of Jammu and Kashmir."

This is what they want. Are you going to hold dialogue on this? Will it form the basis of your dialogue? Is it on the agenda? If yes, say: yes openly. If no, then say: no. इसमें आपकी जो महबूबा साहिबा हैं, जो पीडीपी और सरकार का हिस्सा भी रही हैं। वह कहती हैं -

> "The PDP which welcomed the PM's opening remark, however, reacted guardedly on the autonomy issue saying 'Kashmir is not a problem between the Centre and the State. It has both internal as well as external dimensions which have to be addressed. Devolution of powers can be a part of resolution but cannot be a resolution by itself because we need to sort out relations with the other side of the Kashmir."

क्या आप उसे बातचीत में शामिल करेंगे, क्या पाकिस्तान को बातचीत में शामिल करेंगे?

What is the external dimension? उन्होंने यह बात साफ कर दी that there is an external dimension. मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक्सटर्नल डायमैन्शन है। इस स्टोन पैल्टिंग के पीछे भी एक्सटर्नल डायमैन्शन है। There is an external dimension. How are you going to solve it? Do you agree that there is an external dimension? Then he further says:

> "Mirwaiz Omar Farooq and Mr. Abdul Ghani Bhatt rejected the autonomy offer saying it was no solution to the problem that is begging resolution for the past six decades. Autonomy is an arrangement between Delhi and Srinagar. Kashmir has tasted autonomy. The autonomy that swallowed the Prime Minister of Jammu and Kashmir body and soul together."

Therefore, this autonomy is meaningless, they say. The Chairman of the hard line faction of the Huriyat, Syed Abdul Gilani has said,

> "The PM has spoken many words about Kashmir but neglected the real issue. I want to make it clear that the jobs and economic packages cannot be substitute to the right to self-determination of Kashmir."

आप इकोनोमिक पैकेज देते जाइये और वे कहते हैं -

> "This is not substitute. What we want is freedom from India; freedom from the yoke of Indian Forces and the Government of India should not impose any set up in Jammu and Kashmir."

अगर यह बात है तो फिर आप बताइये कि आप कैसे इस प्राब्लम को सॉल्व करने जा रहे हैं? क्या आप डायलाग करेंगे, किस तरह से करेंगे, कब तक करेंगे, क्या अलगाववादियों को खुलकर खेलने देंगे? यह बुनियादी सवाल है, आप इसको देखें।

उपाध्यक्ष जी, मुझे याद आ रहा है कि कुछ दिनों पहले आर्मी चीफ ने एक बात कही थी कि हमने टाइम मिस कर दिया है, हमसे मौका चूक गया है। उन्होंने यह सही कहा था लेकिन बाद में यह जरूर कहा गया कि आर्मी चीफ को ऐसी बात नहीं कहनी चाहिये थी, पौलिटिकली बात नहीं बोलनी चाहिये थी। मैं समझता हूं कि उन्होंने सही बात कही थी। यह समस्या क्यों आयी, यह इसलिये आयी कि एक वक्त था, जब बहुत से आन्दोलनकारी शान्त थे, मिलिटैंसी मार्जिनलाइज्ड थी और बहुत सारे लोग डैमोक्रेटिक प्रोसैस में शामिल होने के लिये तैयार थे। एक वक्त था जब गिलानी साहब भी आपके डैमोक्रेटिक प्रोसैस में शामिल थे। मगर फिर क्या हो गया? यह आपकी नीतियों का ही नतीजा है। आप इस बात को समझ लें। अब ये

कहते हैं कि अगर ये सब लोग डैमोक्रेटिक प्रोसैस उस वक्त ले आते तो शायद आज के हालात पैदा नहीं होते। जैसा मैने कहा कि अप्रैल महीने से यह इंटैलीजैंस रिपोर्ट आ रही थी। गृह मंत्री जी को इसकी जानकारी होगी कि वहां कुछ बड़े अजीब-अजीब किस्म के लोकल लैवल पर एक्टिविस्ट्स खड़े हो गये थे। कुछ नये चेहरे, खासकर वैस्ट से आ रहे थे, Muslims from the Western countries. वे वहां आ रहे थे और लोगों से बातें हो रही थीं। यह हमें जानकारी है और गृह मंत्री जी को भी होगी। एक वक्त था जब बड़ी तादाद में मुजाहिदीन ने सरेंडर किया था। उनको यह वचन दिया गया था कि जब वे जेलों से बाहर आयेंगे तो उन्हें रीहैबिलिटेट किया़ जायेंगा। वे लोग 10-12-15 हजार की तादाद में थे। मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आपने उन्हें रीहैबिलिटेट नहीं किया। उन्हीं में से एक सज्जन ने बताया कि मैं तो इस चिन्ता में था कि हम किस तरह रीहैबिलिटेट होंगे लेकिन जब वह काम नहीं हुआ तो मेरे पास एक मेरी विधवा मां और छोटी बहन है, मुझे 5 हजार रुपये महीना सेपरेटिस्ट्स की तरफ से मिल रहा है और मैं उनके लिये स्पोक्सपरसन हूं। सरकार ने क्या किया, आपका रुपया कहां जा रहा है, कौन से डेवलेपमेंट आप कर रहे हैं, कौन सा इकोनोमिक पैकेज है? अगर वहां अंदर-अंदर 10 हजार लोग खड़े हैं, सुलग रहे हैं और कहते हैं कि हिन्दुस्तान की सरकार झूठी है तो गलत नहीं कहेंगे। आपकी नीतियां बिलकुल नाकारा साबित हुई हैं, आपका ध्यान कश्मीर की तरफ नहीं है। और आज वही लोग हैं जो स्टोन पैल्टिंग में लोगों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आपके पास इंटैलीजैंस की रिपोर्ट होगी। अगर नहीं है तो उसे जानने की कोशिश करिये। वे लोग अखबार में बयान दे रहे हैं कि हम वे लोग हैं, जो जिहाद को छोड़कर हिन्दुस्तान के साथ रहे लेकिन आप क्या कर रहे हैं? आप ऐसे एलीमेंट्स को भी साथ नहीं रख पाये हैं। आप जरा गौर से देखिये कि आपकी कोई पौलिसी, कोई नीति वहां सफल नहीं हुई है।

उपाध्यक्ष जी, स्टोन पैल्टिंग के बारे में कुछ लोग कहते हैं कि हिन्दुस्तान की सरकार ने यह नहीं किया, वह नहीं किया, इकोनोमिक पैकेज नहीं दिया। इसका नतीजा कश्मीर के बारे में और पाकिस्तान के साथ हुई वार्ताओं के नजरिये को देखकर हुआ है। अगर सरकार ने वे नीतियां न बदली होतीं जो एन.डी.ए. सरकार ने श्री वाजपेयी जी के नेतृत्व में चलायी थीं तो शायद ये हालात पैदा न होते। एन.डी.ए. सरकार ने इस बारे में स्पष्ट ऐलान किया था।

यह कहा था कि हम इंसानियत के दायरे में सारी बात करेंगे मगर आटोनॉमी और आजादी का सवाल नहीं है। डिवॉल्यूशन ऑफ पावर्स हो सकता है और वह भी इस आधार पर हो सकता है कि सारे देश के लिए सेंटर-स्टेट रिलेशनशिप का विचार किया जाये, उसे करने में हमें कोई आपत्ति नहीं है। हालात बदलते हैं, उसके मुताबिक केन्द्र और राज्यों के संबंध में समय के मुताबिक, आवश्यकताओं के मुताबिक कुछ न कुछ

फेरबदल हो सकता है, कुछ अधिकारों के अंदर आदान-प्रदान हो सकता है, लेकिन आप उस तरफ भी आगे नहीं बढ़े। हमारे प्रधानमंत्री जी ने पहले जाकर कह दिया कि पाकिस्तान भी आतंकवाद का विक्टिम है, फिर उसे ब्लूचिस्तान से जोड़ दिया और इतना ही नहीं जिन मुशर्रफ साहब से वाजपेयी जी की सरकार ने जो समझौता करवा लिया था कि उन्हें आतंकवाद समाप्त करना होगा और जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा तब तक बातचीत नहीं होगी, आपने यह कह दिया कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ चल सकते हैं। यह सवाल है, जिसमें आपने ये रास्ते खोल दिये हैं कि आतंकवाद चलता रह सकता है तो कश्मीर में भी चलता रह सकता है। आपने मुजाहिदीनों को आने की खुली छूट दी, आपने कश्मीर का वातावरण बिगाड़ने की खुली छूट दी। आप एक बात गौर कीजिये, जिसकी वजह से ये हालात पैदा हुए हैं। अमेरिका, अफगानिस्तान से निकलकर भागना चाहता है और इसमें उसे पाकिस्तान की मदद की जरूरत है। पाकिस्तान को उसने बेहिसाब मदद दी है, आर्थिक मदद दी है, सामरिक मदद दी है और पाकिस्तान भी अमेरिका से खेल खेलता रहता है। वह कभी चार तालिबानी पकड़ लेता है और कहता है कि अगर पाकिस्तान को रैडिक्लाइजेशन से रोकना है तो जरा मेरी मदद कीजिये और कश्मीर में मुझे कुछ दीजिये। कश्मीर में हिन्दुस्तान से कुछ छूट दिलवाइये। बार-बार इसी बारे में अमेरिका हम पर दवाब डालता है कि कुछ करो। हमें शक हो जाता है कि हमारी सरकार, प्रधानमंत्री जी आज यहां नहीं हैं, विदेश मंत्री जी यहां नहीं हैं, बार-बार इन मामलों में हाथ जोड़ने की नीति का अवलंबन करती है। यह गलत बात है। आप अमेरिका और पाकिस्तान के हितों के लिए भारत के हितों का बलिदान नहीं कर सकते हैं। अमेरिका, अफगानिस्तान में पिटता है या रहता है, यह सवाल उसका है, वह कभी वियतनाम में पिटा, कभी इराक में पिटा, अब अगर वह अफगानिस्तान में पिट रहा है तो उसे पिटने दीजिये। सवाल इस बात का है कि अगर वह वहां तालिबानियों के हाथ में अफगानिस्तान को छोड़कर चला गया तो पाकिस्तान पर भी तालिबानी कब्जा होने में देर नहीं लगेगी। अगर उस वक्त यहां यह सब ढ़ीलम-ढ़ाल रही, फौज भी हट गयी और लोगों के साथ भी आपके संबंध ऐसे रहे तो कश्मीर के भी आपके हाथ से निकल जाने के रास्ते खुल जायेंगे। 60 साल से लगातार कोशिश हो रही है कि कश्मीर और हिन्दुस्तान के संबंधों को ढ़ीला किया जाये। ढ़ीला करो, ढ़ीला करो और इतना ढ़ीला कर दो कि इसे तोड़ने में आसानी हो। यह वैस्टर्न ब्लॉक की नीति हम बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। उन्हें पाकिस्तान और कश्मीर की जरूरत अपने जियो पॉलिटिकल इंटरेस्ट और जियो स्ट्रैटिजिकल इंटरेस्ट के लिए है। उन्हें वहां से चीन पर निगाह रखनी है, उन्हें वहां से गल्फ कंट्रीज पर निगाह रखनी है, वहां से उन्हें हिन्दुस्तान पर निगाह रखनी है इसलिए वे वहां अपना अड्डा रखेंगे। अगर उन्हें पाकिस्तान की जरूरत है तो वह जरूरत उनके सामने प्रमुख है और हिन्दुस्तान उनके सामने गौण है। आपको यह भी देखना होगा कि आज पाकिस्तान के साथ चीन भी है। आप अकेले हैं। आप कैसे नीतियों

का अवलंबन कर रहे हैं कि जिससे आप अपने आप को आइसोलेट कर चुके हैं। दूसरी तरफ आप अपनी ताकत प्रदर्शन नहीं करते, आप अपनी हिम्मत का प्रदर्शन नहीं करते, अपने हौंसले का प्रदर्शन नहीं करते और वर्ष 1994 में किये गये इस सदन के प्रस्ताव को याद नहीं रखते, जिसमें हमने कहा था कि कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है और उसकी एक-एक इंच भूमि हमारी है। श्री नरसिंह राव जी के जमाने में वह प्रस्ताव हुआ था। आप उसे भूल जाते हैं। क्या आपके डायलॉग, आपकी बातचीत उस रास्ते पर है? मुझे तो नहीं लगता कि आप उस रास्ते पर बढ़ रहे हैं। क्या आप धारा 370 को घिसने की तरफ बढ़ रहे हैं या उसे और मजबूत करके हिन्दुस्तान में कश्मीर को एक अलग ढ़ीला-ढ़ाला राज्य बनाने की कोशिश में हैं? मैं आपको बता रहा हूं, आपसे निवेदन कर रहा हूं, आपको चेतावनी दे रहा हूं कि अगर आपने यहां आटोनॉमी की बात शुरू की तो नॉर्थ ईस्ट में क्या होगा? उस बात पर अच्छी तरह से गौर कर लीजिये। आपके लिए सिर्फ इसी सीमा पर संकट नहीं है, उत्तर-पूर्वांचल में भी आपके लिए संकट है।

वही संकट असम में आएगा, वही संकट सैवन सिस्टर स्टेट्स में आएगा। इसको सोच-समझकर करिये, हिम्मत दिखाइए, हौसले के साथ कहिये और इन लोगों से कहिये कि देखिये काश्मीर हिन्दुस्तान का अविभाज्य अंग है, ये दंगे बंद कीजिए। इसके लिए किसी प्रकार का मन में संकोच मत कीजिए। उसका तो शमन करना ही पड़ेगा ताकि जो वहाँ की असली मांगें हो सकती हैं, उन पर गौर किया जाएगा। मुझे एक और बात कहनी है। फारूख़ साहब सामने आ गए। कुछ साल पहले फ़ारूख़ साहब और गुल शाह के बीच में संघर्ष हुआ था। उस वक्त कश्मीर में जो हालात पैदा हुए थे, मैं काश्मीर का दौरा कर रहा था। मैंने यहाँ आकर पार्टी की तरफ से उसकी रिपोर्ट प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जी को दी थी। क्या हुआ था, वे जानते हैं इस बारे में, मैं उसे दोहराना नहीं चाहता। आज भी पीडीपी और नेशनल कॉनफ्रैन्स के बीच में सत्ता का संघर्ष है। पीडीपी बार-बार कोशिश करती है कि अगर उमर हटे तो हम घुसें। आप क्या करना चाहते हैं? आप सिर्फ पत्थरबाज़ी से चुनी हुई सरकार को हटाना चाहते हैं? यह कैसा रास्ता आप दिखाना चाहते हैं कि स्टोन पैल्टिंग हो जाए और चुनी हुई सरकारों को वापस कर दिया जाए? वह सरकार अच्छी है या बुरी है, वह एक अलग सवाल है। लेकिन डैमोक्रेटिक प्रिंसिपल्स से चुनी हुई सरकार के अंदर आंतरिक फेरबदल हो, लेजिस्लेटिव असैम्बली कुछ फेरबदल करे तो मंज़ूर हो सकता है लेकिन पत्थरबाज़ी से करें तो कोई भी राज्य ऐसा नहीं होगा जहाँ पत्थरबाज़ी के आधार पर सरकारें बदली न जा सकें। …(व्यवधान)…* वह तो अलग बात है। मुझे कहना नहीं चाहिए, लेकिन गृह मंत्री जी से मैं कहना चाहता हूँ कि अगर कोई मुख्य मंत्री यह कहे कि पत्थर लगने से तो जूता लगना अच्छा है, मुझे यह कहने में बड़ा अफसोस होगा कि वह मुख्य मंत्री या तो अपने ऊपर जूता लगवाना चाहते हैं और यह चाहते हैं कि उन पर दो-चार जूते और पड़ें

ताकि लोगों को बता सकें कि देखिये पत्थर की चोट से जूते की चोट कम गहरी होती है। वे अपने आप जूता खाएँ, लेकिन उन्हें हिन्दुस्तान की जनता को, इस देश की सरकार को, यहाँ तक कि सारी संसद को जूता खिलाने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। यह क्या तरीका है? क्या बातें कही जा रही हैं? उनको ज़रा समझाइए, बताइए कि किस तरह से काम करना चाहिए। जनता में जाएँ, मिलें, वह एक अलग बात है, वह उनका काम है कि वे मिलेंगे या नहीं मिलेंगे। लेकिन मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि इस पर गौर कीजिए और सोचिये कि काश्मीर अकेला संकट में नहीं है। उसके साथ सारा देश संकट में आता है। यह गहरा संकट है, यह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का संकट है, यह आपका घरेलू दब्बू नीति का संकट है, यह काश्मीर का इतिहास न समझने का संकट है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत की एकता और अखंडता को न समझने का संकट है।

यह संकट आप कैसे हल करेंगे? कोई रोडमैप आपके पास नहीं है। प्रधान मंत्री कहते हैं कि साठ साल से यह समस्या है, कॉम्प्लिकेटेड है। जी हाँ, किसने बनाई कॉम्प्लिकेटेड? हमने बनाई या बीएसपी वालों ने बनाई या सीपीएम वालों ने बनाई, किसने बनाई? यह काम्प्लिकेशन तो आपने पैदा किया है। अब आप हमसे कहते हैं कि रास्ते निकालिये। आप रास्ते निकालकर बताएँ। हम आपकी मदद करेंगे अगर रास्ते ठीक होंगे। हम मदद करेंगे आपकी उन तमाम कामों में जो काश्मीर का भारत के साथ मज़बूत संबंध रखेंगे। हम मदद करेंगे उन तमाम मामलों में जो भारत को विश्व की एक स्वाधीन सार्वभौम शक्ति के रूप में खड़ा करने के लिए आप लेंगे। हम मदद करेंगे उन तमाम नीतियों में जो आप किसी विदेशी दबाव से हटने के लिए और उसका जवाब देने के लिए करेंगे, लेकिन अगर आप विदेशी दबाव में झुकेंगे, अगर आप अलगाववाद के सामने समझौते करेंगे, अगर आप पत्थर खाने से सरकारों को बदलवाने देंगे, तो माफ़ कीजिए, यह देश आपका साथ नहीं देगा। यह देश आपका साथ देगा काश्मीर को भारत के साथ रखने के लिए, मज़बूती के साथ एक साथ रखने के लिए। अगर आपने सामान्य तौर पर इस तरफ कदम बढ़ाना है तो आप ज़रा धारा 370 के बारे में भी गहराई से विचार कीजिए। मगर बजाय वैसा करने के, मुझे आज अफ़सोस है कि संसद में एक सवाल ऐसा उठा जो आपके बयान से संबंधित था कि एक सैफरन टैररिज़्म है। मैं गृह मंत्री जी से बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूँ कि ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप प्लीज़ आप बैठिये। आपकी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

*(Interruptions) ...* *

---

* Not recorded.

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी (वाराणसी):** मैं बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूँ कि सैफरन हमारे राष्ट्रध्वज के ऊपर है। वह भारत का राष्ट्रध्वज जहाँ जाएगा, सैफरन उसके साथ जाएगा और वह देश और दुनिया में शांति फैलाएगा। वह टैररिज़्म का प्रतीक नहीं हो सकता। आपको शायद कांग्रेस पार्टी का इतिहास मालूम नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी ने एक कमेटी बनाई थी स्वाधीनता से पहले कि भारत के झंडे का रंग क्या होना चाहिए।

उसने सर्वसम्मति से यह राय दी थी कि एक रंग का झण्डा होना चाहिए और यदि कोई रंग हो सकता है तो वह सैफरन हो सकता है। यह सैफरन था, जिसने हिन्दुस्तान को सारी दुनिया का गुरू बनाया।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** यह सैफरन था, जिससे हमारे देश के महापुरूष, यहां के दार्शनिक, यहां के साधु-संत कोरिया में गए, चीन में गए, जापान में गए, इण्डोनेशिया में गए, सारे दक्षिण-एशिया में गए, सारे दक्षिण-पूर्व एशिया में गए और पश्चिम में गए।...(व्यवधान) यह सैफरन था, जिसने सारी दुनिया को शांति का संदेश दिया, सदभावना का संदेश दिया।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया शांत रहें। जब आपको मौका मिलेगा, तब आप बोलिएगा।

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी:** मैं आपको विनम्रता से याद दिलाना चाहता हूं बराए-मेहरबानी उसके साथ किसी प्रकार के ऐसे अपशब्द का प्रयोग न करें।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया शांत रहें। जब आपको मौका मिलेगा, तब आप बोलिएगा।

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** यह देश में भारी प्रतिक्रिया पैदा करेगा। मुझे कभी-कभी लगता है कि आप देश में प्रतिक्रिया पैदा कराना चाहते हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आज आपने कह दिया, आगे कहना बंद करें, वरना इस देश में भारी प्रतिक्रिया पैदा होगी। यह आपके कश्मीर के मामलों को सुलझाने में भी दिक्कतें पैदा करेगा।

उपध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे अपने विचार रखने का अवसर दिया और मैं आज सारे सदन से प्रार्थना करता हूं कि हम सब मिलकर कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग बनाए रखने के लिए पूरे रोड़मैप का निर्माण करें और ठोस कदम उठाएं।

**डॉ. गिरिजा व्यास (चित्तौड़गढ़):** उपाध्यक्ष महोदय, हम आज एक ऐसे विषय पर चर्चा करने जा रहे हैं, जिस पर सम्पूर्ण विश्व की निश्चित तौर पर निगाहें लगी हुई हैं। शांति की इस अपील में मैं सबसे पहले शाह फैज़ल को, जिसने कश्मीर से आईएएस में टाप किया है, उसे अपनी तरफ से, अपनी पार्टी की तरफ से, सम्पूर्ण संसद की तरफ से बधाई देना चाहूंगी। यह सदन चाहता है, यह देश चाहता है कि शाह फैज़ल जैसे लोग बार-बार आएं। कश्मीर की वे फिजाएं जो हमारे रेगिस्तान तक हवा पहुंचाती हैं, कश्मीर की वह डल झील जब हिलती है, तो लगता है कि कहीं से सागर हिलौरे लेते हुए शांति का पैगाम दे रहा है। मुझे याद है कि पिछले वर्ष जब परेड हो रही थी, उस समय उसकी अगुआ कश्मीर की महिला थी, मैं उसे भी अपना सलाम पेश करना चाहती हूं।

मैं कुछ कहने से पहले सदन से एक प्रश्न करना चाहूंगी, विशेषकर अपने पूर्ववक्ताओं से कि देश यह देख रहा था, हम भी चाहते थे कि कश्मीर के बारे में शीघ्र चर्चा हो, लेकिन जहां संसद की कार्यवाही दस बार बेवजह मुलतवी की जाए, लेकिन दूसरी तरफ आप देखें कि प्रधानमंत्री जी ने इसी दौर में लालकिले के प्राचीर से और कश्मीर में लद्दाख में जा कर अपनी बात को कहा और लोगों के जख्मों पर मरहम लगाया। मैं प्रधानमंत्री जी के द्वारा 15 अगस्त के भाषण को कोट करना चाहती हूं,

> "Kashmir is an integral part of India. Within this framework, we are willing to move forward in any talks which would increase the partnership of the common man in governance and also enhance their welfare. "

और फिर उन्होंने कहा था कि "The years of violence should now end. " और आज की बहस का मुद्दा भी निश्चित तौर पर यही है कि अब हिंसा की समाप्ति हो कर नए युग की शुरूआत होनी चाहिए। मैं मुरली मनोहर जी और गुरुदास दासगुप्त जी को कहना चाहती हूं कि आज यह विषय राजनीति का विषय नहीं है। आज यह विषय राजनीतिक दलों का या पूर्ववर्ती सरकारों पर उनके आक्षेप करने का नहीं, बल्कि आज सभी को मिलकर, जैसा डॉ. जोशी जी ने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा है कि हम सभी काम ऐसे कश्मीर के लिए करें, जिसमें शांति बहाल हो। हम लोग यहां एकत्रित होकर इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं।

लगभग दो डिकेट्स के बाद कश्मीर की पुरवाई में वह पुराना जोश आया था, शांति बहाल हुई थी, पुरवाई चलने लगी थी, गीत और संगीत फैलने लगे थे, कामगारों के हाथ अपने काम के लिए लगने लगे थे, युवा एक गति के साथ आगे बढ़ने लगे थे। यह बवंडर कहां से आया, हमें इस ओर निश्चित तौर पर सोचना होगा। हम चिन्तित हैं और इसीलिए यूपीए की सरकार का प्रयास हमेशा से यह रहा और उसके पूर्व कांग्रेस का भी यही प्रयास रहा कि वहां पर शांति की बहाली हो और विकास के कार्य भी हों। इसी वजह से वहां पर जो 94 हजार करोड़ रुपए दिए गए, वह इसलिए नहीं दिए गए कि वहां पर कोई खैरात बांटने का इरादा हो, बल्कि इसलिए दिए गए कि देश के उस मुकुट पर, जिसके लिए स्वयं डॉ. मुरली मनोहर जी ने कहा था कि यदि इस पृथ्वी पर कहीं पर स्वर्ग है तो वह केवल कश्मीर में है, यहीं पर है, यहीं है। उस कश्मीर की बदहाली को हटा कर उसे एक विकास की दिशा में, मैन स्ट्रीम में जोड़ने के लिए 94 हजार करोड़ रुपए विभिन्न सरकारों ने अलग-अलग समय पर दिए, जो देने आवश्यक भी थे।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यहां पर यह अर्ज करना चाहती हूं, चाहे स्व. श्री जवाहरलाल नेहरू जी से लें, अगर मैं पार्टी की बात करूं तो श्रीमती सोनिया गांधी जी तक, सरकारों की बात लें तो स्व. श्री जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर श्री मनमोहन जी तक एक मोहब्बत की डोर के साथ कश्मीर से बंधे हुए संबंध रहे हैं। हमेशा कश्मीर को विशेष तवज्जो दी और यह तवज्जो केवल दिमाग की तवज्जो नहीं है, क्योंकि दिमाग से बात करने का अलग ही ढंग होता है। मैं अभी कुछ दिन पहले कश्मीर में थी, मुझे वहां पर कुछ साथियों से मिलने का मौका मिला। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा, जिसे मैं आज सदन में दोहराना चाहती हूं कि विभिन्न राजनीतिक दल, जो केवल लिप सिम्पैथी देना चाहते हैं, उससे हम लोग अज़ीज आ गए हैं, घबरा गए हैं। हमें वह नहीं चाहिए। "तेरा शोक भी, तेरा ज़ोक भी, मेरे दर्दे दिल की दवा नहीं।" उस दर्दे दिल को ढूंढने का प्रयास जो सरकार ने किया है, उसे हम नहीं भूल सकते। सरकार का प्रयास रहा और प्रयास है, मैं अपनी बात को आगे बढ़ाने से पहले माननीय प्रधान मंत्री जी की अभी विजिट की बात और सरकार की बात भी कहना चाहती हूं कि निश्चित तौर पर कश्मीर में रिलीफ देना हमारा काम है, क्योंकि अभी कश्मीर और कश्मीर की घाटी एवं लद्दाख दो तरह की मार से अपने आप से जूझ रहे हैं। जहां एक तरफ लोगों का संघर्ष है, जहां विशेषकर युवा पीढ़ी सड़कों पर है, हाथ में पत्थर लेकर पाषाण युग की याद ताजा करने को आमदा है, वहीं पर प्रकृति भी अपना तांडव नृत्य दिखा रही है। उस समय जरूरत इस इस बात की है कि वहां पर रिलीफ और रिहेबिलिटेशन के कार्यक्रम पहले हों। इसलिए सरकार की प्राथमिकता इस बात को लेकर है और पूरा देश इस कठिन घड़ी में कश्मीर के साथ है। वहां पर जो हिंसा का तांडव है, उसके लिए हमें उसके कारणों की तरफ जाना होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यहां पर यह बात कहना चाहती हूं कि सरकार की अपील इस बात को लेकर है कि हमें नयी शुरुआत करनी चाहिए। मैं इस नयी शुरुआत की तरफ जोर देना चाहती हूं कि यदि हम पुराने परखचों, लिखी हुई पुरानी बातों को ही दोहराते रहेंगे तो हम नया रिजल्ट नहीं ला सकेंगे, क्योंकि अभी मुद्दा भी नया है और अर्थ भी नये हैं, इसलिए हमें एक नयी बिगनिंग के साथ अपनी बात की शुरुआत करनी होगी। इसके लिए यूपीए की सरकार ने जो प्रयास किए, वह निश्चित तौर पर इस तुल्य हैं। पाकिस्तान के साथ वार्ता का जिक्र किया, मैं यहां पर आरोप नहीं लगा रही, लेकिन यह देश भी जानता है कि वार्ता का फल तो मिलता है, लेकिन यदि केवल यूपीए पर यह आरोप लगाएं कि हमारी वार्ता का क्या आधार रहा तो हम भी यह कहने के लिए आज यहां पर स्वतंत्र हैं कि यदि वार्ता के बाद कारगिल का युद्ध हो सकता है, मेरे स्टेट से भी हजारों लोगों ने उस युद्ध में भाग लिया था, हमारे सैनिकों ने वहां पर शहादत दी थी। कारगिल कहां से होकर आया, इसलिए केवल यह कहना कि यूपीए की सरकार के संवाद संवादविहीनता की तरफ ले जा रहे हैं।

केवल एक दो लोगों को कोट करने से इस कार्रवाई की शुरूआत नहीं हो सकती। सरकार ने प्रयास किया कि पाकिस्तान के साथ कुछ टॉक हो और उनके साथ ट्रेड में भागीदारी हो। इसीलिए उनके साथ बस की सर्विस शुरू की गई, ताकि पाकिस्तान के लोगों के दो दिल, जो एक इधर छूट गया और दूसरा उधर छूट गया, उनमें सम्बन्ध स्थापित हो सके। राउण्ड टेबल कांफ्रेंस बहुत बार की गई। यह राउण्ड टेबल कांफ्रेंस वहां के उन लोगों के साथ भी की गई, जिन्हें अलगाववादी या दूसरे नामों से पुकारा जा रहा था, उन लोगों का भी आह्वान किया गया, क्योंकि संवाद ही एक रास्ता बचता है।

मैं यहां पर कहना चाहती हूं कि यदि संवादहीनता होती तो शायद हम भारत को आजाद नहीं करा सकते थे। गांधी जी की अहिंसा के सिद्धान्त के आधार पर हम अहिंसा को नहीं भूल सकते और हम संवाद को भी नहीं भूल सकते। संवाद से बड़े-बड़े मसले हल हो सकते हैं तो संवाद को भूलकर केवल राजनीति के धरातल पर और केवल राजनीति की मिट्टी पर खेती करना कहां तक उचित होगा? इसलिए मैं सदन से अपील करना चाहती हूं कि आज हम कश्मीर के उन लोगों से अपील करने को यहां पर खड़े हुए हैं कि वे भारत सरकार पर विश्वास करें कि उसने हमेशा उनका साथ दिया है और वह हमेशा उनका साथ देगी। हम कश्मीर में लोगों को निश्चित तौर पर शान्ति का एक चांस देना चाहते हैं और इसीलिए अपोर्चुनिटीज़, चाहे वे एम्पलायमेंट की हों, चाहे वे फिज़ीकल और ह्यूमन रिसोर्स इन्फ्रास्ट्रक्चर की हों, उस के लिए सरकार कोई भी कोताही नहीं बरत रही है।

यहां पर आजादी की बात की गई। मैं यहां पर अपने साथियों से और आप सभी लोगों से भी निवेदन करना चाहती हूं कि आज वहां का युवा एक विभ्रमित स्थिति में है और इसलिए न केवल सरकार का, अपितु सभी लोगों का दायित्व बनता है कि उसे विभ्रमित होती हुई स्थिति से बचायें। हमारी अपील है कि उन्हें सुनाना होगा कि आजादी का सही और सार्थक अर्थ क्या है। वे भारत का एक हिस्सा हैं। भारत ने जो आजादी प्राप्त की थी, उससे निश्चित तौर पर बहुत सारे लोगों के कार्यों और विकास को गति मिली है। सरकार की इसके लिए जिम्मेदारी है और सरकार अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है। यहां पर उन्हें बताना होगा कि वे आजाद मुल्क के हैं और आजादी के मायने आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक स्वतंत्रता और उन लोगों को समानता का अधिकार है। आज वे सारे अधिकार उन लोगों के पास हैं।

इस बात के लिए केन्द्र सरकार के दिए हुए पैसे का सदुपयोग भी बहुत आवश्यक है, इसलिए राज्य और केन्द्र सरकार पर भरोसा दिलाने के लिए हम लोगों की, सिविल सोसायटी की निश्चित तौर पर भागीदारी होनी चाहिए।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सिक्योरिटी वहां पर प्रैशर में है और उस प्रैशर में काम नहीं कर पा रही है। ऐसे हालात में हम अपील करते हैं कि स्टेट गवर्नमेंट इस कार्य को देखें, इंगित करे कि कहां पर गलती है, बताये और उसका हल निकालने का प्रयास करे। शान्ति बहाली के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो पैकेज दिये और विशेषकर पाकिस्तान आने-जाने का रास्ता खुला, ज्यादा संवाद की तरफ आज हम बढ़ रहे हैं, कमेटीज़ का निर्माण पहले हो चुका है और उन कमेटीज़ की मीटिंग जारी हैं। बिजनेस और टैक्नोलोजी को बढ़ावा देने के लिए नारायण युक्ति जैसे लोगों को लगाया गया है और रोजगार मुहैया कराने के अनेक साधन वहां पर जुटाने की कोशिश यह सरकार कर रही है। मैं इस बात को समझती हूं कि यू.पी.ए. की सरकार दिल और दिमाग दोनों के साथ कश्मीर के भी और कश्मीर की जनता के भी साथ है, लेकिन हम सरकार की ओर से अपील करना चाहते हैं कि वे भी पूर्ण रूप से शान्ति बहाली के लिए भरोसा करें, क्योंकि केन्द्र सरकार उनके पीछे है। शान्ति और विकास एक साथ चलेंगे और इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में जो कुछ यू.पी.ए. की सरकार कर रही है, उसके अच्छे नतीजे निकलेंगे। वहां के लोगों का विश्वास प्राप्त करने के लिए हमें उस दिशा में भी प्रयास करने होंगे। सत्ता संघर्ष की ओर ध्यान दे रही है, इस बात को कहना उचित नहीं होगा। राजनैतिक दलों ने भी हमारी अपील है कि वहां पर संवाद को कायम रखें।

कश्मीर के हित में आज देश खड़ा हुआ है और यूपीए की सरकार खड़ी हुयी है, यह मैसेज जाना चाहिए। यदि संसद से एक-दूसरे के ऊपर आरोप उछाल कर वार्ताओं के जरिए, हम यदि साम्प्रदायिकवाद को फैलाने की कोशिश करें, तो यह उचित नहीं होगा। हमारा मकसद जो कश्मीर में शांति बहाली करके उन युवाओं को एक रास्ता दिखाने की दिशा में ले जाना है, उस कार्य की पूर्ति कभी नहीं हो सकती। महोदय, मैं निवेदन करना चाहती हूं और प्राइम मिनस्टर साहब को कोट करना चाहती हूं। It says:

> "Today I wish to share with you my sense of hope for the people of Jammu and Kashmir that I have long nurtured.
>
> The State is only now emerging from the shadow of more than two decades of a deadly insurgency, which brought only death and devastation to the beautiful State. These were two lost decades in the history of Jammu & Kashmir's development."

आज जम्मू और कश्मीर पर धुंए के बादल जरूर छाये हुए हैं, लेकिन ये धुएं के बादल भी यहां से छटेंगे, इस बात में कोई संदेह नही है, क्योंकि जो अपोर्चुनिटी सरकार दे रही है, वह अपोर्चुनिटी आर्थिक विकास की अपोर्चुनिटी है। यहां यह कहना कि आर्थिक अपोर्चुनिटी का कोई फर्क नहीं पड़ा और यहां से केवल एक व्यक्ति को कोट करके यह कहना कि केंद्र सरकार के इतने पैसे देने के बावजूद आज भी वहां पर इकॉनामिक संवाद का कोई सब्स्टीट्यूट नहीं है, तो मैं समझती हूं कि यह कहना गलत होगा। कश्मीर की विजिट के बाद हमें लगेगा कि दो डेकेड तक लगातार पिछड़े होने के बावजूद, अब जब वह करवट लेने लगा है, रीवैलिडेशन का जमाना आया है, ऐसे हालात में जब धुंध के थोड़े बादल हों, तो उन बादल को छांटने का निराकरण हम लोगों को संवाद के जरिए ही ढूंढना होगा और उसका निराकरण करना होगा। वर्षों से वालर्स को झेलते हुए, युवाओं से हमारी अपील होगी, क्योंकि यहां पर विवाद करना, संवाद करना इस बात का प्रतीक है कि वे युवा जिनकी मातायें स्वयं आगे बढ़कर उनको पत्थर थमा रही हैं, वे इस बात को समझें कि युवाओं का काम एक प्रगतिशील कश्मीर के निर्माण का है, जो अल्टीमेटली देश के निर्माण में अपनी भागीदारी को निश्चित कर सकें। हम अहिंसा के पाठ को ऊपरी तौर पर नहीं पढ़ा सकते हैं। यहां पर सिविल सोसाइटी की आवश्यकता है और वह सोसाइटी आगे आए। हमारी अपील है कि चाहे वह किसी भी रूप में हो, यहां केंद्र सरकार कानूनन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि वहां आर्थिक विकास और संवाद हो, वहीं वहां की सिविल सोसाइटी और वहां की राज्य सरकार को भी इस बात को देखना होगा।

महोदय, मैं यह भी कहना चाहती हूं कि सरकार की बार-बार की कोशिशों के कारण ही यहां पर पीस का जो माहौल बना था, क्रास बार्डर टेररिज्म में कमी आयी थी, लेकिन लगता है और जो मैंने कहा कि जो हवायें श्रीनगर से गुजरकर मरूस्थल तक पहुंचती हैं, वहां कहीं न कहीं पीछे से हवाओं का एक दुष्प्रचार भी आ जाता है। क्रास बार्डर टेररिज्म की तरफ सरकार को और अच्छी तरह से ध्यान देना होगा। एक कान्फिडेन्स बिल्डिंग की आवश्यकता है, लोगों में भी और और सरकार में भी, लोगों में इस बात को लेकर कि भारत सरकार उनके हित में कार्य कर रही है और सरकार को इस बात को लेकर कि केंद्र सरकार उनके पीछे खड़ी हुयी है। प्रधानमंत्री जी का दौरा एक नए आश्वासन के साथ खुला हुआ था। मैं यहां यह अपील करना चाहूंगी और आगे आने वक्ताओ से भी, मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि मां का कर्तव्य अपने बेटे की बहबूदी के लिए होता है और आज वे इस बात को समझें। यहां कहीं न कहीं कोई गैप है, उसको भी समझने की आवश्यकता है। मैं यहां निवेदन करना चाहती हूं कि कश्मीर की महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों में भी कमी आनी चाहिए और वहां विकास कार्य दिखने चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार को अपने लिए नए तरीके ढूंढने होंगे, लेकिन इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि जब हम विकास के आयाम की तरफ बढ़ रहे हों, और उस समय अचानक से बवंडर आ जाए, तो पहला काम उस बवंडर को शांत करके फिर विकास की गति को बढ़ाना होगा। आज कश्मीर की सरकार यह कार्य कर रही है।

इसलिए उसके पीछे भारत सरकार की मंशा ही नहीं, भारत सरकार का पूरा आधार भी खड़ा हुआ है। राज्य और केन्द्र सरकार को कोसने से बेहतर है कि हम इस बात को सोचें कि युवा वर्ग जो भ्रमित हो रहा है, उसे भ्रमित होने से किस तरह रोका जाए, किस तरह आजादी के सही अर्थ को उन तक पहुंचाया जाए, किस तरह शाह फैज़ल जैसे लोगों को वहां और साधन मुहैया कराए जाएं, ताकि वे इस देश की मेनस्ट्रीम के साथ जुड़ सकें।

मैं यहां सबसे महत्वपूर्ण बात कहना चाहती हूं, जिसके लेकर सब गंभीर हैं कि वहां के पाठ्यक्रम से लेकर विभिन्न संवादों तक बच्चों को अहिंसा की शिक्षा देनी होगी। यह मालूम है कि कभी-कभी लोगों के साथ ज्यादतियां भी हुई हैं, लेकिन उन पर लीपा-पोती करने के बजाए हमें उन्हें ठीक करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए यूपीए सरकार का मस्तिष्क बिल्कुल खुला हुआ है। हमें कश्मीर पर गर्व है कि इतनी सारी मुश्किलों के बावजूद भी वह अडिग रूप से आज भी भारत के प्रहरी के रूप में खड़ा हुआ है और खड़ा रहेगा। इसलिए हम आशावादी हैं और उस आशा के साथ यह निवेदन कर सकते हैं कि बवंडर हटेगा, लेकिन उसके लिए संवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता। संवाद के तीन स्तर हैं। संवाद का पहला स्तर है, क्योंकि आज युवा पीढ़ी सामने आई हुई है, इसलिए युवा वर्ग के साथ संवाद भी आवश्यक है। संवाद पाकिस्तान के साथ भी आवश्यक है जिनकी दूषित हवा कभी-कभी आकर कश्मीर के लोगों के

मन को झकझोर डालती है और वे समझ नहीं पाते। संवाद वहां की सरकार, विशेषकर वहां के राजनैतिक दलों, जहां तक राजनैतिक दलों की बात है, मैं निवेदन करना चाहती हूं कि सत्ता संघर्ष की बात छोड़कर अभी केवल कश्मीर की बहबूदी के लिए वहां अहिंसा द्वारा फिर से शान्ति बहाली के लिए प्रयास करने की प्राथमिकता होनी चाहिए। जब शान्ति बहाल होगी, तब हम दूसरी बात कर सकेंगे। लेकिन यूपीए सरकार इस बात की जानकार है कि शान्ति बहाली के साथ-साथ यदि वहां विकास के कार्य नहीं किए गए, युवाओं को समय पर रोजगार नहीं दिया गया, रीहैबिलिटेशन नहीं दिया गया, तो कुछ नहीं होगा। जिस तरह विलंब हुआ, वहां आवश्यकता इस बात की है कि हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं है। लेकिन कथनी और करनी में थोड़ा सा गैप भी नहीं होना चाहिए। कार्य अभी और इसी वक्त पूरे होने चाहिए। यूपीए सरकार ने जहां देशभर के लिए भारत निर्माण का सपना देखा है, कश्मीर के लिए अलग पैकेज दिए हैं, क्योंकि जब तक भारत निर्माण, छोटे से छोटा गांव और कश्मीर घाटी के छोटे से छोटे हिस्से में भी यदि भारत निर्माण का सपना पूरा नहीं होगा, तो विकास के मायने आगे नहीं बढ़ सकेंगे। युवाओं के लिए सबसे कठिन समस्या रोजगार की है। जब जेब में पैसे बजते हैं, जब पेट में रोटी होती है, उस वक्त ए जर्रा हीरा है, उस वक्त ए शबनम मोती है। हमें इस बात को नहीं भूलना चाहिए। इसलिए सरकार रोजगार के साधन उपलब्ध करवाने के लिए वहां साइंस एंड टैक्नोलॉजी, विशेषकर टैक्नोलॉजी, टूरिज़्म, शिक्षा का नया हब बनाने का जो प्रयास कर रही है, उस प्रयास की यहां सराहना करनी होगी और यह कहना होगा कि उन प्रयासों द्वारा आगे बढ़ने का जो रास्ता प्रशस्त हो, उसमें हम सबकी भागीदारी है।

मैं यहां यही निवेदन कर सकती हूं कि कश्मीर की वादी से वे हवाएं फिर से आएं, वे फिज़ाएं फिर से दूर-दराज तक पहुंचें जिन फिज़ाओं के केवल स्पर्श मात्र से व्यक्ति स्फूर्ति से भर जाता है। वहां के झेलम और चिनाब में फिर वही लहरें उठें कि उन्हें देखकर मन प्रफुल्लित हो जाए। वहां की केसर की क्यारियां खिलती रहें। वहां के कामगारों के हाथ काम में लगे रहें। वहां हस्तकला और दूसरे काम की बहबूदी हो। जो कश्मीर पांडित्य में आगे था, आज भी एजुकेशनल क्षेत्र में आगे बढ़कर विश्व में सर्वोपरि स्थान पा सके और उस कश्मीर का जो थोड़े समय से भूला हुआ युवक है, अहिंसा द्वारा उसका रास्ता खोलकर, उसके दर्द को समझकर हम रास्ता खोलें, क्योंकि उसका दर्द भी वाजिब है, लेकिन उसे सही दिशा नहीं मिल रही है। उसे सही दिशा की आवश्यकता है। हमारी इंटैशन पर कोई डाउट नहीं कर सकता। भारत सरकार का इंटैशन हो, कांग्रेस की पुरानी सरकारों का इंटैंशन हो, कांग्रेस पार्टी के इंटैंशन में दिल भी है और दिमाग भी है।

कश्मीर की समस्या को हम केवल दिमाग से सॉल्व नहीं कर सकते, कश्मीर की समस्या के लिए दिल की संवेदना चाहिए, संवेदना का फर्क चाहिए जो उन लोगों के घाव पर मरहम लगा सके। जिन लोगों ने केवल हिंसा के तांड़व को इतने वर्षों तक देखा, उस तांड़व को समाप्त करने के लिए उनको जो प्रयास करने चाहिए, उस दिशा का निर्देश भी होना चाहिए। इसलिए आज का संवाद जिसे दस-बारह दिन पहले ही हो जाना चाहिए था, हालांकि उसमें विलंब हुआ, लेकिन फिर भी यह संवाद यहां पर जारी रहा। ये हवाएं और यहां की आवाज वहां तक पहुंचे, हमारी अपील उन माताओं तक पहुंचे कि तुम्हारे पुत्र, क्योंकि इस लड़ाई में कोई कुछ लेने वाला नहीं है, मरेगा तो आपका और हमारा बेटा मरेगा, क्योंकि जब भी हिंसा होती है, तब किसी औरत का सुहाग उजड़ता है। जब हिंसा होती है, तब उसकी गोद खाली होती है। जब हिंसा होती है, तो भाई के हाथ की कलाई में बंधी हुई राखी टूटती है। इसलिए मैं विशेषकर बहनों से अपील करना चाहती हूं कि इस युवा पीढ़ी को पत्थर थमाने की जगह उन्हें अहिंसा का सूत्र दीजिए। उनके हाथ में राखी दीजिए। उनके हाथ में एक नये भारत का, नये कश्मीर का सपना दीजिए। मैं राहुल गांधी जी की इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि उन्हें भारत के दूसरे हिस्सों की बात भी दिखाइये कि आज कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, मुम्बई कहां तक पहुंचा है। आज आर्थिक मंदता के बावजूद भी भारत की आर्थिक व्यवस्था की विकास दर नौ प्रतिशत से अधिक की स्थिति में पहुंची है। आज भी हम लोग विश्व को एक रास्ता दिखाने में कामयाब रहे हैं। आज भी हम लोग आसियान के भरोसे हों या यूरो के ऊपर हों, लेकिन भारत की तरफ आज अमेरिका तक की निगाह है। उनको यह बताने की आवश्यकता है कि आज ओबामा जी को यह कहना पड़ रहा है कि जब मन मोहन सिंह जी बोलते हैं, तो सारा विश्व बोलता है। आज अमेरिका तक हमारे युवाओं को लेकर पसोपेश में पड़ा हुआ है कि हमारे जैसे युवा वह कैसे पैदा करे। इसलिए आज जरूरत इस बात की है कि शाह फैज़ल जैसे युवा वहां पैदा हों और उसके लिए जरूरी है कि वहां की माताएं और मेरी युवाओं से अपील है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा दिल और दिमाग से उनके साथ रही है, उनके साथ रहेगी और आने वाले समय में उनसे एक अपील करेगी कि आप लोग पत्थर उठाकर अपने आपको लहूलुहान कर रहे हैं, तो आपका भाई, बेटा और पिता इससे घायल हो रहा है। इस घायल होने वाली स्थिति से आप बचें। कश्मीर सुरक्षित हो, कश्मीर विकास के लिए आगे बढ़े, कश्मीर के युवा शाह फैज़ल बन सकें और हमारे यहां पर परेड की सलामी लेती हुई महिला, जिसने पिछली बार कश्मीर का नेतृत्व नहीं भारत का नेतृत्व किया, उसका हाथ ऊपर अपने मस्तिष्क पर भारत के झंड़े को सलाम करता रहे, यही हमारी अपील है। हमारी यह भी अपील है कि आज हमें मरहम लगाने की जरूरत है। कश्मीर के लिए पूरा देश एकजुट होकर कश्मीर की इस मुसीबत की घड़ी में उनके साथ खड़ा हुआ है, इसलिए संवाद होने दीजिए। विकास के कार्यों को और आगाज़ दीजिए। वहां की सरकार, वहां के लोगों को और भरोसा दीजिए कि हम उनके साथ

हैं ताकि कश्मीर में खुशहाली रह सके। कश्मीर मे जो हिंसा का तांड़व है, वह समाप्त होकर अहिंसा की तरफ बढ़ सके, शांति की बहाली हो, विकास की ओर बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि हमारी संसद और सभी दल एकजुट होकर सम्वेद स्वर में कह सकें कि यही स्वर्ग है, यही स्वर्ग है। कश्मीर को फिर से स्वर्ग बनाने की आवश्यकता है और उसमें सबकी जरूरत है। इस अपील के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूं कि आज विश्व जिस तांड़व को देख रहा है, वह केवल निर्माण और संवाद से संभव है। यूपीए सरकार का भरोसा हमारे समस्त देश का भरोसा है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। अभी मैं आदरणीय जोशी जी और बहन गिरिजा व्यास जी को सुन रहा था। कुछ क्षणों के लिए ऐसा लग रहा था कि मानो हम कश्मीर की वादियों में हैं। यह बात सत्य है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जिसके लिए हमारे पूर्वजों से लेकर अब तक के नेताओं ने संघर्ष किया कि कश्मीर की एकता और अखंडता कैसे अक्षुण्य रहे।

कश्मीर कैसे विकास करे, इसके लिए तमाम प्रयास किए गए है। माननीय गृहमंत्री जी ने जो लिखित वक्तव्य सदन में दिया है, मैं उसको पढ़ रहा था। उसमें दर्शाया गया है कि 11 जून, 2010 से वहां कानून-व्यवस्था बिगड़ी है। देखा जाए तो केवल 11 जून, 2010 से ही नहीं, बल्कि उसके पहले भी वहां पर समय-समय पर ऐसी छिटपुट घटनाएं होती रही हैं, लेकिन इधर 11 जून, 2010 के बाद से जो घटनाएं घटी हैं, वह बहुत चिंता का विषय था और बहुत ही निंदनीय था। इस रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि वहां पर कानून-व्यवस्था ही नहीं, लोकशांति को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। मेरे साथी लाल सिंह जी यहां बैठे हैं, इन्होंने हम लोगों को जो बताया, जो बयां किया, मैं उस बात को यहां कहना नहीं चाहूंगा, लेकिन आप समझ लीजिए कि उससे बहुत दुख और कष्ट होता है। इस घटना के पहले हम लोग दो-तीन बार कश्मीर गए थे, वहां पर हमारे रिश्तेदार भी हैं। वहां बहुत आनन्द आता है। अभी आदरणीय गिरिजा व्यास जी जब कश्मीर की वादियों के बारे में बता रही थीं, तो कुछ क्षणों के लिए ऐसा लगा कि जैसे हम लोग कश्मीर में हों। वहां पर इस बीच हुई घटनाओं का अगर मूल्यांकन करें, वहां पर व्यापक पत्थरबाजी हुई है, वहां पर केवल जून, जुलाई और अगस्त के तीन महीनों में पत्थरबाजी की 872 घटनाएं हुई हैं। इन 872 घटनाओं ने कश्मीर की कानून-व्यवस्था को हिलाकर रख दिया। मुझे जहां तक जानकारी है, जो बहुत आथेंटिक जानकारी हैं, कि जो लोग पत्थरबाजी करते हैं, वे बच्चों और महिलाओं को ढाल बनाते हैं। इसके लिए बच्चों और महिलाओं को 500 रुपये प्रतिदिन पर लाकर वहां पत्थरबाजी कराई जाती है। वहां पर इस वक्त रोजगार के सभी संसाधन खत्म हो गए हैं, इसलिए 500 रुपये में वहां की महिलाओं और बच्चों को आगे करके, ढाल बनाकर पत्थरबाजी कराई जाती है और उसके पीछे तमाम आतंकी, उग्रवादियों का हाथ होता है जो सुरक्षाबलों के साथ बढ़-चढ़कर गोलाबारी करते हैं। हमारे सुरक्षाबलों की हमेशा यह कोशिश होती है कि बच्चों और महिलाओं को कोई नुकसान न हो, इसलिए पहले वे आंसू गैस छोड़ते हैं, उसके बाद प्लास्टिक की गोलियां चलाते हैं, फिर लाठी चार्ज करते हैं और जब सुरक्षाबलों पर उधर से गोलियां चलने लगती हैं, तब जाकर मजबूरन हमारे सुरक्षा बल के लोग गोली चलाते हैं। ऐसी घटनाओं में अब तक 63 सिविलियन मारे गए हैं और 30 जुलाई से अब तक 12 लोगों की मृत्यु हुई। हमारे सुरक्षा बलों के 1266 लोग गंभीर

रूप से घायल हुए हैं। इन तमाम घटनाओं में पब्लिक और गवर्नमेंट की प्रापर्टी को नुकसान होता है, खासकर पुलिस की गाड़ियां, पुलिस स्टेशन, स्कूल्स और कॉलेजेज को लक्ष्य बनाया जाता है जिससे बहुत बड़ा नुकसान होता है, अव्यवस्था होती है और तमाम नौजवान इससे प्रभावित होते हैं। यहां तक कि जब फोर्स वहां कुछ करती है, नेचुरल बात है कि अगर इस प्रकार की कोई घटना होती है, तो हमारी फोर्स मजबूरन कुछ बल का प्रयोग करती है। मैंने बहुत गंभीरता से जोशी जी और गिरिजा व्यास जी की बातों को सुना है, यह कोई स्थायी समाधान नहीं है कि अगर कोई ऐसी घटना हो, तो फोर्स वहां जाकर कुछ बल प्रयोग करे।

**14.00 hrs.**

हमें कोई राजनीतिक समाधान कश्मीर के लिए ढूंढ़ना पड़ेगा। आज इस सदन के सभी लोग चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के हों, इस बात को लेकर चिंतित हैं और इसीलिए इस विषय पर नियम 193 के तहत यहां पर बहस हो रही है। हम इस विषय पर चर्चा के लिए बहुत दिनों से मांग कर रहे थे और आज इस पर देर से ही सही, लेकिन चर्चा हो रही है।

जहां तक जम्मू-कश्मीर में कानून व्यवस्था का सवाल है तो प्रिंट मीडिया में और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इस बारे में काफी समाचार आते हैं। उन्हें सुनकर और देखकर काफी कष्ट होता है कि वहां पर कैसी स्थिति है। कश्मीर में कैसे शांति बहाल हो, वहां के लोग कैसे विकास करें, इसके लिए पूरा देश चिंतित है। हम इस विषय पर संसद के मानूसन सत्र के आखिरी दौर में चर्चा कर रहे हैं, क्योंकि इस सत्र का सत्रावसान निकट ही है। मैं सभी सदस्यों से अपील करना चाहूंगा कि हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कश्मीर में कैसे अमन और शांति बहाल हो, कैसे सुरक्षा बलों को भी इससे सुविधा हो, इस पर ध्यान देना चाहिए। हम चाहते हैं कि कश्मीर के लोगों को फिर से पहले वाला माहौल मिले, उसके लिए हमें आज के हालात पर विचार करके कोई समाधान निकालना चाहिए और उसे पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए।

जहां तक जम्मू-कश्मीर की स्थानीय सरकार का सवाल है, वहां सरकार बदलती रहती है और गठबंधन की सरकार चलती है। वहां का राज्य सरकार ने, जैसा कि इस रिपोर्ट में भी कहा गया है, अपनी तरफ से काफी प्रयास किया है और तमाम लोगों को बुलाकर बात की है। राज्य सरकार का जो रवैया होता है वह रिएक्टिव होता है और वह बहुत ज्यादा कुछ नहीं कर पाती। इसलिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार में समन्वय स्थापित करके वहां कोई ठोस कदम उठाना पड़ेगा। वहां की कानून व्यवस्था और शांति जो भंग हुई है, उसके कारण वहां के लोगों को काफी नुकसान भी उठाना पड़ा है। उसके साथ ही साथ देश के बाकी हिस्सों पर भी उसका प्रभाव पड़ा है। मैं जब कश्मीर गया था तो वहां सेबों के बाग में भी गया था। उन्हीं सेबों का मूल्य आज कितना है, यह इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मैंने आज 150-175

रुपए प्रति किलोग्राम से दिल्ली में खरीदे हैं। कश्मीर में पर्यटक काफी बड़ी तादाद में आते हैं। जब देश के अन्य हिस्सों से लोग अमरनाथ यात्रा के लिए वहां जाते हैं तो उन्हें भय और संकट की स्थिति का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में मैं यह अपील करना चाहूंगा राज्य सरकार से लेकर केन्द्र सरकार के प्रधान मंत्री जी, गृह मंत्री जी ने जो वार्ता का दौर शुरू किया है, वह चलना चाहिए और वहां शांति बहाली के लिए पूरी कोशिश की जानी चाहिए।

मैं तो अल्लाहताला से और ईश्वर से यही प्रार्थना करूंगा कि वहां जल्द से जल्द शांति बहाल हो और उस प्रदेश के लोग अमन और शांति से रहें। इसके साथ ही मैं कश्मीर के उन सिरफिरे लोगों से भी कहना चाहूंगा, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी हैं, कि वे इस बारे में सोचें और अपने परिवार की रक्षा करें। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे और वहां पर शांति बहाल हो। कश्मीर आर्थिक रूप से पर्यटन पर निर्भर हैं। वहां पर भारी तादाद में पर्यटक आते हैं, अगर वहां शांति व्यवस्था स्थापित हो जाती है तो फिर से पर्यटकों की भीड़ वहां आएगी और वहां के लोगों की आर्थिक स्थिति और जीवन स्तर में सुधार आएगा।

इस अपील के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

**श्री शरद यादव (मधेपुरा):** उपाध्यक्ष जी, आज इस सदन में गम्भीर सवाल पर बहस हो रही है। जब से यह बहस शुरू हुई है, मैं तब से यहां बैठा हुआ हूं। फारुख साहब आप बैठिए।

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (डॉ. फ़ारूख़ अब्दुल्ला):** मैं कहीं नहीं जा रहा हूं, यही बैठा हूं।

**श्री शरद यादव:** यह जो चर्चा है, उसका मकसद है कि कश्मीर की जो गम्भीर हालत है, उसका समाधान और रास्ता कैसे निकले। कश्मीर जब से हम आजाद हुए हैं, मैं 1947 का जिक्र करना चाहूंगा।

उपाध्यक्ष जी, 14 अगस्त की आधी रात को देश आजाद हुआ था। काश्मीर का सवाल कभी नहीं उलझता यदि देश का बंटवारा नहीं होता, लेकिन उलझ गया। आप जानते ही हैं कि 15 अगस्त को भारत आजाद हुआ और 27 अक्टूबर को यानी तीन महीने बाद, काश्मीर आजाद हुआ। शेख साहब आज हमारे बीच में नहीं हैं। काश्मीर का चेहरा शेख साहब के जमाने में कहां था और आज कहां है? उस समय, फारूख साहब की जो नेशनल कांफ्रेंस है उसका नाम मुस्लिम कांफ्रेंस नाम था और जिन्ना साहब देश के विभाजन के समय जब वहां गये, तो शेख साहब का नेतृत्व वहां की जनता पर था। वह सन् 1931 में अलीगढ़ विश्वविद्यालय से अपनी डिग्री लेकर गये थे। उनकी त्रासदी यह थी कि वहां डोगरा लोगों का राज था और वह अलीगढ़ से शिक्षा प्राप्त करके जम्मू-काश्मीर गये थे। ...(व्यवधान)

**श्री शरीफ़ुद्दीन शारिक (बारामुला):** यह डोगरा राज के खिलाफ नहीं था, शायद यह शख्सी-राज के खिलाफ था।

**श्री शरद यादव:** एक बहुत बड़ी किताब है जिसमें पत्र-व्यवहार है जिसके चलते नाश हुआ है यहां, मैं उसमें आज नहीं जाना चाहता हूं। भारत के साथ उनकी ममता और प्रेम का हिसाब यह है कि उन्होंने मुस्लिम कांफ्रेंस का नाम वर्ष 1938 में नेशनल कांफ्रेंस किया। स्वर्गीय जवाहर लाल जी के संपर्क और साथ का यह परिणाम था। मैं आपसे यही कहना चाहता हूं कि कहां से हम शुरू हुए थे। शेख साहब का यूएनओ में जो भाषण हुआ वह अदभुत है। वह सदन की बहस के लिए बहुत जरूरी है कि हम उसे समझें। विभाजन के समय मिस्टर जिन्ना काश्मीर में मुस्लिम लीग बनाने गये थे, शेख साहब की स्टेटमैनशिप ने उन्हें वापिस किया और कहा कि यहां तुम्हारी विभाजन की कारगुजारी चलने वाली नहीं है। वर्ष 1938 में शेख साहब ने यूएनओ में कहा कि " मैं जम्मू-काश्मीर के मामले में पाकिस्तान को पार्टी बनाने से इंकार करता हूं। हमने भारत के साथ काम करने का और साथ मरने का फैसला किया है। धार्मिक आधार पर राज कायम करने का कोई स्थान यहां नहीं है।" काश्मीर में आज जो हो रहा है, उसके पीछे के इतिहास पर भी हमारी नजर जानी चाहिए, उस तरफ झांकना चाहिए।

महोदय, मैं आपसे कहूं कि कश्मीर आज से नहीं, उस समय उस तरफ से भी जिस समय शेख साहब जैसा स्टेट्समैन था, तब भी ऐसा ही था। बचपन में मेरा घर कांग्रेसी था। शेख साहब का देश में बहुत सम्मान था। जवाहर लाल जी और उनके बीच जो प्रेम था, उसका देश में बहुत जिक्र था। हालात यह है कि जब देश का विभाजन हुआ, तो अकेला वाहिद, वाहिद, वाहिद अकेला सूबा था। देश भर में कत्लेआम मचा। कोई दस लाख कहता, कोई बीस लाख कहता, लोग इधर या उधर काटे गए, मारे गए। जम्मू में भी थोड़ा बहुत दंगा हुआ था, लेकिन अकेले घाटी थी, जिसमें बहुसंख्यक मुसलमान थे, लेकिन एक भी हिंदू और एक भी सिख को हाथ लगाने का काम नहीं हुआ। इसकी ताईद मैं नहीं कर रहा हूं, महात्मा जी ने अपनी प्रार्थना सभा में कहा। शेख मोहम्मद अबदुल्ला-ट्रैजिक हीरो ऑफ कश्मीर, यह किताब सभी को जरूर पढ़नी चाहिए। महात्मा जी ने अपनी प्रार्थना सभा में क्या कहा है? किसी देश के किसी नेता के लिए गांधी से ज्यादा मन से और तन से कोई घायल नहीं था। किसी के बारे में महात्मा जी ने इतनी बड़ी ट्रिब्यूट नहीं दी है। 29 दिसम्बर, 1947, two months after the State joined the Indian Union, मतलब जब कश्मीर मिल गया - It must be evident to the outsider as it is to me that Kashmir must be lost invaders, otherwise called the raiders, if Sheikh Abdullah sahib's efforts to hold together the Muslims and minorities fail. My sole hope and prayer is that Kashmir becomes the beacon of light in this benighted subcontinent. महात्मा जी ने अपनी प्रार्थना सभा में वर्ष 1949 में कहा कि मेरी कोई आशा, मैं कोई रोशनी देखता हूं, तो वह रोशनी कश्मीर से आती है। मैं यह नहीं मानता हूं कि हिन्दुस्तान में महात्मा जी से भी ज्यादा कोई सैक्यूलर आदमी1है। इतना बड़ा इंसान, जो हमेशा सच बोलते थे, वह कभी गलत नहीं बोल सकते थे। यह कैसे बिगड़ा? हमने उसे 20 साल तक जेल में रखा। कांग्रेस पार्टी के साथियों से कहना चाहता हूं, श्री जय प्रकाश जी और लाल बहादुर शास्त्री जो आज हमारे बीच में नहीं हैं। हजरत बल में से कुछ चुरा लिया था, उस समय श्री जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे, उन्होंने शास्त्री जी को वहां 8-10 दिन नहीं बैठाया, शास्त्री जी उनके बाद दो नंबर पर थे, दो नंबर का मतलब सैकेण्ड-इन-रैंक थे। उनको वहां बैठाया। उन्होंने उस समस्या का समाधान ही नहीं किया, बल्कि अपनी रिपोर्ट जवाहर लाल जी को दी, मैं उसे पढ़ना नहीं चाहूंगा, क्योंकि समय कम है, निश्चित तौर पर शेख अब्दुल्ला जी को जवाहर लाल जी और शास्त्री जी के प्रयास से उनकी रिपोर्ट के आधार पर फिर से मुख्यमंत्री बनाया।

1982 में जो चुनाव हुआ, वह चुनाव नहीं हुआ। ये जितने लोग हैं, सलाउद्दीन जो पाकिस्तान चला गया, वह जीता हुआ आदमी था।...(व्यवधान)

**डॉ. फ़ारूख़ अब्दुल्ला:** बात यह है कि जब मुकद्दस प्रोफैट का हेयर वापस भारत आया तो शेख साहब को प्राइम मिनिस्टर नहीं बनाया गया। वहां पर बख्शी साहब उस समय प्राइम मिनिस्टर थे। बख्शी साहब को निकालकर फिर शमशुद्दीन शाह तशरीफ लाए थे। वह सिर्फ 14 दिन रहे क्योंकि वह कंट्रोल नहीं कर सके। फिर सादिक साहब प्राइम मिनिस्टर बने जिन्होंने शेख साहब को रिलीज किया था।

**श्री शरद यादव :** उनको ज्यादा सही मालूम है। मेरी बात को सुधार दिया जाए। लेकिन मैं यह जानता हूं कि वहां शेख साहब के साथ वार्ता करके 20 साल के जेल के बाद रास्ता निकला था। 1982 का चुनाव हआ जिसमें आप भी थे। वह चुनाव कैसे हुआ है, यह केवल देश ही नहीं पूरी दुनिया जानती है। उस समय जितने लड़के कोई 1000 या कोई एक लाख कहता है, हजारों लड़के कश्मीर से पाकिस्तान चले गये और जो चुनाव में गड़बड़ी हुई, उससे उनका लोकतंत्र में विश्वास टूट गया।...(व्यवधान)

**डॉ फ़ारूख़ अब्दुल्ला:** वह गलत है। वहां कोई बात हुई थी, जिस पर मुझे बाद में डिसमिस कर दिया गया था। मगर यह 1987 का चुनाव था जिसमें हमारे पर यह आरोप है कि वह रिग्ड इलेक्शन था। चूंकि जो वहां हिजबुल मुजाहिद्दीन के पीओके में बैठे हुए हैं कि वे जीत रहे थे और हमने उनको हराया, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मेरे मिनिस्टर हार गये। ऐसा नहीं है कि मेरे मिनिस्टर नहीं हारे हैं। मेरे मिनिस्टर जो थे, वे हार गये। लेकिन इलेक्शन में कहीं पर गड़बड़ की हो तो हमारे पास इलेक्शन कमीशन के रास्ते हैं। आप उनको प्रूव कर सकते हैं, कह सकते हैं कि इसमें गलती हुई है, इसको देखें। मगर बंदूक उठाने का रास्ता ठीक नहीं है। क्या हिन्दुस्तान के इतिहास में बंदूक उठाने का रास्ता है कि अगर मैं इलेक्शन हार जाऊं तो क्या मुझे बंदूक उठानी है? कोई भी व्यक्ति चुनाव में धर्म को इस्तेमाल नही कर सकता। उन्होंने धर्म का इस्तेमाल किया। उन्होंने अल्लाह के बैनर लगाये। नबी करीम सल्लाहु अलेह वसल्लम के बैनर लगाये। सब्ज़ झंडे लगाये। अगर मैंने अपना लगाना है तो मैं अपना हल लगाऊंगा। कांग्रेस अपना हाथ लगाएगी लेकिन राम का नाम नहीं लगाएगी। इन्होंने इलेक्शन लड़ा मगर राम के पोस्टर नहीं लगाये।...(व्यवधान) इसलिए वे जो कहते हैं कि इस तरह से हुआ, उस तरह से हुआ। यह मेहरबानी इन लोगों की है जो ऊपर बैठे हुए हैं। जिन लोगों ने इतनी आग लगाई है कि मैं बयान नहीं कर सकता। अगर मैं दिल खोलकर आपके सामने रखूंगा तो यह सदन सुन नहीं सकेगा कि ये कैसी-कैसी आग लगाते हैं और कैसी-कैसी कहानियां बनाते हैं। मुझे याद है कि 1983 में कैसे इन लोगों ने कहानियां बनाईं। लिखा कि 300 घर जला दिये, 300 लोग मार दिये। बेबुनियाद खबरें। मुझे अफसोस इसी बात का है। हमारे मीडिया को ईमानदारी से सच्चाई पर चलना चाहिए। पैसे से ये लोग क्यों कहानियां लिखते हैं जो बेबुनियाद होती हैं?...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** जो मैंने एक बात कही थी, उसका फारुख साहब ने खंडन किया है कि उस समय जो चुनाव हुआ था, वह ठीक हुआ था। इसमें कोई शक नहीं कि मेरे से ज्यादा जानकारी उनको है। लेकिन यह भी सच है कि जे.एम.शाह को मुख्य मंत्री बनाया गया तो फिर आई.बी. ने क्या खेल किया है? आज़ाद साहब जानते होंगे कि कैसे बनाया है। वह तो कमाल आपका है।...(व्यवधान) मैं निवेदन कर रहा था जिस तरह से लोग कह रहे हैं कि जो यह समस्या है, यह बहुत बड़ी समस्या है। मैं मानता हूं कि बहुत गंभीर स्थिति है।

आजादी के बाद से ही कश्मीर का सवाल है, कठिन सवाल है। इस सवाल के बारे में महात्मा जी ने कहा था कि मुझे देश में कोई सेक्यूलरिज्म की आशा, इंसानियत की रोशनी कहीं दिखती है तो कश्मीर से दिखती है, कश्मीर घाटी से दिखती है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कश्मीर सिर्फ देश का हिस्सा नहीं है, कश्मीर में वादी और खूबसूरती भर ही नहीं है...(व्यवधान) कश्मीर में हिन्दुस्तान की सेक्यूलरिज्म का झंडा मजबूती से गढ़ा रहे, इसके लिए जरूरी है कि कश्मीर में जो हालात हैं, उन्हें बहाल ही न करें बल्कि सब तरह से देखें। मैं मुफ्ती साहब से इस सदन के जरिए से कहना चाहता हूं कि सरकार में मेरे साथ मंत्री थे, वे मामूली मंत्री नहीं थे, हिन्दुस्तान के पहले मुस्लिम होम मिनिस्टर थे। मैं यह भी कहूंगा कि गंगा के मैदान से इस देश का हार्ट लैंड से मुजफ्फरपुर और कटियार, दो जगह से चुनाव लड़ाया गया ...(व्यवधान) उन्होंने अभी जीत कर दिखाया है। अभी जो विधान सभा चुनाव हुए हैं, वे मुख्य मंत्री भी थे।...(व्यवधान) उन्होंने आजाद साहब के साथ सरकार चलाई है। पहले आजाद साहब उनके साथ थे और अब फारुख साहब के साथ हैं। आप एक चाल चलिए। आप इधर-उधर चाल चलते हैं उसने भी कश्मीर के सवाल को बिगाड़ा है। आप कभी इधर ताकते हैं कभी उधर ताकते हैं और ताकने झांकने में आप जानते हैं कि मामला सुधरता नहीं है। कभी-कभी मोहल्ला इकट्ठा होकर ताकने झांकने वाले का विरोध करने लगता है।

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद):** यह दिल्ली में आप लोगों से ही सीखा है।...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** आपकी बात सही हो सकती है लेकिन कश्मीर का मामला इतना नाजुक है लेकिन वहां भी ताकना झांकना होता है। सीधी बात है कि कश्मीर में आज जो हालात हैं, पहले भी खराब रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में इसका कारण कुछ वहां से भी है और कुछ यहां से भी है। दो हाथ के बगैर ताली कभी नहीं बजती है। मैं आपसे कहूं कि उस सवाल को हल करने के लिए पहले कितने लोगों का इस्तेमाल करते थे। आपकी सरकारें थी, कितने लोगों का इस्तेमाल करते थे। राजीव लोंगोवाल पैक्ट को करने में माननीय

राजीव जी ने कितने लोगों का इस्तेमाल किया। मैं आपको बताऊं कि चार बार तो मैं ही उनसे मिला था। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य, आप संक्षेप में बोलें तो अच्छा होगा। अभी बहुत से सदस्य बोलने वाले हैं। इस तरह से उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा क्योंकि मंत्री जी ने जवाब देना है। इसका ध्यान रखते हुए बोलें तो अच्छा होगा।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** मैं अपनी बात खत्म करता हूं। मैं बताना चाहता हूं कि पंजाब में हालात कश्मीर से भी खराब थे। वहां राजीव लोंगोवाल समझौता हुआ और समझौते के बाद चुनाव का रास्ता पकड़ा गया। मैं आपसे फिर कहता हूं कि कश्मीर में उबाल आता है, जैसे इतिहास का पहिया चक्कर मारता है वहां उसी तरह से उबाल आता है।...(व्यवधान)

**डॉ. रतन सिंह अजनाला (खडूर साहिब):** वह समझौता तो सिर ही नहीं चढ़ा था।...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** आप खड़े हो गए हैं, क्या आप उसके खिलाफ हैं?

**डॉ. रतन सिंह अजनाला :** जी, हां।

**श्री शरद यादव :** लेकिन रास्ता निकला। वह चुनाव से निकला, पंचायत और कार्पोरेशन के चुनाव हुए और फिर विधान सभा के चुनाव हुए। डॉक्टर साहब आपने उसमें शिरकत नहीं की। उसमें कांग्रेस और बीएसपी के लोगों ने शिरकत की थी।...(व्यवधान)

**डॉ. रतन सिंह अजनाला :** हमारे 25 उम्मीदवार मारे गए थे। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया बीच में टोकाटाकी मत कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** मैं 1985 का जिक्र कर रहा हूं, जब बादल साहब सेलम में बंद थे। तब मैं और चौधरी देवी लाल उनके पास गये थे कि वह चुनाव में हिस्सा लें। लेकिन वहां कारपोरेशन का चुनाव हुआ, विधान सभा का चुनाव हुआ। इसलिए फारूख साहब वहां चुनाव की प्रक्रिया बंद मत करिये। हिंदुस्तान के हिन्दू और मुसलमान में कोई फर्क नहीं है। जैसे ही आप चुनाव करेंगे, वैसे ही समाज के अंतर्विरोध खलबल-खलबल करेंगे। आपने वहां चुनाव नहीं किये हैं। पंजाब में जो परिस्थिति वापस हुई है, वह चुनाव से हुई है। पंजाब में ग्राम पंचायत के चुनाव हुए। जो लोग खालिस्तान चलाना चाहते थे, उन्होंने कहा कि कोई वोट डालने नहीं जायेगा। लेकिन वहां जो रामदसिया था, उन्होंने कहा कि तुम्हारी चौधराहट नहीं चलेगी। हम जरूर जायेंगे। इसलिए कश्मीर के सवाल पर मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि आपको हम सब लोगों का पूरा सहयोग है। बहुत लोग हमारी जान-पहचान के हैं, फारूख साहब से भी जान-पहचान है। लेकिन चर्चा नहीं हो पाई। यह फंसे रहते हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कश्मीर के सवाल पर हम इतिहास में नहीं जाना चाहते थे। आज मैंने केवल इतना ही बताया कि कश्मीर कहां खड़ा था, जहां हिंदुस्तान नहीं खड़ा था। जहां एक इंसान, एक आदमी ने उंगली नहीं उठाई, धक्का नहीं लगाया। जिस कश्मीर में लोग पहले कपड़े से लड़ते थे, हाथ नहीं उठाते थे, वह कश्मीर आज फिर से उबाल पर है। वहां फिर से खदबद है। मैं भारत सरकार की गलतियां नहीं निकाल सकता। आप पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रहे होंगे। लेकिन थोड़ा इधर-उधर के प्रयास को भी देखने का काम करिये। पं. जवाहर लाल नेहरू कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े नेता थे। उन्होंने जयप्रकाश जी का इस्तेमाल किया। मुफ्ती साहब यहां रहे हैं, हम लोगों के साथ उनका बहुत अंतरंग संबंध है। हमारे गठबंधन में कई बार फारूख साहब रहे हैं। वहां जो लोग अतिवाद की बात कर रहे हैं, उनमें दो गुट हैं। उन सबसे भी हम लोगों का रिश्ता है, बहुत से लोगों का रिश्ता है।

मैं अंत में कांग्रेस पार्टी के लोगों से कहूंगा कि आप प्रयास कर रहे हैं, उस पर मेरा कोई ऐतराज नहीं है, वह ठीक है। लेकिन आपके प्रयास में और दूसरे लोग, जिनका सरकार का, राज का और अर्थ का कोई स्वार्थ नहीं है, आप ऐसे लोगों का भी इस्तेमाल कीजिए, जो आपके पुरखों ने किया है। तब इस समस्या को हम चारों तरफ से घेरकर नहीं, प्यार से, मौहब्बत से हल करेंगे। मैं आपसे कहूं कि वहां का कोई इंसान, कोई नौजवान गोली से हलाक होता है, कोई जवान हलाक होता है तो बहुत दुख होता है। वे इस धरती, भारत मां के दोनों तरफ से बेटे हैं, जो आपस में लड़ रहे हैं, पत्थर और ईंट चला रहे हैं। इधर से गोलियां चल रही हैं, चाहे वे रबड़ की हों, चाहें असली हों, बात ठीक नहीं हैं, कश्मीर हमारी रूहों में हैं। जब

मैं इंजीनियरिंग कालेज में पढ़ता था तो मेरे साथ बहुत से कश्मीरी नौजवान पढ़ते थे। मैं आपसे कहूंगा कि वहां की तहजीब, वहां का खाना भी इतना लजीज है कि मैं उसका बयान नहीं कर सकता।

इसलिए अंत में मैं आपके माध्यम से होम मिनिस्टर साहब से निवेदन करूंगा कि यह बात आपके शरीर की सीमाओं के बाहर है, हाथ-पैर मारिये। मेरा विश्वास है कि वहां शांति बहाल होगी। वहां शांति एक बार नहीं, पहले भी कई बार बहाल हुई है, फिर से वहां शांति बहाल होगी। लेकिन जरूरत है कि आपकी सरकार वहां पूरी स्टेट्समैनशिप कैसे दिखाती है, आप कैसे रास्ता निकालते हैं और उसमें हम सब लोग आपके साथ हैं। आप आधी रात को भी कश्मीर के बारे में हम लोगों का इस्तेमाल करेंगे तो हम लोग पूरी तरह से आपकी सर्विस में हैं, आपकी सेवा में हैं। आप जैसा चाहें वैसा इस्तेमाल कर सकते हैं। कश्मीर हमारे हिंदुस्तान की एक ऐसी जगह है कि जिसके रहने के सिवा हमारा इकबाल नहीं बढ़ता, हमारी हैसियत नहीं बढ़ती, हमारा सेक्युलरिज्म का झंडा ऊपर नहीं होता। यही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**14.30 hrs.**

## MOTION RE : TWENTY-FIRST REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Sir, I beg to move:

> "That this House do agree with the Twenty-first Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the $26^{th}$ August, 2010."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

> "That this House do agree with the Twenty-first Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the $26^{th}$ August, 2010."

*The motion was adopted.*

---

**14.31 hrs.**

## DISCUSSION UNDER RULE 193
## Situation in Jammu and Kashmir – Contd.

**श्री दारा सिंह चौहान (घोसी):** उपाध्यक्ष जी, जम्मू कश्मीर की स्थिति के बारे में सुबह से हो रही चर्चा को मैं बड़े ही ध्यान से सुन रहा हूं। माननीय श्री शरद यादव जी ने अपनी बात रखी लेकिन मैं इस गम्भीर मामले की इतनी गहराई में नहीं जाना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष जी, जिस तरीके से चर्चा का शुभारम्भ हुआ और जिस तरीके से दोनों तरफ से टोका-टाकी का माहौल बना, उससे इस समस्या के समाधान के लिये हाऊस की ओर जो लोग ले जाना चाहते थे, निश्चित रूप से उसे धक्का लगा होगा। आज देश की सर्वोच्च संस्था में कश्मीर की समस्या के समाधान के लिये चर्चा करने का अवसर है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि दुनिया ही नहीं बल्कि अपने देश और खासकर कश्मीर में बैठे हुये जो नौजवान हैं, बुजुर्ग हैं, महिलायें हैं, माता-बहनें हैं, वे इसका एक एक शब्द बड़े ध्यान से सुन रहे होंगे। वे सोच रहे होंगे कि इस देश की सर्वोच्च संस्था संसद इस समस्या के प्रति कितनी गम्भीर है और कैसे इस समस्या का समाधान करना चाहती है? बार-बार यह सवाल उठा है और कहा गया कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, इसमें कोई शंका नहीं है। हम लोग बचपन में पढ़ते थे और जब भारत का नक्शा बनाया जाता था तो सब से पहले नक्शे की शुरुआत हम लोग कश्मीर से करते थे, वहीं से शुरुआत होती थी, नीचे से नहीं बल्कि ऊपर से होती थी। हम साफ कहना चाहते हैं कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। हमारी पार्टी का मानना है कि इस समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिये। जिस तरह से निरंतर यह समस्या चली आ रही है, उसका क्या कारण है? बिना कारण के इस समस्या का समाधान कोई नहीं ढूंढ सकता है। अगर वहां की जनता का असहयोगात्मक रवैया है तो इसका क्या कारण है? अगर सरकार इस मसले पर गम्भीर है तो उसे गम्भीरता से इस समस्या पर विचार करना चाहिये। मैं समझता हूं कि एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से इस समस्या का समाधान नहीं है बल्कि जिस प्रदेश के लोगों की पीड़ा के बारे में हम चर्चा करना चाहते हैं,

उन्हें तकलीफ पहुंचेगी। इसलिए मैं चाहता हूं कि बिना किसी आरोप के इस सदन को एकमत होकर इस पर विचार करने की जरूरत है। मैं समझता हूं कि सरकार की तरफ से बराबर प्रयास हुए हैं, लेकिन क्यों नहीं सर्वदलीय, सारे दलों के लोग मिलकर इस पर चर्चा करें। मैं समझता हूं कि शायद सरकार के अकेले वाहावाही लूटने के चक्कर में इस समस्या का समाधान न हो पाये। सब लोग जिम्मेदारी महसूस करते हैं, कश्मीर के लोगों को लेकर सबके मन में पीड़ा है...(व्यवधान) तो मैं समझता हूं कि सर्वदलीय नेताओं को बैठकर चर्चा करने की जरूरत है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** कृपया शांत रहें। उन्हें बोलने दें।

…(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** हम लोग चर्चा करते हैं कि वहां के लोगों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है। यह हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम भी उनके साथ दिल से, दिमाग से जब तक नहीं जुड़ेंगे निश्चित रूप से तब तक वे देश की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पायेंगे। यह मेरा विचार है।

महोदय, एक बार मैं सेंट्रल हॉल में था, वहां से एक पत्रकार ने फोन किया और वहां की पीड़ा की चर्चा की। निश्चित रूप से मैं समझता हूं कि अगर हाउस के लोग उस बात को सुनते तो वे सारे भेद-भाव को भुलाकर एक-साथ बैठकर कश्मीर की समस्या पर मुतमइन होकर, एकाग्रचित होकर समस्या के समाधान का प्रयास करते। केवल वहां के विकास का सवाल नहीं है, विकास तो देश की सरकार बराबर करती आ रही है। हमने कक्षा छह या सात में पढ़ा है कि अगर कहीं स्वर्ग है तो वह कश्मीर में है। उसे देखने के लिए, वहां जाने के लिए लोग लालायित रहते हैं। मुझे भी कमेटी के टूर पर वहां जाने का एक-आध बार मौका मिला है। केवल वहां के विकास का सवाल नहीं है, वहां तो प्राकृतिक रूप से ऊपर वाले ने सब कुछ दिया है। हमें वहां कुछ अलग से करने की जरूरत है। आज वहां पर बेरोजगारी है और बेरोजगारी के चलते लोगों के अंदर विद्रोह की भावना है। जो लोग परेशान हैं, हम उनकी बेरोजगारी को दूर करने के लिए क्या करने जा रहे हैं? हम एक लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उस लक्ष्य को निर्धारित करना पड़ेगा। केवल पार्लियामेंट में चर्चा कर देने मात्र से ही नहीं, उनके मान-सम्मान, इज्जत के साथ उन्हें रोजी-रोटी के साथ जोड़ने की जरूरत है। आज नक्सलवाद की जो समस्या पूरे देश में है, उसके पनपने का कारण किसी से छिपा नहीं है। मैं चाहता हूं कि हमें भी उनकी पीड़ा में साथ रहकर उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरे सदन को एकमत से एक बिन्दु पर, एक लक्ष्य पर पहुंचना चाहिए। तब जाकर हम उस समस्या के समाधान के बारे में सोच सकते हैं। आज लोग कहते हैं कि कश्मीर के लोगों को मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए। इसके लिए हमारी भी जिम्मेदारी है। केवल उनके यहां रात बिताने से नहीं, बल्कि उनकी घाटी में भी जाकर रहना चाहिए। मैं यह आरोप किसी पार्टी पर नहीं लगा रहा हूं। यह सारे दलों, सारी पार्टियों की जिम्मेदारी है कि उनके साथ कंधा से कंधा से मिलाकर रहें और सरकार की जिम्मेदारी है कि केवल उनके विकास के लिए पैकेज देने मात्र से ही काम चलने वाला नहीं है। हमें उनकी बेरोजगारी के मसले के स्थायी समाधान के लिए कारगर कदम उठाने की जरूरत है। जब तक हम उन बेरोजगार नौजवानों की बेरोजगारी का स्थायी हल नहीं निकाल पायेंगे तो निश्चित रूप से हमें उस मुकाम तक पहुंचने में मुश्किल होगी। मैं समझता हूं कि यह मेरा अपनी पार्टी की तरफ से सुझाव है।

मेरा अपनी पार्टी की तरफ से सुझाव है कि हमें आपस में भाईचारा पैदा करके वहाँ की बुनियादी समस्या को दूर करने के लिए विकास करना चाहिए, चूँकि विकास बहुत ज़रूरी है। दुनिया के नक्शे में काश्मीर का जो मान-सम्मान है, वहाँ के नौजवान हमारे कंधे से कंधा मिलाकर चलें, वहाँ की बेरोज़गारी के लिए केन्द्र सरकार को स्थायी रूप से हल निकालने की ज़रूरत है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

**डॉ. मिर्ज़ा महबूब बेग(अनंतनाग):** ऑनरेबल डिप्टी स्पीकर साहब, आज जो इश्यू इस फोरम के सामने है, हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी अदालत के सामने है, उसमें मैं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी जम्मू कश्मीर नेशनल कॉनफ्रैन्स की तरफ से अपना केस रखूँगा। जैसे सुषमा जी ने कहा था कि मुझे उम्मीद है कि पूरा सदन और पूरा ऐवान सुनेगा और हम क्या चाहते हैं और कश्मीर में क्या दुख और तकलीफ़ है, मुझे उम्मीद है कि आप गौर से सुनेंगे।

जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी ने यह कहकर कि जम्मू-कश्मीर को अगर हम ऑटोनॉमी देंगे तो मैं इस बारे में आपको बता दूँ कि जम्मू-कश्मीर का मसला पोलिटिकल इश्यू है और इसको पोलिटिकली एड्रैस किया जाना चाहिए। यह सही बात है कि इंप्लायमैंट भी एक बड़ा इश्यू है और वहाँ स्टेट गवर्नमैंट के अलावा कोई ऑप्शन नहीं है अनइंप्लायमैंट को दूर करने का। मगर बेसिकली यह एक पोलिटिकल इश्यू है जिसको पोलिटिकली एड्रैस करना है। जब हम इसको नॉर्थ ईस्ट से, पंजाब से और बाकी स्टेट्स से कंपेयर करते हैं तो आप मुझे माफ़ कीजिएगा, फिर आप कश्मीर के हिस्टॉरिकल पर्सपैक्टिव को या तो समझते नहीं या इंटैन्शनली उसको समझने की कोशिश नहीं करते। अभी शरद यादव जी कह रहे थे, वे कश्मीर के सबसे टॉलैस्ट और अनडिस्प्यूटेड लीडर शेख अब्दुल्ला की बात कर रहे थे। शायद डॉ. मुरली मनोहर जोसी जी भूल जाते हैं जब वे बात करते हैं, यह पीजेपी नहीं थी, यह कोई पार्टी नहीं थी, यह हमारी पार्टी थी नेशनल कान्फ्रैन्स जिसका लीडर मोहम्मद शेख अब्दुल्ला था। जब पूरे बरसगीर में, पूरे सबकॉन्टिनैन्ट में लोग मज़हब के नाम पर सोचते थे, मज़हब के नाम पर फैसले करते थे, मगर जैसे शरद यादव जी ने कहा, शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के बनाने वाले को जिसको कायदे-आज़म मोहम्मद अली जिन्ना कहते हैं, उसको भगा दिया और हिन्दुस्तान की सैक्यूलर डैमोक्रेसी के साथ इस देश के साथ हाथ मिलाया।

मैं बताना चाहता हूँ कि जब आप कश्मीर को कंपेयर करते हैं बाकी रियासतों के साथ, जब जम्मू-कश्मीर का इलहाक़ हुआ, जम्मू-कश्मीर का एक्सैशन हुआ, जब जम्मू-कश्मीर यूनियन का हिस्सा बना तो उसके लिए बाज़ाफ़्ता नैगोसियेशन हुई गवर्नमैंट ऑफ इंडिया के साथ, बाज़ाफ्ता बातचीत हुई, फ्यूचर में जम्मू कश्मीर की क्या रिलेशनशिप होगी बाकी देश के साथ, इसका बाज़ाफ्ता एक डॉक्यूमैंट बना। जब यह एक्सैशन हुआ तो फुली ऑटोनॉमस जम्मू कश्मीर का एक्सैशन हुआ बाकी देश के साथ। इस संसद में बैठा कोई ऑनरेबल मैम्बर बताए कि और भी कोई रियासत है जहाँ इन बुनियादों पर एक्सैशन हुआ है? डैफिनेटली और कोई रियासत नहीं है जिसका एक्सैशन इस तरीके से हुआ है।

**श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सिक्किम है।

**डॉ. मिर्ज़ा महबूब बेग:** मेहरबानी करके आप मेरी बात सुन लीजिए। मुझे बता दीजिए जम्मू कश्मीर लेजिस्लेटिव असैम्बली जिसमें जम्मू के रिप्रेजैन्टेटिव्स थे, जिसमें कश्मीर के इलेक्टेड रिप्रजैन्टेटिव्स थे, सैपरेटिस्ट्स नहीं थे, कोई सैसेशनिस्ट्स नहीं थे, जम्मू-कश्मीर के इलेक्टेड रिप्रजैन्टेटिव्स थे - जम्मू से थे, कश्मीर से थे, लद्दाख से थे, उन्होंने यूनैनिमस रिसॉल्यूशन पास किया कि जम्मू कश्मीर को ऑटोनामी देनी नहीं है, ऑटोनामी रिस्टोर करनी है। आज कश्मीरी मुझसे पूछता है, आज कश्मीरी मुझसे सवाल करता है। आप लोग यहाँ बातें करते हैं मगर मुझे कश्मीर जाना है, मुझे उन्होंने वोट दिये हैं, मुझे अपने घर जाना है।

आज वह मुझे पूछते हैं कि आपने हिन्दुस्तान के साथ इलहाक किया तो जिन शर्तों पर किया था, फुल्ली एटोनामस कश्मीर ने इलहाक किया था, आज वह एटोनॉमी कहां है। जब मैं वहां जाता हूं तो मुझे कश्मीर का रहने वाला पूछता है, मेरे भाइयो आप सुन लीजिए, वह कहते हैं कि जिस जम्मू-कश्मीर लैजेस्लैटिव असैम्बली की आप बात करते हैं, उस जम्मू-कश्मीर लैजेस्लैटिव असैम्बली के रैज्योलूशन को भारत सरकार ने कैसे दस दिन में फेंक दिया। मुझे इन बातों का सामना करना पड़ता है। मुझे इन बातों का जवाब देना पड़ता है। कश्मीर रियासत जो कि मुस्लिम मैजोरिटी राज्य है, उसने आंखें खोलकर यह फैसला किया था कि वह गांधी, नेहरू और मौलाना अब्दुल कलाम आजाद के हिन्दुस्तान के साथ रहेगा और हमेशा रहेगा। लेकिन बदले में उसे क्या मिला? मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं। मैं आपको धोखे में नहीं रखना चाहता हूं। जब तक आप इस राजनीतिक मसले का हल, राजनीतिक रूप से नहीं करोगे, मुझे एक माननीय सदस्य बताए कि यदि आपकी असैम्बली की करारदाद को इस तरह से रिजैक्ट किया जाए तो आप कैसा फील करेंगे? मुझे जम्मू-कश्मीर में जवाब देना है। मुझे बड़ा दुख हुआ, मैंने अपने साथियों की तकरीरें सुनीं, बड़ी खुशी हुई, लेकिन वहां से यह बात आयी कि इनको जूते दो, यह सैपरैटिस्ट हैं। मैं कहता हूं, हम कहां जाएं? शायद इसी के लिए एक शायर ने कहा था- न खुदा ही मिला, न वसाले सनम। न यहां का रहा, न वहां का रहा। आप मुझे पाकिस्तानी समझते हैं और वहां मेरी कब्र महफूज नहीं है। वहां सब मुझे हिन्दुस्तानी समझते हैं। मैं जाऊं तो किधर जाऊं, आप मेरा फैसला कर लीजिए। आप इसका मुकाबला अन्य रियासतों के साथ मत कीजिए। भारत सरकार नागा रिबैल से बात करती है। भारत सरकार देश में ही नहीं, देश से बाहर डिग्निटी से उनसे बातचीत करती है और जब उनको एटोनॉमी दी जाती है, जैसा कि प्रिंट मीडिया में आया, उन्होंने एटोनॉमी रिजैक्ट की, फिर भी उनसे बातचीत होती है। क्या वजह है? मुझे वापस कश्मीर जाना है। क्या वजह है, जब कश्मीर में यह बात होती है तो उनसे भी इज्जत और अख्सार बुलंद करके बातचीत नहीं की जाती है। जब तक यह नहीं होगा, हम लाख यहां तकरीरें करें, बातें करें, कश्मीर का मसला सियासी तौर पर जब तक हल नहीं होगा, जहां तक मेरी पार्टी का सवाल है, मेरी पार्टी की

कमिटमेंट और कनविक्शन की बात है, जिन बुनियादों पर हम इस देश का हिस्सा बने हैं, उन बुनियादों को वापस लौटाना होगा, तब तक बहुत मुश्किल है। मेरी पार्टी कमिटमेंट और कनविक्शन से खड़ी है, लेकिन आप वहां मुझे सहूलियत देना चाहते हैं, आराम देना चाहते हैं, अगर मेरी बात, मेरी फिलोसफी, मेरी कमिटमेंट और सर-बुलंद करके बात करना चाहते हैं, तो आपको यह एड्रेस करना होगा, इसके अलावा दूसरा कोई हल नहीं है।

महोदय, किस रियासत में यह होता है? जम्मू-कश्मीर रियासत में सबसे ज्यादा वाटर रिसोर्सिज हैं। वाटर रिर्सोसिज़ पर यदि हमारा सेल्फ कंट्रोल होता तो जम्मू-कश्मीर के लोग न सिर्फ सेल्फ सफिशयंट होते, इसके अलावा हम देश की बाकी रियासतों को भी दे सकते थे, लेकिन इंडस वॉटर ट्रीटी के तहत हमारा अपना पानी पर कंट्रोल नहीं है और वह सारा पानी पाकिस्तान को जाता है, जिसको आप हमारा हमदर्द समझते हैं और वह हमदर्द चुपचाप हमारा पानी इस्तेमाल करता है। इस वक्त क्या है? इस वक्त पूरा जम्मू-कश्मीर अंधेर नगरी बनी हुई है, रोशनी की एक किरण नहीं है। हम नहीं कहते हैं कि उस इंटरनैशनल ट्रीटी को स्क्रैप करें, लेकिन उस इंटरनेशनल ट्रीटी के तहत जम्मू-कश्मीर का जो नुकसान हुआ, क्या यह भारत सरकार का फर्ज नहीं है कि हैवी कम्पनसेशन जम्मू-कश्मीर रियासत को दी जाए, क्योंकि अपना पानी होने के बावजूद उस पर उनका कोई कंट्रोल नहीं है। पंजाब का पानी भारत सरकार ने अपने पास रखा है, लेकिन जम्मू-कश्मीर का सारा पानी जो हमारी सबसे बड़ी ताकत था, उसको पाकिस्तान के हवाले कर दिया। यदि हम कम्पनसैशन चाहते हैं तो यह क्या सैपरैटिस्ट की बात हुई। हम कुछ नहीं चाहते हैं। मैं प्रधानमंत्री जी की बहुत इज्जत करता हूं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि हम कश्मीर की एलीनेशन को दूर करेंगे। आप देख लीजिए, इसका कितना अच्छा इम्प्रैशन वहां रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में जो प्रॉब्लम है, उसको एड्रैस करेंगे, देख लीजिए, उसका कितना अच्छा इम्प्रैशन है। उन्होंने कहा कि हम एटोनॉमी पर बात करेंगे यदि यह संविधान के तहत आया। हम बात करेंगे, यदि कन्सैंशस हुआ।

इस पर जो ट्रस्ट डेफिसिट है, कश्मीरी और रेस्ट ऑफ द कंट्री बढ़ता जाता है, क्योंकि यह बिल्कुल गेंबिट ऑफ द कांस्टीट्यूशन में है। प्राइम मिनिस्टर इस बात से इग्नौर नहीं कर सकते हैं, क्योंकि ये बिल्कुल इंडियन कांस्टीट्यूशन में ऑटोनोमी है, एक लफ्ज़ भी आटोनोमी का इंडियन कांस्टीट्यूशन से बाहर नहीं है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** कृपया समाप्त करें।

**डॉ. मिर्ज़ा महबूब बेग:** उपाध्यक्ष महोदय, मैं समाप्त कर रहा हूं। हमारी कमेटियां बनीं, हमारे प्राइम मिनिस्टर, डॉ. मनमोहन सिंह जी ने कमेटियां बनाईं, जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस ने वे कमेटियां नहीं बनाईं। प्राइम

मिनिस्टर, डॉ. मनमोहन सिंह जी ने कमेटियां बनाईं, उन्होंने रिकोमेंडेशंस दी, लेकिन आज तक उन रिकोमेंडेशंस को इम्प्लीमेंट नहीं किया गया। हमसे कश्मीरी पूछ रहा है, वे कहते हैं कि अगर आपके प्राइम मिनिस्टर ने खुद कमेटियां बनाईं, उन्होंने रिकोमेंडेशंस दीं तो वे रिकोमेंडेशंस इम्प्लीमेंट क्यों नहीं हो रही हैं। इससे जो ट्रस्ट डेफिसिट है, वह बढ़ता जा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कुछ बातें इनके नोटिस में लाना चाहता हूं। एक कमेटी ने कहा कि 390 मेगावाट ड्यूलहस्ती हाइडल पावर प्रोजैक्ट एनएचपीसी से स्टेट गवर्नमेंट को ट्रांसफर किया जाए। ये कौन सी खतरनाक बात है? इसका इम्प्लीमेंटेशन नहीं हुआ। इससे ट्रस्ट डेफिसिट बढ़ता जाता है। अगर ये कमेटी बनी, उसने कहा कि इसे वापस स्टेट गवर्नमेंट को ट्रांसफर करो और यह ट्रांसफर नहीं होता है, हम कहते हैं कि इसे ट्रांसफर करो, ये आपकी कमेटी की रिकोमेंडेशंस हैं, ये कैसे सेपरेट इश्यु है? मैं आपसे ये इकोनोमिक फ्रंट पर कह रहा हूं। राजारंगन कमेटी फिर से बनी, तीन बार ऑलरेडी इस कमेटी ने जो रिकोमेंडेशंस दी, जो टास्क फोर्स बना कि उन्हें इम्प्लीमेंट करो, आज तक वे रिकोमेंडेशंस इम्प्लीमेंट नहीं हुईं। मैं जानना चाहता हूं कि अगर ये सिचुएशन हो, इस तरह से कश्मीर हैंडल हो तो मुझे माफ कीजिए, हम यहां पर कितने भी डिसकशन, डिबेट करें, मेरे एक साथी ने कहा कि वहां पर जो यूथ है, उन्हें पैसे देकर पेल्टिंग की जाती है, ये दुनिया के किस कोने में होता है। एक मां के लिए अपना बेटा ही सब कुछ होता है। अगर हम इस तरह से इन चीजों को दफन करें, इन पर बात न करें, इन्हें इग्नौर करें तो फिर दुनिया की कोई ताकत कश्मीर को इधर नहीं रख सकती है। कोई मां अपने बेटे के हाथ में पत्थर नहीं देती है, यह एक पोलिटीकल इश्यु है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय:** कृपया समाप्त करें।

**डॉ. मिर्ज़ा महबूब बेग:** इसे पोलिटीकली एड्रेस करना पड़ेगा और जब तक यह एड्रेस नहीं होगा, बदकिस्मती से एलिनेशन बढ़ती जाएगी, दूर नहीं होगी।

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would thank you very much for giving me this opportunity to speak on the situation in Jammu and Kashmir.

Sir, we discuss a very serious issue as well as a very sensitive issue. We discuss this issue after 63 years of our Independence. At the very outset, I pay my hearty condolence to the victims who lost their lives in the Valley and also condemn the atrocities. After 1947, there were various ups and downs in the political situation of Jammu and Kashmir. The most serious situation that we witnessed was in 1963-64. The agitation went on for about one month even in the chilling cold and people were fully in the midst of the road. There was a huge agitation. The situation prevailing now in Jammu and Kashmir is more serious. So, we have to take this issue in such a way that we find a way out to it.

Today, we have the privilege to discuss this issue in this House. There are two eminent ex-Chief Ministers of Jammu and Kashmir who are sitting near our Home Minister. Of course, their experience may be sought to solve this issue.

The situation has worsened for the last two to three months. About 60 persons have lost their lives. I think it started on 11th June. The 17 year-old Tufail Mattoo was fatally hit by the teargas shell. In the first week of August, 49 civilians had died. Today, we see the report in the newspapers that two more persons died just because of police torture and other issues. We have never seen such a fierce political uncertainty in the Valley. Thousands of protesters come on the street and they are also forcing the police and the CRPF to retreat.

They set on fire Police Stations, other Government buildings and shops. We have never seen this kind of serious situation. The Government has to bear in mind that the new generation is slowly getting alienated from the mainstream. Why is it so? In the report made by the Home Minister, it is stated that there is stone pelting from the side of the young children and also that this stone pelting should not be met by bullets. Of course, it is true that tear gas and lathicharge were used. But at the same time, the Home Minister's statement itself says that there were about 890

stone pelting incidents in the Valley in the last four months. Why is the young generation getting alienated from the mainstream? This has to be looked into very seriously. This is not merely a law and order situation which we are seeing in Jammu and Kashmir. The Government should bear in mind that the new generation has lost faith in the State Administration. This is one of the main reasons for the recent violence and the Government has to seriously look into it.

There were elections to the State Assembly in Jammu and Kashmir about 1 ½ years ago. Then, there were Lok Sabha elections in May, 2009. At that time, a good number of people have gone to the polling booths and the outcome was very good. This is a good message that the Government has to take into consideration. Both the State Government and the Central Government have failed to utilise this message of the people of the Kashmir Valley to strengthen the democratic forces there. That is the main issue which we have to analyse now. A large number of people have gone to the polling booths to cast their votes and they have elected their Government. Even then, after 1 ½ years, thousands of people are going to the streets, shouting slogans and pelting stones at the CRPF personnel and the State Police force. I do not blame any Government for this. But at the same time, the Government of Jammu and Kashmir and the Government of India have to use these sentiments of the people of Jammu and Kashmir because they are ready to have an elected Government. On this ground, there is a failure on the part of the Government of Jammu and Kashmir and also the Central Government.

Sir, when there was a Round Table Conference about two years ago, our Prime Minister participated in that and all political parties had also participated in that Round Table Conference. It was a good beginning. The Prime Minister has given an assurance that a 'Zero Tolerance' policy would be followed against violations of human rights in the Kashmir Valley. It was accepted by all. I do not know whether I am right or wrong, but no action has been taken on that front even when there were violations of human rights in the Kashmir Valley.

Now, when the situation in Jammu and Kashmir worsened, there was an All Party Meeting, but some political parties have not participated in that meeting. Even then it is a step taken in the right direction. But at the same time, cases of violations of human rights have to be taken very seriously. There was a good beginning made at the time of the last election as far as the Government is concerned. But after two or three months, I think, the situation has changed because some unfortunate incidents have taken place as stated by Comrade Gurudas Dasgupta. Two youngsters have died and some allegations have been made. It is true that it is not possible to change the situation only by imposing curfew and also with the help of the police forces. So, the need of the hour is to start a dialogue with all the sections of the State of Jammu and Kashmir, irrespective of whether they have representations in the State Assembly or not. We have to gain the confidence of the people in the Kashmir Valley. That is the major issue to be considered by the Government of Jammu and Kashmir and also the Central Government.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude.

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): The Government has to think whether we have to give more powers to the State of Jammu and Kashmir and also see whether there are other issues which have to be taken into consideration. This should be part of the political process.

**15.00 hrs.**

The Government should realise the facts that the huge alienation especially from the young generation is seen. So what we need is to evolve a credible mechanism of dialogue with all sections.

Maintenance of law and order situation in the Valley is important especially when there are secessionist forces and intervention of Pakistan in some issues is also there. So, the Government has to take steps, I do not disagree with that. But at the same time, the most important thing is to gain the confidence of the people.

So, the Government has to take administrative as well as political steps. With these two steps, I think, we can go forward.

Just blaming the Central Government will not help. The Government has taken a number of steps, a huge amount has already been sent to the State of Jammu & Kashmir. At the same time, the local administration has failed to utilise that amount. I do not know whether I am correct or not, but it is true that we do not know whether this amount has really reached the hands of the people. So, these issues are really exploited by others. So, we have to take some good initiatives.

I do say that this august House should give a strong message to the people of the Valley that we are with them. They should come with democratic process. They should come with the mainstream of the Indian nation. That is the only way. They should give up violence. The youth and other people should join with them. Then only we can take this issue in a more positive manner.

Sir, with these words, I would like to give one more suggestion that whatever we can do, we have to make it possible; and whether it is possible or not, but an all-Party delegation of the Parliament should go to the Valley. That also would get a channel to have interaction with the people that they can understand that this Parliament is the utmost place where we can discuss all those issues. So, such steps can be taken.

With these words, I conclude.

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): Sir, thank you for giving me this opportunity. We are all non-Kashmiris, but yet everybody is concerned about the country and therefore, we are all willing and very keen on finding out what is wrong with this nation.

Sir, I have noticed one thing that whenever there is a Congress-NC Alliance, whether it was in 1987 when the former Chief Minister said that the media had alleged that the elections were rigged; immediately two years later, in 1989, the trouble arose and there was so much problem that everybody thought that Kashmir would break-away from the Union.

**15.03 hrs** **(Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)**

Similarly, in 2008, after the fresh elections, today we sit here in this House in August 2010, exactly two years later, again we are faced with the same problem. So, whether it is NC-Congress Alliance that is the creating the problem or not, it has to be delved into and looked into very deeply.

Sir, it is not the question of politics, we all have to look into history and learn from history and not dwell and keep repeating history or what happened in which year in this House and not come up with some tangible solution. Just talking, each Party getting some time and you shutting us up is not the solution to find what has to be done to this country.

**श्री शरद यादव :** सभापति महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि बिहार कहां और किस जगह पहुंच गया है, जिस बख्तियार खिलज़ी ने नालंदा को तबाह एवं बर्बाद किया था, उसका कैम्प बख्तियारपुर में था। बख्तियारपुर में आज जो चीफ मिनिस्टर हैं, वे वहीं पैदा हुए और वहीं उनका लालन-पालन हुआ। इतिहास में कैसे इतिहास चक्र होता है कि जिस जगह पर तबाह करने वाले ने कैम्प किया था, उसी जगह के व्यक्ति ने फिर से उसे रिवाइव करने का काम किया।

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** सभापति महोदय, आज बिहार के बारे में नेगेटिव चर्चा नहीं होती। अभी बिहार के चुनाव आने वाले हैं, वहां जो भी टूरिस्ट जाते हैं, वे वहां कुछ न कुछ बोल कर, बिहार का अपमान करके आते हैं, लेकिन उससे हमारा बिहारी स्वाभिमान ही बढ़ता है। आज बिहार की प्रतिव्यक्ति आय बढ़ी है। बिहार में ताकत है कि हमने नालंदा विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर का खड़ा हो, इसके लिए योजना में हमारा जो खर्च था, लोग मखौल उड़ाते थे। हमारी जो 4900 करोड़ की योजना थी, आज वह बढ़ कर 16 हजार करोड़, 20 हजार करोड़ का बजट बिहार का पहुंचा है। राज्य की स्थिति जहां 2005-06 में 3471 थी, वह आज आठ हजार करोड़ से आगे है, लेकिन बिहार में हमें और भी अपेक्षा है। नालंदा विश्वविद्यालय के गठन में, फिर से पुनर्निर्माण में केन्द्र मदद कर रहा है, इससे हम इंकार नहीं कर रहे हैं, इसके लिए हम आपका शुक्रियाअदा करते हैं। लेकिन हमारी अपेक्षा आपसे बहुत ज्यादा है।

मेरा सौभाग्य है कि मैं बिहारी हूं, मुझे गर्व है कि मैं बिहारी हूं। ...(व्यवधान) बिहारी होना कोई जुल्म नहीं है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : There are three Members to speak. Be brief. Otherwise, they will not get a chance to speak. You may continue now.

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** सभापति महोदय, हमें अपने लीडर की तरफ से बोलने के लिए कहा गया है और केवल मैं ही बोल रहा हूं। बिहार के नाम से इतनी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमें इस बात का गर्व है, ...(व्यवधान) मैं अच्छी बात कह रहा था, आप धीरज से मेरी बात को सुनें। आप ज्यादा रोकिए मत, बिहार में कभी आपका भी राज रहा है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, do not disturb the House. Please maintain decorum in the House.

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** सभापति महोदय, हमने कहा कि हमें इस बात पर गर्व है, बिहार राज्य है और भारत का एक अभिन्न राज्य है। बिहारी कहने में, हमने कोई एंटी नेशनल नहीं कहा, जो किसी को एतराज हो रहा है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे यहां ही नालंदा है, मैं जहां से सांसद हूं, हमारे यहां ही विक्रमशिला है। नालंदा हमारे यहां है, उसके लिए युनिवर्सिटी बन रही है, उसका मैं बहुत स्वागत करता हूं। हमारे यहां विक्रमशिला है, जहां अभी सौ एकड़ में खुदाई हुई है। विक्रमशिला भी बालवंश के समय से स्थापित है। विक्रमशिला की खुदाई हुई थी। भागवत झा आजाद साहब के जमाने में, हमारे मित्र कीर्ति आजाद साहब यहां बैठे हैं, इनके पिता जी मुख्य मंत्री थे, वे भागलपुर के सांसद थे। उनके प्रयास से वहां पर खुदाई हुई, 4600 अवशेष मिले थे। 16 एकड़ जमीन का अभिग्रहण हुआ, बीस साल पहले अभिग्रहण किया गया। विक्रमशिला कैंपस में खुदाई होगी तो हमारे मित्र निशिकांत दुबे जी के घर तक पहुंच जाएगी।

विक्रमशिला को देखने के लिए बहुत से लोग आते हैं, मैं खुद माननीय प्रधान मंत्री जी से मिला था, मैं उनका आभारी हूं। मैं उनसे जब मिला तो उन्होंने आर्कलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के डीजी को वहां पहली बार भागलपुर भेजा, उन्होंने विक्रमशिला में विजिट किया, लेकिन वह भी बहुत दिनों से उपेक्षित है।
उसकी उपेक्षा हो रही है। मैं इस बात को इससे इसलिए जोड़ रहा हूं कि आज हम इतिहास रच रहे हैं, यह डिबेट बहुत बड़ी है, यह बिल बहुत बड़ा है, आप इसकी गम्भीरता को समझिए। आज लोग ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज की बात करते हैं, अंग्रेजी बोलने वालों के लिए तो ऑक्सफोर्ड बड़ा आदर्श हो सकता है, लेकिन हमारे लिए नालन्दा फिर से पुनर्स्थापित हो रहा है, इससे बढ़कर कोई बात इस देश के लिए इतिहास में हो नहीं सकती है। ...(व्यवधान) सभापति जी, आप ऐसी सख्ती हम पर न करें। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** Please address the Chair.

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** आगे से मैं आपको ही देखूंगा।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से यह विषय सदन के सामने लाना चाहता हूं कि नालन्दा तो उस ऊंचाई पर पहूंचे, यह हमारे लिए गर्व की बात है, लेकिन विक्रमशिला विश्वविद्यालय को भी फिर से जागृत किया जाये, फिर से सरकार उस पर विचार करे, यह मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। सिर्फ रैफरेंस के तौर पर ये बातें मैंने आपसे कही थीं।

जहां इस बिल में इस बात की चिन्ता की गई है कि इस पर जो अध्ययन होगा, वह नालन्दा के इस विश्वविद्यालय के गठन के बाद बौद्ध मत का, दर्शनशास्त्र का, ऐतिहासिक अध्ययन होगा, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध और शान्ति अध्ययन होगा, लोकनीति विकास अध्ययनों की तुलना होगी, भाषा-साहित्य पर बात होगी और मैं जानता हूं कि पूरी दुनिया के लोग इसमें लगेंगे। खासकर इस बारे में थाईलैंड और पूर्वी एशिया के देशों में जो सम्मेलन हुआ था तो बहुत से देश इस काम में लगे हैं। इसमें कुलाधिपति होंगे, कुलपति होंगे, विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि होंगे, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि होंगे, बिहार सरकार के दो प्रतिनिधि होंगे और तीन प्रख्यात शिक्षाविद् होंगे, लेकिन यह संस्था भी बहुत महत्वपूर्ण है, जैसा अन्य विश्वविद्यालयों में है, मैंने खुद अपने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अन्दर दो सांसद भेजे, मैं भी उसमें हूं तो इतनी बड़ी संसद, जो यह बिल पास कर रही है, इसके भी दो प्रतिनिधि इसमें जरूर होने चाहिए, यह हमारा सुझाव है।

मैं आपके जरिये सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि हमारा बिहार तरक्की कर रहा है। राजनीति जब भी होगी, जब चुनाव होंगे तो अपनी-अपनी राजनीति के भेष में आइये, लड़िये, जीतिए-हारिए, लेकिन आपको बिहार की चिन्ता जरी सी करनी पड़ेगी।...(व्यवधान) मैंने पहले जीतना बोला, आपने बाद में

बोला, आपका चांस नहीं है। लेकिन आज बिहार के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। बिहार में आधिकारिक निजी निवेश के लिए हमने विशेष राज्य का दर्जा मांगा, वह नहीं मिल रहा। हमें बाढ़ का पैसा नहीं मिल रहा, हमने राष्ट्रीय उच्च-पथ करीब 1657 किलोमीटर अपने पैसे से बनाई और 969 करोड़ रुपया केन्द्र सरकार लेकर बैठी है, हमें दे नहीं रही, ताकि हम बदनाम हो जायें, लेकिन हम भी इनकी चालाकी समझते थे, इसलिए हमने राज्य सरकार के फंड से उस रोड की रिपेयर की है। अगर कोई किरायेदार किसी मकान में रहे और उसको पेंट करा ले तो मकान मालिक को उसका पैसा देना चाहिए, लेकिन केन्द्र सरकार की रोड है, वह उसका पैसा हमें नहीं दे रही।

हमने राज्य की सड़कें अच्छी कर लीं, कानून का राज स्थापित कर लिया, बिहार के अन्दर आज हम लोगों ने जब कहा कि आप बिजली के अन्दर कोल लिंकेज दीजिए, क्योंकि बिजली का संकट है तो हम नालन्दा विश्वविद्यालय तो बना लेंगे, लेकिन अगर हम बिजली नहीं देंगे तो हम लोगों को क्या जवाब देंगे। अगर आप चाहते हैं कि बिहार की वह संस्था देश का संस्थान माना जाये, भारत का चिन्ह माना जाये, भारत का प्रतिबिम्ब माना जाये तो आपको बिहार को भी चमकाना पड़ेगा।

बिहार के ऊपर इल्जाम तो बहुत लगते हैं, लेकिन मैं आपके जरिये एक अनुरोध करना चाहता हूं कि हम लोगों की आज जिस तरह से सपोर्ट, केन्द्र की मदद वहां पर घटाई गई है, हम लोगों ने कहा था कि अभी बाढ़ आई, मैं खुद कोसी का रहने वाला हूं, शरद जी कोसी के सांसद हैं, वहां बाढ़ आई, लेकिन एक रुपया केन्द्र सरकार ने हम लोगों को नहीं दिया। एक हजार करोड़ रुपया दिया, वह भी कोई फौजी गये, कोई और गये, उसमें काट लिया।

अभी बिहार में सूखा पड़ा है। उसका एक रूपया भी हम लोगों को नहीं मिल रहा है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, please do not go beyond the purview of Nalanda University Bill.

... (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** सभापति महोदय, इसी सदन में कौन कहां-कहां जाता है ...(व्यवधान) और जब मैं बिहार का दर्द रखूं, तो आप ऐसा कह रहे हैं। हमें चेयर से आपका प्रोटेक्शन चाहिए। यहां शोर हो रहा है और आप भी मदद नहीं करेंगे, तो कैसे होगा? हम बिहार का दर्द रख रहे हैं। ...(व्यवधान) अगर बिहार के अंदर नालंदा विश्वविद्यालय बनेगा तो बिहार में बिजली चाहिए या नहीं। उस इलाके में पूरी दुनिया से लोग आएंगे। बिहार के अंदर पहले करीब 94 हजार टूरिस्ट आते थे। आज बिहार में टूरिस्ट्स की संख्या बढ़कर 4 लाख 23 हजार हो गयी है। वहां पूरी दुनिया से लोग आ रहे हैं। मैं यह आंकड़ा दे रहा हूं, आथेंटिकेट कर रहा हूं। मैं कोई पालिटिकल स्पीच नहीं कर रहा हूं। मैं यहां खड़ा हूं और मुझे पता

है कि मेरे लिए मेरी पार्टी चुनाव का मंच सजाएगी और वहां से जो भाषण मुझे देना होगा, मैं दूंगा। इस प्लेटफार्म का उपयोग मैं बिहार के लोगों का दर्द रखने के लिए आपके सामने कर रहा हूं। आज हमारे साथ अन्याय हो रहा है। राज्य के लिए जो ग्रास बजटरी सपोर्ट था, वह 34 पर्सेंट से घटाकर 23 पर्सेंट कर दिया गया। बिहार के साथ आपने कदम बढ़ाया तो हमने आपका शुक्रिया भी अदा किया। हमने इसमें कोई कंजूसी नहीं की। हमने कहा कि आपने बड़ा अच्छा काम किया और सपोर्ट किया। आज बिहार के साथ जो अन्याय हो रहा है, उस दर्द को दूर करने के लिए आप केंद्र सरकार की ओर से बराबर की नजरों से देखिए। आपके वहां 9 ही एमएलए हैं। अगर 9 एमएलए हैं तो क्या हुआ, हम सब आपके गैर नहीं हैं। राजनीति में ऐसा होता है, कभी कर्नाटक में वर्ष 1992-94 में हमारे चार ही एमएलए थे, लेकिन आज वहां हमारी सरकार है। आज आपके नौ एमएलए हैं तो कुछ काम करके दिखाइए, तब आपका खाता खुलेगा, नहीं तो नौ की जगह आपकी सीटें और कम हो जाएंगी।

MR. CHAIRMAN: Please conclude. Now, you are going to other parts of the area.

… (*Interruptions*)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन :** इसलिए मैं आपके जरिए अनुरोध करना चाहता हूं कि सरकार इस बात पर विचार करे।

महोदय, मैं अब कंक्ल्यूड करता हूं और आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि जो नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुयी है, इसके लिए मैं बिहार सरकार और केंद्र सरकार को बहुत धन्यवाद देता हूं और साथ ही यह गुजारिश करता हूं कि नालंदा के बाद आप आराम से बैठ मत जाइएगा। इसके बाद विक्रमशिला की स्थापना का बिल मैडम जब आप लाएंगी, तो मैं, कीर्ति आजाद जी और निशिकांत दुबे जी, तीनों मिलकर और पूरा सदन आपको बधाई देगा। मैं मानता हूं कि देश के लिए आज बहुत ऐतिहासिक दिन है कि हम इस बात पर गर्व करें कि हमें अपने देश की संस्कृति पर गर्व करना है। हमें अपने देश की शिक्षा पद्धति पर गर्व करना है। हमें मैकाले की शिक्षा पद्धति पर नहीं नालंदा की शिक्षा पद्धति पर गर्व करना है। ऐसे संस्थान को फिर से पुनर्जीवित करना है।

**डॉ. गिरिजा व्यास (चित्तौड़गढ़):** सभापति जी, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं। मैं विषय पर बोलूंगी, लेकिन जवाब जरूर दूंगी। जवाब इस बात से कि यूपीए की सरकार और एनडीए की सरकार के दिए हुए उस समय के अर्थ और अभी के अर्थ दोनों के बारे में आपके अगले बोलने वाले एमपी साहब जरूर बतायें, यह मैं आपके माध्यम से आपसे आग्रह करूंगी। बोलने से पहले मैं निवेदन कर दूं कि किसी भी राज्य के साथ किसी मतभेद का, किसी मनभेद का, किसी सौतेले व्यवहार का या किसी अन्याय की पोषक यूपीए सरकार नहीं रही है और यही वजह रही है कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना का फैसला उस भूमि पर किया गया, जिस भूमि में गौतम बुद्ध पैदा हुए, महावीर पैदा हुए, गुरू गोबिन्द सिंह जी पैदा हुए और निश्चित तौर पर परंपरायें यहां पैदा हुयी।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: There should be no cross talks in the House.

… (*Interruptions*)

**डॉ. गिरिजा व्यास :** 15 जनवरी, 2007 और 25 अक्टूबर, 2009 को फिलीपींस और थाइलैंड में चौथी और दूसरी पूर्वी एशिया शिखर बैठक में बौद्धिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अध्ययन के अनुशीलन के लिए बिहार राज्य में अंतर्राष्ट्रीय संस्था के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए किए गए विनिश्चयों को क्रियान्वित और उससे संबंधित विषयों वाले विधेयक पर चर्चा हेतु आपने मुझे भी बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। महोदय, मैं विषय पर ही बोलूंगी और सबसे पहले मैं सरकार को विशेषकर यूपीए की सरकार को धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं बिहार सरकार को भी धन्यवाद दूंगी कि उन्होंने समय पर जमीन आदि उपलब्ध करा दी।

यूपीए सरकार के दृष्टिकोण, विचार, कौनसैप्ट कि किस तरह हम अपने पुराने भारत को फिर से पुरस्थापित कर सकें, इस दिशा में जो प्रयास किया गया, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं।

अल्लामा इकबाल ने कहा था - यूनान-ए-मिश्र रोमां, सब मिट गए जहां से, कायम है अब तक भी नामो निशां हमारा। यदि हम नालंदा जाएं जो अब खंडहर है या जिन्हें तक्षशिला जाने का मौका मिला, जो इस्लामाबाद गए हों या विक्रमशिला जिसकी बात अभी माननीय सदस्य कर रहे थे, मुझे विश्व के अनेक विश्वविद्यालय और इन तीनों पुराने विश्वविद्यालयों को देखने का मौका मिला। निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि जब हम नालंदा, तक्षशिला या विक्रमशिला के परिसर में जाते हैं, तो लगता है कि जैसे हम ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज और बड़ी-बड़ी यूनीवर्सिटीज़ को भूल गए हैं। चारों तरफ से एक प्रकार आज भी वहां शिक्षा का जो आलोक है, वह दैदीप्यमान हो रहा है। इसलिए हम सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं।

मैं आपको पिछले कुछ दशक में ले जाना चाहती हूं जब नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी। नालंदा पांचवीं सैंचुरी में गुप्तवंश द्वारा, जैसे सदस्य महोदय बता रहे थे, उसकी स्थापना की गई। महायान-हीनयान स्कूल जो बुद्धिज़्म के थे और ब्राह्मण वैदिक टैक्स्ट फिलॉस्फी, लॉजिक, थियोलॉजी, ग्रामर, सबके अध्ययन के लिए नालंदा एक ऐसा विश्वविद्यालय था जहां दस हजार स्टूडैंट्स और दो हजार टीचर्स एक साथ काम करते थे।

ह्वेन सांग जो चाइनीज़ पिलग्रिम यहां आए, उन्होंने इसकी विस्तृत व्याख्या की। आज भी नालंदा के खंडहर इस बात के साक्षी हैं कि उस वक्त भी हम लोग बौद्धिक स्तर पर, दार्शनिक स्तर पर और विशेषकर वैदिक, बौद्ध, जैन और बाद में चूंकि पटना साहिब और जैसे कहा गया कि गोविंद सिंह जी का जन्म भी वहीं पर हुआ, वहां सिखिज़्म का भी एक वातावरण बना। बिहार में उस वातावरण को देने का सारा श्रेय उस वक्त की व्यवस्था को जाता है। मैं इसी के साथ तक्षशिला विश्वविद्यालय का जिक्र भी करना चाहूंगी जो आज इस्लामाबाद के पास है। वहां चंद्रगुप्त मौर्य ने जिस प्रकार आलोक फैलाया और उसकी स्थापना की, उसके बाद तक्षशिला चाणक्य, चार्वाक और चरक ऋषि, जिन्होंने चरक संहिता बनाई, उनका भी आधार रहा। तक्षशिला में उन्होंने न केवल शिक्षा ग्रहण की बल्कि वहां पढ़ाया भी। आज का अर्थशास्त्र इस बात का गवाह है कि चाणाक्य की अर्थनीति अप्रासंगिक नहीं है। इसी प्रकार से चरक संहिता भी, चरक ऋषि द्वारा जो बनाई गई, आज भी उनकी पंचकर्म थैरेपी किसी न किसी रूप में विश्वभर में व्याप्त है। वहां हाइयान का आना और 405 ईस्वी में इस बात का प्रतीक है कि उस वक्त सारे विश्व, विशेषकर साउथ ईस्ट एशिया और एशिया भर से दूर-दराज के जो लोग पढ़ने के लिए आते थे, उन्हें सब प्रकार का ज्ञान मिलता था।

आपने विक्रमशिला का जिक्र किया। उसी के साथ-साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहती हूं कि वहां कुछ अन्य विश्वविद्यालय भी उसी जमाने में मौजूद थे। मैं उनका जिक्र इसलिए करना चाहती हूं कि जैसे मैंने कहा, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और उसी के साथ-साथ वैदिक व्यवस्था, तीनों पर एक साथ शिक्षा होती थी। इतिहास के तीन हजार वर्ष पीछे जाना और उसके कौनसैप्ट - सा विद्या या विमुक्तये, विद्या है जो हमें मुक्ति प्रदान करती है, हमें अपने बंधनों से मुक्त करती है। वहां इस बात का सिद्धान्त था। मैं गुणशिला विश्वविद्यालय की जिक्र इसलिए करना चाहती हूं कि आज हम वूमैन्स एजुकेशन की बात करते हैं, लेकिन गुणशिला जो 500 बीसी में बिहार में, आपके राज्य में ही स्थित था, वहां मुख्य रूप से जैन धर्म-ओ-दर्शन का बिंदु था, वहां वूमैन्स एजुकेशन की व्यवस्था थी और उसे एक तरह से वूमैन्स एजुकेशन कहा जा सकता है। कुंडलपुर जिसकी स्थापना 500 बीसी में हुई थी, वह फिज़िकल ट्रेनिंग का इंस्टीट्यूट था जिस पर आज आश्चर्य होता है कि उस जमाने में भी इस तरह के इंस्टीट्यूट हो सकते थे। इसी के साथ कांची जो सौ

बीसी में 500 एडी तक रहा, उनका भी अपना स्थान है। 400 एडी से 1200 एडी तक यूयान ने 14 विद्या और 64 कलाओं का नालंदा विश्वविद्यालय में जो जिक्र किया है, वह इस बात का प्रतीक है। 78 डिस्पिलन उस समय वहां पढ़ाए जाते थे।

उस वक्त आयुर्वेद से धनुर्वेद तक और वेद से विमान तक की शिक्षा नालंदा विश्वविद्यालय में दी गयी थी। इसलिए यह सोचा गया, मैंने थाईलैंड और फिलीपींस का जिक्र किया, कि हम क्या वैसी ही स्थापना फिर से नालंदा विश्वविद्यालय के रूप में कर सकेंगे। जहां एशिया अभी फिर से उभरता है, फिर से करवट लेने की दिशा में है, फिर से भारत एक नये चमकते हुए सितारे के रूप में उभरकर सामने आया है, वह भारत एशिया के माध्यम से चमक सके। इसलिए इस स्थापना का निर्णय लिया गया। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी, आदरणीय सोनिया जी और प्रणब मुखर्जी जी, जो उस समय इस कार्य को देख रहे थे, इन तीनों को ही बहुत बधाई देना चाहूंगी।

महोदय, बख्तियार खिलज़ी ने गौरवशाली कहानी के वे खंडहर भले ही नष्ट कर दिये, लेकिन पुनः संस्कृति के निर्माण में आज हम उनके योगदान को नहीं भूल सकते। इसलिए उस योगदान को जो इसमें दिया, उनको याद करते हुए पुनः संस्कृति के निर्माण,. संस्कृत, पाली, प्राकृत और अंग्रेजी के द्वारा एशिया का पुनः जागरण हो रहा है। आज हमारी जो थिंकिंग और थॉट्स बेस है, वह यूरो बेस है। उससे हटकर भारत की अगुवाई में एशिया जो एक नया रूप धारण कर रहा है, उसमें आसियन के साथ-साथ जहां एक तरफ हम आर्थिक उन्नति के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में जा रहे हैं, वहीं नालंदा यूनीवर्सिटी के माध्यम से हम प्राचीन गौरव को प्राप्त करेंगे जिसमें कुछ नया भी है, कुछ पुराना भी है। यूनेस्को तक ने दर्शन को एक आधार मान लिया है। उस वक्त बिजनेस मैनेजमैंट, आई.टी, ज्ञान और विज्ञान का कोई भी क्षेत्र हो, उन क्षेत्रों में उस पुरानी विद्या का आना एक नये सूत्र का सूचक है।

महोदय, मैं यहां यह निवेदन करना चाहती हूं कि केवल दर्शन, बौद्ध दर्शन, जैन दर्शन और धर्म तक सीमित हमारी ज्ञान और विज्ञान की परम्परा नहीं थी। जहां विज्ञान समाप्त होता है, वहीं से ज्ञान की शुरुआत होती है। भारत ने जीरो का आविष्कार या लीलावती सूत्र, कम्प्यूटर का सारा बेस उस लीलावती सूत्र पर आधारित है, इतिहास इस बात का साक्षी है कि आज भी उसका सम-सामयिक मूल्य है। मूल्यपरक एजुकेशन जिसमें चाहे हिन्दु हो, जैन हो या बौद्ध हो, उसमें मूल्यपरक एजुकेशन आधार बने, उसका निषेध न हो, इस बात को कहा गया।

महोदय, मैं यहां यह निवेदन करना चाहती हूं कि उस वक्त आर्किटेक्ट, गणित, विज्ञान, खगोलशास्त्र, अर्थशास्त्र, आयुर्वेद, ज्योतिष शास्त्र आदि का जो अध्ययन किया जाता था, इस यूनीवर्सिटी में उन सबका जिक्र है। लेकिन एक बात का भय, जिसका हमेशा हर एक व्यक्ति को रहता है, उसका भय हमें

भी है कि कहीं यह केवल उन ब्यूरोक्रेट्स के हाथों में न पड़ जाये। इसलिए माननीय सदस्य ने यह बात उठायी कि पार्लियामैंट से भी दो सदस्य जायें, पर एक्सीलैंसी यहां पर वहां का निर्णय हो, इस बात की तरफ मैं सरकार का ध्यान जरूर आकर्षित करना चाहूंगी।

महोदय, यहां पर धर्म की अलग व्यवस्था नहीं है। जीवन दर्शन के रूप में धर्म की व्याख्या की गयी है। प्लूरेलिज्म यानी बहुतवाद हमारा आधार रहा है चाहे वह जैन हो, बौद्ध हो। इसलिए अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांत आज भी मूल्यपरक हैं, कल भी मूल्यपरक थे और रहेंगे। भारत के सिद्धांत अन्य आश्रय भागों में प्रवाह, मैं यहां पर यह कहना चाहूंगी कि उस समय जब यहां पर वृहदेश्वर मंदिर था, वहां पर उसी वक्त अंगकोरवाट, इंडोनेशिया और कम्बोडिया में उनकी स्थापना की गयी थी, जो भारतीय इम्पैक्ट के प्रभाव को दिखाता है। भारतीय संस्कृति शांति की संस्कृति है, सहायता की संस्कृति है। हमने कभी भी किसी भी धर्म के अलग रूप को अपनाने की कोशिश की, तो उसमे आधिपत्य कहीं भी नहीं रहा, बल्कि उसमें यह बात रही कि समवन्य के साथ हम उसे ग्राह्य कर सकें। ग्राह्यता, एसीमिलेशन हमारा मूल आधार रहा और यही वजह है कि आर्ट और लिट्रेचर या दूसरी अन्य विधियों पर भी पूरे साउथ ईस्ट एशिया में भारत का प्रभाव पड़ा था। यही वजह रही कि नागार्जुन हो या ह्वेनसांग हो, वे यहां पर आते रहे और जिस शिक्षा का मूल आधार है--आमभद्रा प्रत्योअन्तु यानी अच्छा ज्ञान सभी ओर से आये, तो अच्छा है, इस बात की ओर ध्यान दिलाते रहे।

मैं निवेदन करूंगी कि इसी परंपरा को कायम रखते हुए आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक कांग्रेस इस बात के लिए प्रतिबद्ध रही है। गांधी जी ने कहा था कि हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां पर चारों तरफ से गवाक्ष खुले हुए हैं, बाहर की हवाएं भी आएंगी, बाहर के विज्ञान भी आएंगे, लेकिन यह हम पर निर्भर करता है कि हम उसमें कैसे स्थिर बने रहें। इसलिए इस बात की जरूरत है कि यह स्टेबिल्टी हम कैसे लाएं। इस स्टेबिल्टी के लिए सरकारें प्रयत्नशील रही हैं। नेहरू जी की डिस्कवरी ऑफ इंडिया हो या और किसी स्वरूप में उनके दर्शन को पढ़ लिया जाए, इसके बाद हमारे देश में जो विद्वान हुए हैं, उनके विचारों में इस बात का पोषण रहा कि चाहे हमारी अर्थव्यवस्था हो या राजनीति हो, वह मूल्यपरक होनी चाहिए और हम आज भी उस पर कायम हैं। यह नालन्दा विश्वविद्यालय उस मूल्यपरकता को वापस दर्शाएगा, ऐसा हमारा विश्वास है। केवल इस भावना के लिए कि उस समय के नालन्दा, तक्षशिला या विक्रमशिला विश्वविद्यालयों के कारण भारत शिक्षा का हब था और आज भी यूपीए सरकार का आधार है कि भारत विश्वविद्यालय एवं अन्य शिक्षा के माध्यम से शिक्षा का हब बने। फिर भी इतना सारा धन शिक्षा विभाग को देना, शिक्षा की उच्चता को, खासकर उन विश्वविद्यालयों के पैटर्न पर ही, जो हमारे प्राचीन विश्वविद्यालय थे, नए कांसेप्ट को जन्म देने की कोशिश कर रहे हैं। यह नालन्दा विश्वविद्यालय इस दिशा में

एक बहुत बड़ी छलांग है, बहुत बड़ा कदम है। मुझे समय की सीमा मालूम है, इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि जो सपना हमारे विचारकों ने देखा था, उसके आधार पर ही यह विश्वविद्यालय हो। यहां पर सिब्बल जी बैठे हुए हैं, उनका ध्यान आकर्षित करते हुए मैं कहना चाहती हूं कि आपकी रिपोर्ट के आधार पर ही आज यूनिवर्सिटीज के जो हालात हैं, वे बड़े गंभीर हैं। उन हालात को सुधारने के लिए आप जो प्रयास कर रहे हैं, सरकार के प्रयासों की मैं प्रशंसा करती हूं, लेकिन बहुत कुछ करना अभी बाकी है। सम्प्रदायवाद जिस तरह से उसमें पेनिट्रेट हुआ है, पिछली सरकार ने जिस तरह से कुछ विषयों को डालकर उन यूनिवर्सिटीज को सांप्रदायिकता के घेरे में डाला है, नालन्दा विश्वविद्यालय इस बात का गवाह है, तक्षशिला इस बात की गवाह है कि वहां पर उस समय सम्प्रदायवाद के नाम पर, धर्म जो आज सम्प्रदायवाद का इक्विवेलेंट हो गया है, बल्कि वहां धर्म का अर्थ था वैल्यूज, मूल्य। हम किसी भी मूल्य को नहीं छोड़ सकते, लेकिन हमारी यूनिवर्सिटीज को एक करवट लेनी होगी। उनको दिए हुए जो पाठ्यक्रम, जिनसे सांप्रदायिकता आई, उनसे उनको मुक्त करना होगा, राजनीति से मुक्त करना होगा और सबसे ज्यादा उनको ब्यूरोक्रेटिक आक्रोश से उनको मुक्त करना होगा। आज अनेक विश्वविद्यालय लिटिगेशन में फंसे हुए हैं, इसलिए मैं चाहूंगी कि उनके लिए अलग से व्यवस्था हो, ताकि वे पूरे समय, 365 दिन इसमें न लगे रहें। आज नालन्दा विश्वविद्यालय की इस प्रकल्पना के बारे में मैं केवल यही कह सकती हूं कि हमारी परंपराओं में जिस बौद्ध धर्म ने हमें मध्यम मार्ग दिया, जिस भारतीय दर्शन ने आपो सर्वभूतेषू की बात करके सबकी समानता और संगच्छ्द्धवं संवदद्धवं की बात करके सभी को साथ लेकर चलने की बात कही। जिस प्रकार से हमारे जैन धर्म में नवोंकार का मंत्र दिया गया, उसे देखें नमो अरिहन्ताणं, नमो सिद्धाणं, नमो अय्याणं और नमो सब्बसाधूणां की बात के जरिए सभी धर्मों के प्रति जो आदर की भावना सिखाई और गुरू गोविन्द सिंह जी ने बिहार में जिस प्रकार की समरसता का मार्ग दिखाया, नालन्दा विश्वविद्यालय उसके अनुरूप होना चाहिए, आज भी आवाज गूंजनी चाहिए - धम्मं शरणं गच्छामि, बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि। यह नारा देना होगा। अति विज्ञान और अति अर्थ हमें नीचे धकेल रहा है, इसलिए मध्यम मार्ग की आवश्यकता है जो असम्पृक्त संस्कृति को पुनः संवेदनशीलता में डाले। शिक्षा का एक आवश्यक लक्षण है संवेदनशीलता। वह संवेदनशीलता जो विश्वविद्यालयों से खो गयी है, उसको नालन्दा विश्वविद्यालय के माध्यम से फिर से पुनर्स्थापित करेंगे जिससे अन्य विश्वविद्यालय भी सीखेंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। अंत में, मैं कहना चाहती हूं कि भारतीय संस्कृति तब भी प्रासंगिक थी, आज भी प्रासंगिक है और यही वजह है कि हमारे यहां चार पुरूषार्थों की व्याख्या है - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष।

हमने कभी भी अर्थ को और काम को भी, धर्म का अर्थ यहां पर रिलीजन नहीं है, धर्म का अर्थ है एथिक्स, मोरल, मोरेलिटी पर आधारित अर्थ, कमाया हुआ अर्थ और मोरेलिटी के आधार पर भोगा हुआ काम, जिसमें

अन्य चीजें विवाह से लेकर प्रसाधन आदि भी आते हैं, उनका उपयोग यहां पर निषेध नहीं किया गया है। जो अंत में मोक्ष की तरफ ले जाए, सभी के लिए ग्राह्य हो, उसकी ओर संकेत किया गया है। नालन्दा, तक्षशिला और विक्रमशिला इसके उदाहरण थे। फिर से ये विश्वविद्यालय उसके आधार बन सकें, मध्यम मार्ग से चलते हुए हम विज्ञान की भी प्राप्ति करें। यहां मैं राजीव जी का जिक्र जरूर करना चाहूंगी। राजीव गांधी जी ने इसी सपने के अनुरूप सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना भारत में की। उसी के अनुरूप विश्व में इंडिया के शोज़ कराए, उनमें उनका तात्पर्य यही था कि केवल हमारी परफार्मिंग आर्ट से हम आगे जाते हुए अन्य विधायों में भी अन्य देशों को अपनी संस्कृति, अपनी चेतना, अपनी गति, अपना संगीत जो हमारी संस्कृति है, उसके दर्शन करा सकें। उनका सपना उस काल में भी पूरा हुआ और आज यूपीए सरकार प्रतिबद्धता के साथ उस सपने को जिसमें गांधी जी का भी सपना है, जिसमें हमारे मूल्यपरक उस युग के, उस सांस्कृतिक विरासत के वैदिक सपनों का भी सार है, उन्हें लेकर चल रही है। ऐसे अतुल्य, ऐसे अनुपम विश्वविद्यालय के लिए जो यह बिल पेश किया गया है, उसमें हमारी शुभकामनाएं भी हैं और इस बिल के लिए यूपीए सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** सभापति महोदय, आपने मुझे नालन्दा विश्वविद्यालय विधेयक 2010 पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। भाई शाहनवाज जी का भाषण मैंने सुना। उन्होंने प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय के बारे में, वहां से जो तमाम हमारी पूर्व विभूतियां हुईं, उनके बारे में बड़े विस्तार से बताया। इसी तरह बहन गिरिजा व्यास जी का भाषण भी बहुत अच्छा रहा। कुछ देर के लिए ऐसा लगा जैसे हम लोग किसी विश्वविद्यालय में बैठे हैं और गिरिजा व्यास जी व्याख्यान दे रही हैं। उन्हें सुनना मन को बहुत भाया।

भारत की संस्कृति और सभ्यता की कोई मिसाल नहीं है। सर्वभौम पंचशील को मानने वाला यह देश जो विश्व में अपना एक स्थान रखता है। यहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था, जैसा पहले लोगों ने कहा और विदेशियों ने भी कहा था कि भारत सोने की चिड़िया है, यह सत्य बात है। यहां की प्राकृतिक धरोहर की कोई मिसाल अन्य देशों में नहीं है। बहुत विस्तार से बहन गिरिजा व्यास जी ने और भाई शाहनवाज जी ने अपनी बात रखी।

मैं इस बिल का पुरजोर समर्थन करते हुए अपनी कुछ बातें कहना चाहूंगा। दुनिया का सबसे प्राचीन और सबसे प्रमुख शिक्षा केन्द्र नालन्दा विश्वविद्यालय रहा है। जिसे पुनर्जीवित करने के लिए यह विधेयक यहां पेश किया गया है। जनवरी 2007 में दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, थाईलैंड में इस पर अन्य देशों के साथ विचार किया गया। उसमें यह कहा गया था कि बौद्धिक, दार्शनिक और ऐतिहासिक अध्ययन का केन्द्र नालन्दा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित किया जाए। इस पर जिन देशों ने सहयोग देने की बात कही, उनका भी आज सदन के माध्यम से हम लोग आभार व्यक्त करते हैं और उन्हें धन्यवाद देना चाहेंगे।

जहां तक देखा गया है, खासकर यह विश्वविद्यालय जो पुनर्जीवित किया जा रहा है बिहार में, तो वहां की स्थानीय सरकार ने तुरंत इसके लिए 500 एकड़ जमीन अधिग्रहित करके केन्द्र को देने का काम किया है। नालन्दा विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय संस्था का केवल एक ही संकल्प है कि दक्षिण और पूर्व एशिया को जोड़ने वाली 21वीं सदी की शिक्षा को किस प्रकार से पुनर्जीवित कर दें, एक साथ कर दें।

बौद्धिक मिलन का एक स्थल नालंदा विश्वविद्यालय को हम पुनर्जीवित करने जा रहे हैं। इसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था तथा आध्यात्मिक दर्शन को जोड़ने वाला, पुरातन एवं आधुनिक चिंतन को समाहित करने वाला, यह अनुसंधानात्मक विश्वविद्यालय होगा, जो अपने आप में एक मिसाल होगा। मैं ज्यादा डिटेल में नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन एक तरीके से यह मॉडल विश्वविद्यालय बनेगा, जो पीपीपी विश्वविद्यालय होगा। राजगीर नामक जगह पर, 500 एकड़ जमीन को अधिगृहीत करके, इसका निर्माण कार्य शुरु कराया जा रहा है। पूरे विश्वविद्यालय के निर्माण में 1005 करोड़ रुपये खर्च होंगे और मैं केन्द्र

सरकार को मैं बधाई दूंगा कि 50 करोड़ रुपये का बजट अभी उन्होंने इसके लिए स्वीकृत किया है। विश्वविद्यालय के बिल की कॉपी अभी मैं देख रहा था, उस गवर्निंग बॉडी में विदेश मंत्रालय, मानव संसाधन मंत्रालय और बिहार राज्य के प्रतिनिधि भी उसमें होंगे। अभी शहनवाज भाई यह कह रहे थे कि वहां के स्थानीय एमपीज को भी उसमें सम्मिलित किया जाए। यह बात सही है कि हमने यहां बहुत सी कमेटियां बनाई हैं, गवर्निंग बॉडीज बनाई हैं और उनमें स्थानीय सांसदों को भी समाहित किया गया है। माननीया गिरिजा व्यास जी ने भी इसका समर्थन किया है कि ऐसा होना चाहिए, ताकि उसका मैनेजमेंट सुचारू रूप से और अच्छी तरह से चल सके। यह बात उसमें होगी।

हमारे इलाहाबाद में भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, उसमें भी हमारे स्थानीय सांसद वहां हैं, वहां उसमें दो सांसद हैं और मैं इसका पुरजोर समर्थन करता हूं। उस विश्वविद्यालय की पढ़ाई के बारे में बड़े विस्तार से बात हुई है कि पर्यावरण, भाषा, साहित्य, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, शांति, अध्ययन और इतिहास, बौद्ध-धर्म दर्शन की तुलनात्मक शिक्षा पर जोर होगा और ऐसी शिक्षा वहां पर दी जाएगी। इसमें चाहे हमारे वैदिक, सांस्कृतिक, आधुनिक और प्राचीन जो भी हमारे शास्त्र थे, उनका समावेश करके, हम उस विश्वविद्यालय में एक नयी शुरुआत करेंगे। बहुत से हमारे शास्त्रों का विलोप हो गया था, उन्हें भी पुनर्जीवित करने का एक रास्ता इसमें निकलेगा। नोबल पुरस्कार विजेता आमर्त्यसेन जी की अगुवाई में परामर्शदात्री समिति जो गठित हुई है, यह एक बहुत अच्छी बात है कि उसमें विद्वतजन भी हैं। मेरे ख्याल से यह बहुत जल्दी बन जाएगा। एक सुझाव और आया है कि बौद्ध धर्म के गुरू, जिन्होंने हिंदुस्तान से हमेशा संबंध स्थापित करने की कोशिश की है, दलाई लामा जी को भी अगर उसमें रखा जाए, तो बहुत अच्छा होगा। यह मेरा सुझाव है।

भारत के बौद्ध सर्किट से जुड़ने और पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार ने और स्थानीय सरकारों ने बहुत प्रयास किये हैं। उसी कड़ी में नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्जन्म हो रहा है और यह उसी कड़ी की एक रूपरेखा है। यह विश्वविद्यालय पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर आधारित होगा, जिसमें सबसे बड़ा फंड केन्द्र सरकार का होगा। अन्य देश भी उसमें मदद करेंगे, लेकिन भारत मेजबान देश है, उसे पहल करनी चाहिए और यह अच्छी बात है।

अभी बहन गिरिजा व्यास जी ने अपने उद्‌बोधन में एक बात कही है कि आज के वर्तमान विश्वविद्यालयों में तमाम ऐसे झगड़े हैं, उसके बिल लेकर हमारे सम्मानीय मंत्री जी अभी आयेंगे।

सभापति महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि हमारे इस प्रकार से बहुत से प्राचीन विश्वविद्यालय हैं, उन्हें सुदृढ़ और पुनर्जीवित करने की जरूरत है। वहां की स्थिति बहुत दयनीय है। विदेशी विश्वविद्यालय के लिए जैसा कहा कि एजुकेशन हब यहां लाएंगे, मेरे खयाल से यह उचित नहीं होगा। हमारे यहां इतने विश्वविद्यालय हैं कि अगर उनकी मनेजमेंट व्यवस्था, जैसे इलाहाबाद को मिनी ओक्सफोर्ड कहा जाता था, आज उसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। आज वहां बहुत दिक्कतें हैं, जिन्हें सुधारने की जरूरत है। मैं मंत्री जी से कहूंगा कि विदेशी विश्वविद्यालय का सपना न देखकर, बल्कि अपने यहां के विश्वविद्यालयों को अगर पुनर्जीवित किया जाए, तो बहुत अच्छी बात होगी।

इन्हीं बातों के साथ अपनी बात समाप्त करते हुए मैं एक आखिरी बात कहना चाहता हूं कि विक्रमशिला विश्वविद्यालय की जो बात आई है, अगर नालंदा को ले रहे हैं, तो विक्रमशिला विश्वविद्यालय को भी पुनर्जीवित किया जाए। इसका समर्थन करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**डॉ. बलीराम (लालगंज):** सभापति जी, आपने मुझे इस विषय पर बोलने दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत की संस्कृति और सभ्यता, साइंस और टेक्नोलोजी दुनिया के देशों में सबसे विकसित रही है। हम जो विधेयक लाए हैं, नालंदा विश्वविद्यालय से संबंधित, यह हमारी संस्कृति और सभ्यता तथा देश की धरोहर रहा है। अभी हमारे शाहनवाज भाई बता रहे थे कि वह सिर्फ बिहार की धरोहर है। यह केवल बिहार की ही धरोहर नहीं है, बल्कि इससे हमारे देश की पहचान होती है। जहां दुनिया के देशों के लोग हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता को सीखने के लिए, साइंस और टेक्नोलोजी जानने के लिए यहां आते थे। हमें खुशी है कि यह विधेयक लाया गया है, यह सचमुच हमारी संस्कृति और सभ्यता को अक्षुण्ण बनाने के लिए लाया गया है, लेकिन इस विधेयक को लाने में विलम्ब हुआ है। आजादी के बाद से ही इस विधेयक को लाना चाहिए था, लेकिन अब लाया गया है, तो निश्चित रूप से इससे पूरे भारतवर्ष का गौरव जुड़ा हुआ है। चाहे नालंदा विश्वविद्यालय हो, चाहे विक्रमशिला विश्वविद्यालय हो, चाहे तक्षशिला विश्वविद्यालय हो, ये हमारी धरोहर रही हैं इसलिए महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि जो शिखर सम्मेलन हुए हैं, चाहे वे थाईलैंड में हुए हों, चाहे वे फिलीपीन्स में हुए हों और लोगों ने नालंदा विश्वविद्यालय को जो पुनर्जीवित करने की बात कही है, उसे स्थापित करने की बात कही है, वह बहुत अच्छी है। बिहार सरकार ने पांच सौ एकड़ जमीन उपलबध कराई है तथा पांच सौ एकड़ जमीन और उपलब्ध कराने की योजना है। हमारी भारत सरकार ने 50 करोड़ रुपया दे कर उसे संचालित करने की योजना बनाई है। निश्चित रूप से हम कहना चाहेंगे, हमारी संस्कृति और सभ्यता को यह अक्षुण्ण बनाएगी। इसमें जो देश पार्टनरशिप के तहत सम्मिलित हो रहे हैं, चीन भी, जहां सबसे ज्यादा बुद्धिस्ट हैं, वह भी इसमें सम्मिलित हो रहा है, थाईलैंड और बैंककाक भी सम्मिलित हो रहे हैं। तमाम देशों के लोग जो पूर्व में शिखर सम्मेलन हुए हैं, वे आज यहां आ रहे हैं।

हम इतना निवेदन करेंगे कि इसमें हमारे भारत के लोगों की ज्यादा सहभागिता होनी चाहिए कयोंकि यह बिहार में स्थापित हो रहा है और भारत इसकी मेजबानी कर रहा है। भारत का ज्यादा धन भी लगेगा और जहां तक अनुमान लगाया गया है कि 1005 करोड़ रुपये से इसका पूरा विस्तार हो जाएगा। आज इस बात की जरूरत है कि जो यहां हमारे बौद्ध हैं, अध्ययन केन्द्र हैं, दर्शन शास्त्र और धर्म, इतिहास, अन्तर्राष्ट्रीय संबंध और शांति प्रबन्धन, भाषा, साहित्य और पर्यावरण है, निश्चित रूप से इससे हमारा देश विकसित होगा और आज जब हम इसे बड़े पैमाने पर स्थापित करेंगे तो यहां के लोग ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज जाना और तमाम दूसरे देशों में जो इस तरह के विश्वविद्यालय हैं, वहां लोग जाना भूल जाएंगे क्योंकि नालंदा में तो दूसरे देश के लोग आकर विद्या ग्रहण करते थे। लेकिन इस देश के ऊपर तमाम आक्रमण हुए

हैं। उस आक्रमण में हमारे ये विश्वविद्यालय नष्ट हो गये थे लेकिन आज इस विधेयक के लाने से खुशी हो रही है कि कम से कम हमारी भारत सरकार इस तरफ पहल कर रही है कि कैसे हम अपनी संस्कृति और सभ्यता को, साइंस और टैक्नोलॉजी को अभूतपूर्व बनाने के लिए प्रयास करें। इसलिए हम इस विधेयक का अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से समर्थन करते हैं।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** सभापति महोदय, आपने मुझे इस चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं इस 15वीं लोक सभा में नालंदा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करता हूं और मेरे लिए और मेरे समस्त क्षेत्र के वासियों के लिए अति गौरव की बात है कि नालंदा विश्वविद्यालय वहीं पर बन रहा है जहां पर प्राचीन विश्वविद्यालय था। मैं अपनी पार्टी जनता दल यूनाईटेड की तरफ से नालंदा विश्वविद्यालय के समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं। राज्यसभा ने 21-08-2010 को ही इस विधेयक को पास कर दिया था। अब यह लोक सभा में मंजूरी के लिए आया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने इस विधेयक को तैयार किया है और इस पर आम सहमति बनी। 25 अक्टूबर 2009 के शिखर सम्मेलन में इस पर आम सहमति बननी थी। मैंने भी एक वर्ष पहले इसी जुलाई के महीने में लोक सभा में शून्यकाल में नालंदा विश्वविद्यालय पुनर्स्थापना के मामले को उठाया था। यह जवाब केन्द्रीय विदेश मंत्री एस.एम.कृष्णा ने भी दिया था और कहा था कि अगले विधेयक में इसे लाया जाएगा। मैं केन्द्रीय सरकार के इस कदम की सराहना करता हूं। 427 ईसवीं में बना नालंदा विश्वविद्यालय 1197 ईसवीं तक रहा। लगभग 650 वर्ष मानवता की सेवा की। उस समय के राजा ने इसके वित्तीय प्रबन्धन के लिए 100 गांवों से प्राप्त राजस्व को भी दिया करते थे। उसका पूरा राजस्व विश्वविद्यालय के लिए होता था। जैसा कि बताया गया है कि इस विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन, दर्शन शास्त्र, अन्तर्राष्ट्रीय संबंध, धर्म, इतिहास एवं शांति प्रबन्धन, भाषा साहित्य और पर्यावरण जैसे विषयों के स्कूल होंगे। नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना पर लगभग 1005 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रस्तावित नालंदा विश्वविद्यालय को चलाने के लिए दिल्ली में एक परियोजना कार्यालय बनाया गया है। विधेयक के संसद में पारित होते ही यह कार्यालय काम करने लगेगा। परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आयो़जक देश के रूप में भारत शुरुआती चरण में अधिक योगदान करेगा। योजना आयोग ने विशेष अनुदान के रूप में 50 करोड़ रुपये का आबंटन किया है। बाकी अन्य देश के सदस्य बिहार सरकार ने नालंदा के लिए इस विश्वविद्यालय के लिए लगभग 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है।

**17.00 hrs.**

जिस जगह भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उस जगह ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय था। आज भी वहां नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष मौजूद हैं और देखने लायक हैं। मैंने भी इसका अध्ययन किया है। प्रस्तावित नालंदा विश्वविद्यालय के लिए और 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करना है। बिहार सरकार इसे कर रही है और इसके लिए मैं बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं। उनके अथक प्रयास से वर्ष 2007 में नालंदा विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास कराया और जल्द से जल्द किसानों को मनाकर भूमि अधिग्रहण करवाया। माननीय मुख्यमंत्री स्वयं नालंदा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और स्वयं

नालंदावासी हैं। मुख्यमंत्री जी बौद्ध धर्म और दर्शन से विशेष रूप से प्रभावित हैं। इनकी बौद्ध धर्म और दर्शन में विशेष रुचि की वजह है क्योंकि वे मानते हैं कि इससे ही देश में मानवता का कल्याण हो सकता है। महात्मा बुद्ध का सत्य और अहिंसा का संदेश लेकर राष्ट्रपिता ने भारतवर्ष को अंग्रेजों की दासता से मुक्त करवाया था। मुख्यमंत्री जी ने बौद्ध तीर्थ स्थान, बोध गया जहां महात्मा बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी, का आधुनिकीकरण करवाया है और सड़कों को नया रूप दिया है। खास तौर से 28 जून, 2007 को केंद्र सरकार ने नोबल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन की अध्यक्षता में नालंदा परामर्शदाता समूह गठित किया था जिसे नालंदा विश्वविद्यालय पुनर्स्थापना को लेकर अपनी रिपोर्ट अगस्त 2010 तक देने को कहा था। प्रो. सेन और माननीय विदेश मंत्री श्री कृष्णा जी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की है। नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में जो भी किया, वे इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। यहां सभी बौद्ध देशों के धर्म विहार और पूजा स्थल हैं। बिहार सरकार वहां सारी सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं जहां महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति हुई थी। यहां महाबोधि मंदिर है, इसके लिए भी बिहार सरकार विशेष प्रबंध करती है। प्रस्तावित विश्वविद्यालय की परिसर एवं विद्यार्थीगण की सुरक्षा का जिम्मा भी बिहार सरकार ने लिया है।

मैं अपने संसदीय क्षेत्र के उन सभी किसानों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने 500 एकड़ भूमि दी है। मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि जिन किसानों की जमीन विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अधिग्रहीत होगी, उनके बच्चों को इसमें पढ़ने के लिए विशेष रियायती व्यवस्था की जाए। इसके साथ मैं यह भी मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र का कोई भी विद्यार्थी जो यहां पढ़ने की इच्छा व्यक्त करता है उसे विशेष छूट प्रदान की जाए या स्कालरशिप दी जाए। मेरा संसदीय क्षेत्र काफी पिछड़ा और अल्पसंख्यक इलाका रहा है। मेरी मांग है कि इस विश्वविद्यालय में जो भी दुकानें, मार्किट या कॉम्पलेक्स बनाए जाएं, वह निश्चित रूप से स्थानीय लोगों को दिए जाएं। नालंदा विश्वविद्यालय का इतिहास बहुत पुराना है। इसमें 10,000 छात्र और 2000 शिक्षक थे। पुस्तकालय में जितनी पुस्तकें थी वे सभी शिक्षकों द्वारा लिखी गई थी। यहां पर चीनी यात्री ह्वेनसांग आए थे और उन्होंने अपनी यात्रा के वृतांत में इस विश्वविद्यालय का जिक्र किया था। अभी भी नालंदा विश्वविद्यालय में ह्वेनसांग म्यूजियम है जहां प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास को दोहराने संबंधी जानकारी है। यहां नालंदा विश्वविद्यालय का खंडहर और म्यूजियम भी है। लेकिन अभी भी राजगीर, घोड़ा, कटोरा, दामनखंधा इत्यादि कई ऐसी जगह हैं जहां प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर थे। इसके आसपास ताम्रपाषणिक काल के अवशेष मिले हैं। इसके उत्खनन की जरूरत है ताकि नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास को और दिखाया जा सके। मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि प्रोजेक्ट नालंदा बनवाकर प्राचीन नालंदा परिसर एवं उसके आसपास राजगीर, घोड़ा, कटोरा,

दामनखंधा का उत्खनन कराया जाए ताकि हम प्राचीन नालंदा के इतिहास से परिचित हो सकें। नालंदा विश्वविद्यालय की खुदाई होने से इसके पूरे इतिहास एवं संस्कृति से सारा विश्व परिचित हो सकेगा। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय को तुर्क सेनापति बख्तियार खिलजी ने ध्वस्त किया था तथा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को जला दिया था।

जिसके बारे में कहा जाता है कि छः महीने तक जलता रहा था। जो इस बात का प्रमाण था कि पुस्तकालय में कितनी अधिक किताबे थीं। कहा जाता है कि पुस्तकालय नौं मंजिला था। जिस समय वह विश्वविद्यालय ध्वस्त हुआ था, तभी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की स्थापना हो रही थी। तब कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का जन्म भी नहीं हुआ था। इस विश्वविद्यालय की स्थापना से नालंदा को पूर्वी और एशियाई के मुख्य शिक्षा केन्द्र के रूप में फिर से स्थापित किया जायेगा और इसे भारत के बौद्ध सर्किट से जोड़ा जायेगा। इससे पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा, चूंकि इसमें सारे विश्व से छात्र और अनुसंधानकर्ता आयेंगे।

बिहार के माननीय मुख्य मंत्री, श्री नीतीश कुमार जी ने यह भी कहा है कि जब तक विश्वविद्यालय के अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होगी, तब तक राज्य सरकार के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर विश्वविद्यालय के काम के लिए भेजेंगे। विश्वविद्यालय के शासी निकाय में विदेश मंत्रालय, मानव संसाधन विकास विभाग के अलावा बिहार सरकार के प्रतिनिधि होंगे. यह जानकारी भी दी गई है।

मेरा एक सुझाव है कि इसमें स्थानीय स्तर पर सांसदों को भी रखा जाए। अंत में, मैं प्रो.गोपा सब्बरवाल, अध्यक्षा समाज विज्ञान विभाग, लेडी श्रीराम महाविद्यालय, नई दिल्ली को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि उनके जैसे अनुभवी प्रोफेसर नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति होंगे। मैं आशा करता हूं कि प्रो.गोपा सब्बरवाल के निर्देशन में विश्वविद्यालय दिन दोगुना, रात चौगुनी तरक्की करेगा।

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Hon. Chairman, I thank you for giving me a chance to speak on this very important Bill – Nalanda University Bill. This Bill has been placed to implement the decision arrived at the Second East Asia Summit held in 2007 and the Fourth East Asia Summit held in 2009 for the establishment of the Nalanda University as an international institution for pursuit of intellectual, philosophical, historical and spiritual studies. The Government of India constituted Nalanda Mentor Group under the chairmanship of Nobel laureate, Prof. Amartya Sen, for revival of Nalanda as a Centre of Excellence.

Sir, I do support the Bill. We, the Indians, are proud of our long heritage in the field of education, culture, knowledge and wisdom. Ours is a great ancient civilisation. We did a lot for the development and advancement of human civilisation. Various tendencies have come into us. We have assimilated tendencies and on the basis of that, we have advanced. Let me tell the words of Rabindranath Tagore :

‘*Sak, Hun, Dal, Mughal, Pathan – ek dehe holo lin’*

It means that Sak, Hun, Dal, Mughal and Pathan all came and became part of India. They all became Indians. He also said that India is *maha milaner sagar thirthga* which means that India is the pious ocean of great assimilation. It is this spirit of assimilation and religious tolerance that our land represented all over the world.

In the past, Nalanda did the same thing 800 years ago and for 800 years or more, Nalanda was – as described by Huen Tsang who came here in 7$^{th}$ Century – not only a temple of knowledge but also a temple of the highest pinnacle of tolerance. That religious tolerance is something that we have to imbibe today. So, in restarting the Nalanda University, we should look towards the future.

In India, there were other great universities also, like Vikramshila and Takshashila. Nalanda University was par excellence. It was the international symbol of India’s eminence in the field of knowledge. Probably, it was the first ever large educational establishment. The college counted the great Buddha

among its visitors and alumni. At its height, it had 10,000 students and 2,000 staff. It was said to have been an architectural masterpiece featuring ten temples, a nine-storeyed library - where monks used to copy books by hand - lakes, parks and students' accommodation. Its students were coming from Korea, Japan, China, Persia, Tibet and Turkey as well as from across the country.

Nagarjuna came here and was associated with it. Nagarjuna's concept of 'madhyamaka', the middle path, was very much part of Nalanda curriculum. It was not only the site of Buddhist studies but also of other fields like medicine, language, philosophy and science. Raja Ramanna, the nuclear physicist told that he was surprised to find the concept of quantum physics and relativity in a text of Nagarjuna. Even the Arabs, who are famous for discovering Arab numericals and for discovery zero, gave the Indians the credit of discovering it.

Such discoveries were made from a base like Nalanda. Today, this much celebrated centre of learning is in ruin.

The University was sacked in 1193 by Bakhtiyar Khilji, the Turkish General and he burnt down its library. This is a frightful episode in our history. Bakhtiyar Khilji destroyed Nalanda and burnt down its library, but he had not been able to destroy and burn down the very ethics of India that Nalanda stood for. Nobody will ever be able to destroy the great achievements of Nalanda.

Now, it is a wise decision to revive this great centre of learning. The proposed University will have collaboration with other old Universities including Al-Azhar University of Egypt; Oxford and Cambridge Universities in Britain; and Harvard University in the USA. But, we must remember that Nalanda was not Oxford or Harvard at that time. Rather we should be proud to say that Oxford, Harvard, Cambridge are what Nalanda was at that time.

In the revival of the old site of learning, we have to remember that our task is not just to restore the past glory, but to put forward the glory of the future. Nalanda must actually represent the building of the glory of the future. Prof. Amartya Sen has observed that the aim of the University should be to contribute to the promotion of regional peace and vision by bringing together the future leaders of East Asia who by relating to their past can enhance their understanding of each other's perspectives.

Mr. Jeffrey Garten, the Professor of Yale School of Management, Yale University has rightly observed that : "A new Nalanda could set a benchmark for mixing nationalities and cultures for injecting energy into global subject … Today, it could be an institution devoted to global religious reconciliation." Further, this is what Vivekananda told in Chicago. He said : "Not to destroy someone's religion for the purpose of ones own religion, and every religion should bear the message of assimilation and not destruction." In my opinion Nalanda stood for this.

So, the idea behind a new University, near the site of Nalanda, should be to ensure three things. Firstly, it should be a quality centre of higher learning with emphasis on Buddhist learning, philosophy, science, literature and language, and environment studies.

Secondly, it should be a retrieval of roots, that is, a connection to the spirit of Indian learning, at least, symbolically, at almost the exact physical location of the ancient University. We must really see to it that the present architecture also reflects the ancient greatness, that is, the innovative architecture.

Thirdly, Nalanda of Yore was a global brand where scholars came from different nations. Given the collaborations with several nations, particularly, of East and South East Asia and interest groups with a stake in this ancient seat of learning, there is every opportunity for the new University to make itself a signature of the new India in a globalised world.

This new University will be a non-State, non-profit, secular and self-governing international institution. As such, I think that it would have been better if the name of the University became 'Nalanda International University'. I think that in the global arena, Nalanda will stand for humanism; for tolerance; for reason; for adventure of idea; and for the search of truth. Many great people came here, received knowledge and went back. They also brought some knowledge and, we received it. It means that good knowledge and good thoughts came to us from every side.

In the words of Ravindra Nath Tagore : "*Debe ar Nebe, Milabe Milibe*." It means that : "We shall give, we shall take, and we shall unite all." This is what Nalanda stood for in the past. Let this new Nalanda University play that role.

With these words, I conclude and support this Bill.

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): Thank you, Sir. At the outset, I support wholeheartedly this sincere effort of our Government, and all Indians will be proud that today for the first time the UPA-led Government has thought of doing something good for this country. … (*Interruptions*)

I must congratulate the Minister that in spite of failure of the RTE and so many other confessions of sincerity falling, by the way on the way, in the progress of the country, the Nalanda University Bill is an extremely welcome step.

Sir, in the years gone by, India has seen many great thinkers like Sri Aurobindo, Vivekananda, who rose above religion, caste, creed and colour and could envision India as a country that was destined to lead this world in the world of spirituality. Sri Aurobindo had created a small example which he wanted to manifest on earth through the education system which is practised in Sri Aurobindo International Centre of Education at Puducherry where I had the good fortune of spending a few years.

Sir, Nalanda University was side by side operating along with other universities of great learning in this country. It was not limited to Shri Shahnawaz's Vikramshila or Takshashila alone, but what was known as Bihar and Orissa earlier, or I would put it Orissa and Bihar earlier, it used to be one whole complexity of humanity where learning was at its peak in this part of the world.

I am proud that we belong to a country which gave the very first universities to this world. When Nalanda, Takshashila and Vikramshila were operating in a certain part of the world, simultaneously, concurrently, there was also Pushpagiri about which Hiuen Tsang, Fa-Hien have written in their treatises that before Nalanda came into existence, historically it is a proven fact, Pushpagiri Vihara was the highest centre of learning in the whole world. People came from Greece, people came from Persia, from Indo-China, from China, and from very many places around the globe to study here, to teach here, to take back learning to their respective countries.

We know that when the Christ was crucified and when he was resurrected, the period in between, ensuing period, it is said that he came to East, he came to India. The Prophet, someone said, had mentioned once that the essence of wisdom he had derived in his life was from the East.

In this background, while supporting this Bill and trying to make my speech as short and definitive as possible, I would request this Government to look at our education as it is today. Since in the East Asia Summits of 2007 and 2009, so many other countries have reposed their faith on India that this is probably the only country where the base of higher education can be created, it is our solemn duty that we live up to this expectation of all our neighbouring countries. We all know we have terrible relationship with our neighbouring countries. The Minister must be congratulated for she has taken the right step that through education, through learning, we can create bonds, and we can make chords and tie chords with our neighbourhood which will go a long way in building a more peaceful, amicable and equitable Asia.

The Look East policy that was espoused by Mr. Atal Bihari Vajpayee is something that we all appreciate. While saying that we also know that the Mahayana Buddhism, the Vajrayana Tatva - which today is headed by the present Dalai Lama - was founded at Pushpagiri Vihara which is based in Orissa. If we are dealing with Nalanda, it is only proper that we consider Pushpagiri Vihara as a complex which should be a part of this centre of learning, this centre of excellence.

It is not only Yale or Cambridge or Harvard that we should look up to. Only the sons of millionaires go and study there. It is not necessary to make foreign universities have an easy game of India. We were the leaders in education, but we have lost our path. We have lost our moorings in the process of history. I must congratulate Madam Minister that she has in her own way found the moorings to bring this society back on its keel.

Only two religions existed in the subcontinent once and they were Sanatana Dharma - I am not saying Hindutva because that is a coloured and discriminatory

word - and Jainism. Later on came Buddhism and Sikhism. But when these two religions, these two paths of life – they are not even religions but two paths of life – existed in this subcontinent, it was a process of learning that created the Gurus. It was not a blind faith in customs and in mere rituals.

Everybody here knows that the maritime activities that were emanating from the then Kalinga, which is part of Orissa now, spread the Indian thoughts of Jainism and later on Buddhism to the Far East and even as far as Arabia. This I would like to say was a period when other parts of India were in the darkness, were uneducated - I am not denigrating anybody – and in some ways were underdeveloped. At that time, the area that is Bihar and Orissa now gave light to the human mind.

I would go back to Huen Tsang's treatises and would request this Government – I will not beg like we heard yesterday somebody was begging – and say that taking a leaf out of Sri Aurobindo's and Vivekananda's teachings, and what Huen Tsang had said in his treatises, let us create a complex of higher education where you get Pushpagiri Vihara and Nalanda together and create a centre of excellence, a centre of learning where our students, the future generations not only of India but also of Myanmar known as Burma, of Thailand, Cambodia, Vietnam, China, Pakistan and Afghanistan, should feel attracted to come here, they should feel attracted to study here, to learn facts of life, to learn things of spiritual excellence, thoughts not only of materialism but also thoughts which are much greater than what we encounter today on the streets.

So, I would only request that this should be considered seriously. I support this Bill wholeheartedly, which is a rare thing for me; and our Party, the Biju Janata Dal, also supports this Bill. We only want that it should be built into a Complex and Pushpagiri Vihar should also be made into a Complex along with Shahnawaz Hussain ji's Taksha Shila, and of course, Nalanda.… (*Interruptions*) I would suggest that this should be taken very seriously and we should go ahead with this.

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Thank you for giving me this opportunity to speak on The Nalanda University Bill, 2010. Nalanda University is a prestigious institution adding glory and fame not only to Bihar but also to our nation. This is a crowning glory to our educational system. At the outset, I support the Bill.

Nalanda Mentor Group head, Shri Amartya Sen has recently stated that it would take some more time for the university to take shape. He is having a doubt in his mind about the financial constraints. The total cost for the establishment of the university will be in the range of Rs.1,000 to Rs.1,500 crore but the Planning Commission has sanctioned initially Rs.50 crore towards the endowment fund. I am sure that the Centre and the State would contribute their might to fulfil the dream. I am of the opinion that finance should not be a constraint to achieve our ambitions.

Nalanda University is perceived as a symbol of Asian cooperation – a decision taken at the East Asian Summits in 2007 and 2009. I am of the opinion that it would be better to expand the composition of the Governing Body of the university with the inclusion of members from other East Asian countries also to lend the university as a university for the whole of East Asia. There is no representation from the HRD Department in the Governing Body. The Governing Body should also be expanded with more members. Hence, I request the hon. Minister to give serious thought on it.

On reading of the Bill, I find that in Clause 12 Visitor of the proposed University has been clothed with enormous power. I am asking the hon. Minister this. Will it not erode the autonomy of the University? In Clause 9, it is stated that the University shall be autonomous and accountable to the governing body but through Clause 12 overriding powers have been given to the Visitor. It is stated in Clause 12 that the Visitor may, after obtaining the views of the Governing Body, takes such action and issue such direction, and University shall be bound to comply with the directions. Governing Board shall be bound to comply with such directions of the Visitor. I would request the hon. Minister to examine the

feasibility of clipping the powers of the Visitor or Nominee in running the University. So, this Clause may be suitably amended.

Finally, I fully support and welcome this Bill, which should pave the way for international understanding and peace; and it would prove to be a landmark one in South Asia and even globally, in the days to come.

With these words, I conclude.

**श्री जगदानंद सिंह (बक्सर):** सभापति महोदय, मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है। मैं बिहार से आता हूं, नालंदा का क्या महत्व है, हम सभी जानते है यह देश और दुनिया के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान प्राचीन काल से है, जिसके पुनरूद्धार की बात आज इस सदन में की जा रही है। मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि प्राचीन भारत के सबसे बड़े ज्ञान स्थल को फिर से पुर्नजीवित करने के लिए इस सदन में बिल आया है। इसमें अवश्य थोड़ी सी परेशानी है कि एक अंतरराष्ट्रीय इनिशिएटिव के तहत यह कार्य हो रहा है। आजाद भारत के 63वें वर्ष में अंतरराष्ट्रीय इनिशिएटिव पर यह कार्य होने जा रहा है, जब कि यह केन्द्र की सरकार के द्वारा बहुत पहले ही होना चाहिए था। सन् 2007 और 2009 की दूसरी और चौथी पूर्वी एशिया शिखर बैठक के निर्णय के कार्यान्वयन के लिए यह बिल सदन में पेश किया गया है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि 770 वर्ष, पांचवी शताब्दी से लेकर 12वीं शताब्दी तक यह विश्वविद्यालय भारत के प्रमुख ज्ञान का केन्द्र रहा। जब 1197 में यह समाप्त कर दिया गया, दुख है कि 812 वर्ष, बाद अर्थात आठ शताब्दी बीत गई, फिर से इसके पुनरूद्धार की बात तय करने में इतना वक्त बीत गया। हम सब खुशनसीब हैं कि जिस नालंदा विश्वविद्यालय की चर्चा हम सब आज तक अपने जीवन में सुनते आ रहे हैं, वह अपने स्वरूप में हम सब के सामने आएगा। हमारे शिक्षा मंत्री जी हैं, संयोग से बिहार में नालंदा खुला विश्वविद्यालय भी है, जो वहां के आम लोगों को शिक्षा का एक अवसर प्रदान करता है। इस अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने प्राचीन भारत में दुनिया को संदेश दिया, जहां दुनिया के हर कोने से विद्यार्थी बन कर, जिज्ञासी लोग नालंदा में आते रहे हैं। आज फिर से दुनिया की चाहत उसी स्थान पर है, जहां प्राचीन काल में दुनिया के लोग आते थे, फिर से दुनिया के सभी देशों को वहां आने का अवसर मिले। उन लोगों को विश्वास है कि भारत का बिहार राज्य का यह स्थान जो ज्ञान का स्थल रहा है, यह फिर से वर्तमान में ज्ञान का स्थल बन सकता है।

सभापति महोदय, मैं इसकी कोई चर्चा नहीं करना चाहता हूं कि बिहार की वर्तमान सरकार ने इसमें पांच सौ एकड़ जमीन एक्वायर करके दी है, पांच सौ एकड़ जमीन और भी लगेगी और हजार-करोड़ रुपए से अधिक खर्च आएगा। एक सामान्य बात मेरे जैसे व्यक्ति के दिमाग में आती है कि यदि हजार-करोड़ के व्यय में नालंदा विश्वविद्यालय का गौरव वापस किया जा सकता है तो क्या भारत सरकार के लिए दुनिया के सामने आवश्यक है कि वह सहयोग के लिए लोगों से कहे या दुनिया के लोगों को सहयोग के लिए आना पड़े।

सभापति महोदय, हमारे महान कवि ने कहा है कि जहां की पुस्तकों को जला दिया जाए तो समझो कि वहां की आबादी को जला दिया गया। आज संयोग से बिहार शिक्षा में इस देश का सबसे पिछड़ा राज्य है। वहां पर सबसे निरक्षर लोग रहते हैं।

यदि 12वीं शताब्दी में यह घटना नहीं घटी होती तो बिहार इस देश के नक्शे पर इतने नीचे पायदान पर नहीं होता। उस समय इस ज्ञान के केन्द्र को समाप्त करना ही बिहार का आज का जो स्वरूप है, उसका कारण बन गया। लेकिन मुझे खुशी है कि अपने स्वरूप में बिहार अब धीरे-धीरे खड़ा हो रहा है।

मैं कोई राजनैतिक बात नहीं करना चाहता हूं, हमारे शाहनवाज़ साहब जो कह रहे थे, मैं उसका जवाब भी नहीं देना चाहता हूं, लेकिन जब इस विश्वविद्यालय का वर्तमान खड़ा होने जा रहा है तो संयोग से शाहनवाज़ जी के लोगों के जाने की बारी आ गई है। मैं इसलिए इस बात को कहना चाहता हूं कि तीन महीने से सारे विश्वविद्यालय वहां बन्द थे, हम वहां पर इस विश्वविद्यालय को स्थापित करने जा रहे हैं, हम प्राचीन गौरव को वापस करने जा रहे हैं, बिहार की सारी शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की इससे हमें वहां एक ताकत मिलेगी, हमें हमारा लक्ष्य मिलेगा और बिहार आगे बढ़ेगा।

इस विश्वविद्यालय के माध्यम से देश ही नहीं, दुनिया में भी धर्म, व्याकरण और अध्यात्म की बातें ही नहीं जाएंगी, बल्कि बिहार भी अपना गौरव वापस करेगा। इसलिए मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस बिल को लाकर यू.पी.ए.-2 ने एक बड़ा काम किया है। बिहार को आगे ले जाने में, शिक्षा के क्षेत्र में यह मील का पत्थर साबित होगा।

इसी के साथ मैं बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI NARAHARI MAHATO (PURULIA): I am highly thankful to you for having given me a chance to speak on the Nalanda (University) Bill. I will not discuss it vividly but in brief.

A number of hon. Members have participated in this discussion. I would say that it is a prestigious Bill. In ancient times the Nalanda University had brought glory and fame to our country. If one looks at the educational system of the ancient India, one would be amazed to see the infrastructure of the Nalanda University. Not only Indian students but students from abroad used to come to Nalanda University for getting education. We know that education is the manifestation of the perfection already in man. Keeping this in mind the Nalanda University was born. The primary object of the Institution was to make the Nalanda University one of the national importance institutions. It is hereby declared that the Nalanda University is known as an institution of national importance.

In this century if we wish to develop our education system or educational infrastructure, we must revisit the ancient education system of Nalanda University and I am sure we will be able to step forward our present education system. We all know that Nalanda University was a prestigious institution which brought glory and fame to our nation. Today, when this Bill is being discussed, I hope that all matters relating to education and educational infrastructure are looked into. I am of the opinion that for an educational institution giving finance alone is not enough but proper thought and reasoning must be given towards it to make it a great institution.

My humble suggestion would be that its Governing Body should be expanded. The institution was very famous in ancient India.

Sir, I do not want to discuss it vividly. I welcome this Bill which is being discussed today on the floor of the Lok Sabha wholeheartedly. Many hon. Members have discussed this Bill. My humble submission to the hon. Minister would be to establish this prestigious institution in near future and inculcate into it our ancient and ancestral prestige.

With these words, I conclude my speech.

**डॉ. भोला सिंह (नवादा):** सभापति जी, जो आलोच्य विषय है, नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2010, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सर्वप्रथम केंद्र सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं और वह हमारे शुक्रगुजार की हकदार है।

सभापति महोदय, जब राजा जनक ने याज्ञवल्क्य से पूछा कि महर्षि हम दुनिया को कैसे देखते हैं? याज्ञवल्क्य ने कहा कि जनक, हम दुनिया को सूरज की रोशनी से देखते हैं। फिर जनक ने पूछा कि महर्षि अगर सूरज नहीं होगा, तब कैसे देखेंगे? याज्ञवल्क्य ने कहा कि जनक, तब हम चांद की रोशनी से देखेंगे। फिर उन्होंने कहा कि यदि चांद भी नहीं हो, तब कैसे देखेंगे? उन्होंने कहा कि अंधेरे में जब हम एक-दूसरे को पुकारेंगे, तो दोनों की आवाज एक-दूसरे से मिलेगी, इस तरह से हम देखेंगे। उसने पूछा कि यह स्थिति भी नहीं हो, तब कैसे देखेंगे? याज्ञवल्क्य ने कहा जनक, तब हम आत्मा के दीप को जलायेंगे। नालंदा विश्वविद्यालय कोई शरीर नहीं है। उसके साथ कोई स्थानीय पृष्ठभूमि नहीं है। वह सांस्कृतिक चेतना का आत्मदीप, संस्कृति और संस्कार है, जब हिमालय का पहाड़ बनता है, तब संस्कृति बनती है।

सभापति महोदय, बिहार सरकार ने जब विकास के कदम उठाए, तो उसने कहा कि केवल आर्थिक विकास होंगे, तो लंका बनेगी, आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विकास होंगे, तो अयोध्या बनेगी। इसीलिए राज्य सरकार ने आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विकास के कदम उठाए। किसी ने ठीक कहा है कि विगत नहीं मरता है, the past is never dead. उससे वर्तमान का फल निकलता है और वह भविष्य का बीज होता है। मैं कहना चाहता हूं कि नालंदा विश्वविद्यालय की किसी राज्य सरकार ने स्थापना नहीं की थी। नालंदा विश्वविद्यालय सामाजिक चेतना का फल था, नालंदा विश्वविद्यालय सामाजिक प्रबंधन का फल था। यह किस तरह से चला करता था? सभापति महोदय, जब ह्वेनसांग नालंदा विश्वविद्यालय में पहुंचा तो एक दरबान जो वहां दरवाजे पर खड़ा था, उसने उसे रोका। ह्वेनसांग से उस दरबान ने कहा कि आपको अंदर जाने से पहले मेरे प्रश्नों का जवाब देना होगा। ह्वेनसांग ने कहा, पूछो। दरबान ने उससे प्रश्न पूछा और उसने जवाब दिया। ह्वेनसांग कहता है कि अरे, तुझे तो वाइस चांसलर होना चाहिए।

तू दरबान बना हुआ है। उसने कहा I have knowledge but I have no meditation. मुझे नॉलेज है पर मेडिटेशन नहीं है। जो वाइस चांसलर होगा, उसे नॉलेज के साथ-साथ मेडिटेशन भी होना पड़ेगा। मैं नॉलेज रखता हूं, मेडिटेशन नहीं। मैं इन बातों को आपके सामने इसलिए रखना चाहता हूं कि आज विज्ञान में प्रगति हुई है, तकनीकी में प्रगति हुई है, दिमाग ने आसमान को स्पर्श किया है, पर ह्रदय के क्षेत्र में हम बहुत पीछे रह गए हैं। आज हम जो पढ़ते हैं, उस जमाने में उसके विपरीत कि हम क्या हैं,

मनुष्य क्या है, हम कहां से आए हैं, इसका अध्ययन होता था। आत्मा को जानने के लिए आत्म को जानना जरूरी है। बिना आत्म को जाने हुए आत्मा को नहीं जाना जा सकता। बिना आत्मा को जाने हुए परमात्मा को नहीं जाना जा सकता। इस संबंध में नालंदा विश्वविद्यालय ने एक बड़ा ही ऐतिहासिक कदम उठाया था।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि नालंदा विश्वविद्यालय में हजरत मूसा ज्ञान प्राप्त करने के लिए आए। कहा जाता है कि हजरत मूसा के साथ-साथ क्राइस्ट भी आए। दुनिया की सारी सामाजिक, सांस्कृतिक भाषा इस विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाती थी। आज बड़ा अंधेरा है, घुप अंधेरा है, हाथ को हाथ नहीं सूझता। हम बड़ी ऊंचाई पर हैं, लेकिन हार्दिक क्षेत्र में बहुत पीछे पड़ते जा रहे हैं। इसलिए नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना से भ्रातृत्व की भावना फैलेगी। नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना से हम दुनिया के देशों की परम्पराओं को जान सकेंगे, दुनिया के देशों की अंतर्कथा जान सकेंगे।...(व्यवधान) हम दुनिया की भाषाओं को जान सकेंगे। सभापति महोदय, इसलिए हम आपके माध्यम से केन्द्र सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं। न केवल नालंदा विश्वविद्यालय बल्कि तक्षशिला और विक्रमशिला ये हमारे सारी लाइट हैं। इन सबको हमें प्रज्ज्वलित करना है ताकि हमारा वर्तमान सुखद हो सके।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं केन्द्र सरकार को इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

**श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज):** सभापति महोदय, आपने मुझे नालंदा यूनीवर्सिटी बिल, 2010 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं इस बिल की ताईद में खड़ा हुआ हूं और इसके लिए सबसे पहले दिल की गहराई से यूपीए सरकार को मुबारकबाद पेश करता हूं। वैदिक दौर से लेकर आधुनिक दौर तक का हिन्दुस्तानी इतिहास यह बताता है कि सियासी, सामाजी, मजहबी, अदबी और तहजीबी व सकाफ्ती मैदानों में रियासत-ए-बिहार का मुकाम बहुत अहम रहा है। प्राचीन भारत की तारीखी अहमियत का तीन-चौथाई हिस्सा बिहार की तारीख से ही जुड़ा हुआ माना जा सकता है। बिहार महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर, शर्फुद्दीन, यहैया, मुनेरी और गुरु गोबिंद सिंह जी जैसे अहिंसा, कुर्बानी, बलिदान, रूहानियत, देश प्रेम और आला अमल व किरदार के आलम बरदारों की सरज़मीं है। यह स्टेट संतों, सूफियों, आलिमों और ज्ञानों का केन्द्र रहा है। प्राचीन काल में इसने भारतीय जनता को एकता के सूत्र में बांधा, पंचशील के सिद्धान्तों को आम किया और उसे लोगों में फैलाया। मध्य काल में सूफी और संतों के जरिए शान्ति और नैतिकता का जबरदस्त प्रचार किया गया। बिहार शिक्षा, कला, मजहब-ओ-रूहानियत की धरती रही है। जहां नालंदा, विक्रमशिला और वोदन्तपुरी की यूनिवर्सिटीज़ में विज्ञान, दर्शन, भाषा शास्त्र, समाज शास्त्र, साहित्य, आयुर्वेद, तंत्र और कई दूसरे विषयों की तालीम के लिए हिन्दुस्तान के दूसरे प्रान्तों और विश्व के दूसरे देशों से शिक्षा और इल्म के प्यासे अपनी इल्म की प्यास बुझाने आते थे। नालंदा का मतलब ही इल्म और शिक्षा देने वाला है।

427 ईसवी से 1197 ईसवी के दौरान यह यूनीवर्सिटी बुद्धिस्ट तालीम का मरकज़ रही है। मौरियन सम्राट अशोका ने अगर इसकी तामीर में हिस्सा लिया, तो गुप्ता काल में उसे उस वक्त के राजा की सरपरस्ती हासिल रही। नालंदा को तारीख की सबसे बड़ी यूनीवर्सिटी में से एक यूनीवर्सिटी होने का दर्जा हासिल था।

महोदय, आज जबकि सदन में नालंदा यूनीवर्सिटी बिल, 2010 पर बहस हो रही है, तो मैं इसकी भरपूर ताईद करता हूं। हमें विश्वास हो चला है कि रियासत-ए-बिहार इस यूनीवर्सिटी के कयाम के जरिये पुरानी तारीखी रिवायतों को फिर से पनपता हुआ देखेगी और दुनिया के सबसे पुराने शिक्षा केन्द्र से, जहां कभी चीन, यूनान, पर्शिया, कोरिया, श्रीलंका और इंडोनेशिया से आये दस-दस हजार तलबा लगभग दो हजार ज्ञानियों से शिक्षा पाते थे, फिर वही तारीख दोहरायी जायेगी।

महोदय, पांचवीं सदी मे कायम करदा नालंदा यूनीवर्सिटी के खंडहर आज भी उसके अतीत के अमली दास्तान और कुशान तर्जे-तामीर की झलक पेश करते हैं। आज जिस नालंदा यूनीवर्सिटी बिल पर बहस हो रही है, उसके बुनियादी मकासिद ये हैं –

1. मैम्बर मुमालिक में कदीम उलूम बिलखसूस वो उलूम जिनका रिवाज सदियों पहले नालंदा में था, जैसे फलसफां, लिसानियत, तारीख और हायर एजुकेशन के उन मजामीन के सिलसिले में तहकीक की कुवत पैदा करना है, जो म्यारे जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए अजहद जरूरी है।

2. ईस्ट एशिया के मुस्तकबल के उन रहनुमाओं को इकट्ठा करके, जिनकी माज़ी की तारीख एक-दूसरे की मसाइल और उनके मुख्तलिफ पहलुओं को समझने से मुत्तालिक हैं, उन्हें एक जगह लाकर इलाकायी अमन व सकून को बढ़ावा देना है।

3. तालीम और निसाव-ए-तालीम में उन मेयारात को लाना, जो तमाम मैम्बर मुमालिक को काबिले-कबूल हों, ताकि तालीमी-ए-मियार में हम अहंगी लाई जा सकें। इसकालसर और मैम्बर मुमालिक की माबैन एक मुनफरिद साझेदारी का माहौल पैदा करना। गौतम बुद्ध की तालीमात को मौजूदा दौर में उन दूसरे अफकार को खारिज किये बगैर समझना, जो दुनिया के किसी हिस्से में भी मौजूद हों। एशियाई मुल्कों के बीच खुसुसन जुनुबी मशरकी एशियाई मुमालिक के बीच जो मजबूत तारीखी मुमासलत, तिजारत, साइंस, रियाज़ी, मजहब, फलसफां और सकाफती हम आहंगी है, उन पर रिसर्च और तहकीकात को बढ़ावा देना। तलबा के दरम्यान एक-दूसरे को समझने और उन्हें बर्दाश्त करने की कुवत पैदा करना ताकि उन्हें मयारी शहरी बनाया जा सके और बेहतरीन जम्हूरी समाज की तशकील की जा सके। सदियों पहले राईज नालंदा की तालीम के तनाजूर में मैम्बर मुमालिक की तालीम के तनाजुर को बेहतर बनाना और मैम्बर मुमालिक के माबेन मुख्तलिफ उलूम-ओ-फनून और पेशा वराना सलाहयतों की तरबियत फरहम करना।

महोदय, नालंदा यूनीवर्सिटी के लिए बिहार सरकार ने जमीन फराहम की। वह शुक्रिया की मुस्तहिक हैं और इसी तरह हम अपनी यूपीए सरकार को दिल की गहराइयों से मुबारकबादी देते हैं और शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने उस अजीम यूनीवर्सिटी की तामीर के लिए, उसे बनाने के लिए दिल खोलकर फवड फराहम किया।

महोदय, चूंकि मैं इस सदन में किशनगंज की नुमाइंदगी करता हूं, इसलिए इस मौके पर इस मामले का जिक्र करना भी जरूरी समझता हूं कि तालीम-ए-लिहाज से बिहार की सबसे ज्यादा पसमांदा कमिश्नरी पूर्णिया है। वहां सभी फिरकों में तालीम की शरह बहुत ही कम है। उस कमिश्नरी के किशनगंज में एएमयू के स्पेशल सैंटर के कयाम के लिए वहां के सभी मजहबों और तबकों के अवाम रियासती सरकार की तरफ निगाहें उठाये हुए हैं। अगर रियासती सरकार उस स्पेशल सैंटर के लिए चंद टुकड़ों में दी गयी जमीन को एकजा करके उसे एएमयू को जल्द फरहाम कर दे, तो मुझे उम्मीद है कि उस इदारे के कयाम से भी बिहार तालिमी फिलड मौ अपना अहदसाज रिकार्ड बनायेगा।

महोदय, तालिम के फरोग़ में यूपीए सरकार दिलचस्पी दिलकशीं का मुज़ाहरा कर रही है, इसलिए मैं यूपीए सरकार की लीडरशिप की खिदमत में एक शेर नज़र करके अपनी बात पूरी करता हूं - " कोई बज्म हो कि कोई अंजुमन, ये शेआर अपना कदीम है, जहां रोशनी की कमी मिली, वहां एक चिराग जला दिया।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली):** महोदय, नालंदा विश्वविद्यालय को देखने से मालूम होता है कि कबीर दास जी कहा करते थे - अचरज देखा भारी साधू, अचरज देखा भारी। विश्वविद्यालय के लिए राज्य सरकार ने एक कानून बनाया नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007 और अब दूसरा कानून आ गया नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2010 भारत सरकार के द्वारा, विदेश विभाग के द्वारा। अब ये दो विश्वविद्यालय हैं या एक ही विश्वविद्यालय है, कौन सा कानून चलेगा इस पर? एक विश्वविद्यालय एक होगा और कानून दो होंगे या राज्य सरकार वाला कानून खत्म हो गया और अब यह कानून रहेगा? यह मेरा सवाल है। इसमें लिखा है कि प्रस्ताव विधान यह उपबंधित करता है कि भारत के राष्ट्रपति आदेश द्वारा किसी व्यक्ति को कुलाध्यक्ष नामनिर्दिष्ट कर सकेंगे। फिर कहा गया है कि बिहार के विधानमंडल द्वारा अधिनियमित किए गए नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007 के उपबंधों के अधीन नियुक्त नालंदा विश्वविद्यालय का कुलाध्यक्ष राष्ट्रपति के नामनिर्देशित के रूप में नियुक्त किया समझा जाएगा। फिर आगे लिखा गया है कि उक्त नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम, 2007 के उपबंधों के अधीन नियुक्त नालंदा विश्वविद्यालय का कुलाधिपति प्रस्तावित विधान के अधीन कुलाधिपति के रूप में नियुक्त किया गया समझा जाएगा और प्रस्तावित विधान के प्रारंभ की तारीख से तीन वर्ष की अवधि तक पदधारण करेगा। इसमें बड़ा कंफ्यूजन है। पांच वर्ष का कार्यकाल उस कानून में है और तीन वर्ष का कार्यकाल इस कानून में है। यह अलग-अलग है। राज्य सरकार बहाल कर दे, वह भी रहेगा, जो राष्ट्रपति बहाल करेंगे, वह भी रहेगा। यह कैसा कानून है? इसलिए मैं इस पर  स्पष्टीकरण चाहता हूं। यह बात साफ होनी चाहिए कि यूनिवर्सिटी एक और कानून दो? राज्य सरकार का कानून अलग और भारत सरकार का कानून अलग। पांच वर्ष से मैं सुन रहा हूँ। इसका इतिहास बहुत पुराना है। जब ह्वेनसांग आए थे, नालंदा विश्वविद्यालय में वाइस-चांसलर नियुक्त हुए थे। यह उस समय की दृष्टि थी कि एक चाइनीज यात्री, जो यहां बुद्ध धर्म का अध्ययन करने आये थे, वहां वाइस चांसलर नियुक्त हो गए। शीलभद्र चांसलर थे और ह्वेनसांग वहां वाइस-चांसलर थे। अब यह स्पष्ट नहीं है कि वाइस-चांसलर राज्य सरकार नियुक्त करेगी या भारत सरकार नियुक्त करेगी?

इसमें लिखा है कि पीपी मॉडल से होगा। माननीय शिक्षा मंत्री कह रहे हैं कि मॉडल स्कूल भी हम पीपी से करेंगे, कितने वर्ष इसमें लग गए? ऐसे ही नालंदा विश्वविद्यालय  के बारे में पांच वर्ष से सुन रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री 20 बार कलाम साहब को प्रोफेसर बहाल कर चुके हैं। 20 बार अखबार में छपा कि कलाम साहब एशोशिएट प्रोफेसर हो गए। हम लोग आजिज हैं कि यह यूनिवर्सिटी कब शुरू होगी। इसमें 1050 करोड़ रूपए खर्च होने हैं, 50 करोड़ रूपए योजना आयोग ने तय किया है। अब पीपी मॉडल दुनिया भर में खोजा जाएगा। इसमें दलाईलामा साहब को शामिल नहीं किया कि चीन का भी सहयोग लेना है।

चीन का सहयोग चाहिए तो दलाईलामा, जो धर्म गुरू हैं, उनको कैसे जोड़ा जाएगा। कह रहे हैं कि हम बुद्ध धर्म पढ़ाएंगे, वहां जो धर्मरक्ष, महाबोधकल्याण, अनिरूद्ध, मंजूश्री, महाकस्सप आदि सभी जो बौद्ध अनुयायी थे, महायान, हीनयान संप्रदाय, आचार्य विमलकीर्ति, कुमारजीव - जो जम्मू-कश्मीर के राजकुमार थे जिन्होंने चीन की राजकुमारी से शादी की थी, आचार्य विमलकीर्ति की रचना का आठ बार चीन में अनुवाद हुआ, जापान में अनुवाद हुआ, विमलकीर्तिनिर्देश को पढ़कर जापान के राजा ने उसे राजधर्म घोषित कर दिया। यह सब चीजें भी हैं। सवाल इस बात का है कि किस बात का वहां अध्ययन होगा, कब से होगा। पांच वर्ष तो बीत चुके हैं।

**18.00 hrs.**

अब पीपीपी माडल के तहत यह किया जाएगा, तो मैं कहना चाहता हूं कि आपने माडल स्कूल्स को भी पीपीपी योजना के तहत खोलने की बात कही है, लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई है। यह तो एक युनिवर्सिटी है और इसमें अन्य देशों की भी भागीदारी होगी, तो इसमें पीपीपी माडल लागू करेंगे तो पता नहीं यह नालन्दा विश्वविद्यालय कब खुलेगा। नालन्दा युनिवर्सिटी के मेंटल ग्रुप में अमर्त्य सेन जी भी हैं। उन्होंने भी कहा है कि नालन्दा विश्वविद्यालय को पुनः खोलने में समय लगेगा। यह मैं नहीं कह रहा हूं, अमर्त्य सेन जी ने कहा है। इसलिए हमें भी आशंका है, क्योंकि पीपीपी माडल में समय लगता है। जब माडल स्कूल्स उसके तहत अभी तक नहीं खुल सके हैं तो इधर तो आपको युनिवर्सिटी बनानी है। इसलिए हम चाहते हैं कि समय पर इसका स्पष्टीकरण हो। एक युनिवर्सिटी और दो कानून, राज्य सरकार का अलग और केन्द्र सरकार का अलग, इसके भी स्पष्ट किया जाए।

MR. CHAIRMAN : Hon. Minister for Parliamentary Affairs wants to say something.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Hon. Members representing various parties at the B.A.C. yesterday were good enough to agree to my request that if we were to take up the discussion in the morning, as we did today, we would sit late and conclude two Bills today. The one Bill which is being taken up and this I hope would be concluded in the next few minutes only, and thereafter the next Bill, viz., Educational Tribunals Bill may also be taken up. Then, we can take up `Zero Hour' matters.

MR.CHAIRMAN: What is the sense of the House?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

MR. CHAIRMAN: So, the House has agreed.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...*[*]

MR. CHAIRMAN: Shri Prasanta Kumar Majumdar. Please conclude within two minutes.

… (*Interruptions*)

[*] Not recorded.

**18.05 hrs** (Dr. Raghuvansh Prasad Singh *in the Chair*)

*SHRI PRASANTA KUMAR MAJUMDAR (BALURGHAT) : The most ancient university of the world is the university of Nalanda which was set up in the 5th century A.D. All the emperors of that era like the Maurya emperors, Gupta emperors or the Pal emperors gave patronage to this institution. On a land of 14 acres, the university was built with 10,000 students and 2000 teachers coming under one roof. They used to stay together and learn. Not only that, the major attraction of the institution was its library. It was a nine-storey building comprising of scores of books and manuscripts. The library was known as a treasury of truth. The architecture of the building was also a masterpiece. The curricula were so vivid that all aspects of learning were covered, all disciplines were taught. Starting from ancient science, medicine, logic, metaphysics, philosophy, yoga, Buddhism, foreign philosophy, austerity – everything was dealt with. Shilabhadra, Atish Dipankar were the acharyas of the university. They were well-known for their in-depth knowledge and far-reaching vision.

So such was the quality and stature of the university which was situated in Bihar. But today what is the educational scenario of this state? It is in a pitiable situation. There has been absolutely no development and Bihar is lagging far behind in knowledge and education. The Government of India and the State Government should have paid more attention to this aspect. Not only that, the East-Asia Summit Conference has proposed that the teaching of Buddhism should be strengthened through international research. If that becomes possible then Buddhism will spread in the entire Himalayan region, Tibet, Bhutan. Moreover, Gautam Buuddha used to stay in this region. Therefore Buddhism as well as

* English translation of the Speech originally delivered in Bengali.

Jainism were discussed at length. There were exchange of ideas and opinions. Various subjects used to be taken up for in-depth analysis. Scholars from all over the world – from Tibet, China, Philippines, Malaysia and other parts of East Asia used to pour in to study in this university. It was an international residential university. Infact the first of its kind. Therefore it has a rich tradition. The Government should have revived it many years ago to make it regain its past glory. Bihar could also have progressed shedding its backward tag. It is very unfortunate that neither the Central Government nor the State Government ever thought of promoting our heritage and culture. The Turkish emperors had tried their best to vanquish our rich, prosperous heritage but failed every time, they could not destroy the cultural fabric of our country. It is still shining bright. So it is time we do something about our tradition.

This Bill is non-payment, non-profit, private partnership, autonomous and accountability Bill. I whole-heartedly support the Nalanda University Bill 2010 and also emphasize that the views of Hon. MP of the area should be considered seriously. In the end I congratulate the Central Government along with the State Government for coming out of deep slumber after such a long time and introducing this important Bill in this august House. With the words, I thank you for allowing me to speak and conclude.

DR. TARUN MANDAL (JAYNAGAR): Mr. Chairman, Sir, I welcome this Bill. This Bill will help increase the number of universities in our country and particularly when it is established in the name of Nalanda, it will help us to have an introspection about our past glory and rich heritage. This university should help the present day generation to develop democratic spirit and secular and scientific fabric advocated by our nation builders and great educationists of this country who thought that every seat of education should be for making a person a complete human being and it should help him to build good character in human beings. Every university should make students as comprehensive men when they come out of the university and not sectarian men.

In this connection, I would like to draw the attention of the hon. Minister towards Clause 24 of this Bill where there is a provision for introduction of Business Management in relation to Public Policy and Development Studies. I believe that this goes against the very objective as declared and it should not be a part of this university's education system.

Secondly, in Clause 33 of this Bill, regarding service conditions of employees of the university it has been stated that they would be appointed on the basis of a written contract. I suggest that all employees should be made permanent. Then, there is a provision regarding arbitration for any problems of professors and other employees of the university. There is a tribunal proposed for that and there is no scope for anybody to go to court. I suggest that they should be allowed to go to court. If students and teachers want to lodge any complaint against the management, there is no scope for that. So, they should also have scope to go to court.

Then, PPP will be a hindrance to the cause of this university. As one of our great parliamentarians and later Vice President of India Dr. Sarvapalli Radhakrishnan once said, our universities and institutions should be a seat of free thinking and sovereign ideology. To achieve this, PPP would be a hindrance for the students to come into this university.

Further, the Governing Body and the Academic Council should always be elected and nominated members should be very less so that the democratic structure of our education system remains. With these words, I support this Bill.

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Mr. Chairman Sir, thank you for allowing me to participate in this very important debate. The Nalanda University Bill 2010 is, in my opinion, an extremely important step as India is a rising power and as we flex our soft power, I think, this falls within the ambit of our soft power. This would have been not possible maybe 10-15 years ago but that it has happened in the year 2010 augurs well for our country and for the people at large.

My Party, the Sikkim Democratic Party, welcomes this as a very interesting and a very good development for our country and for our people. The people of Sikkim would like to thank not only the Government of India but also the people of Bihar for this great step forward. The people of Sikkim and mainly the Buddhists of Sikkim will find it a very useful mechanism for further studies.

In this context, I would like to draw the attention of this House to two very important visits made by our Prime Ministers. The first was by our Prime Minister, Pandit Jawaharlal Nehru, in 1959, when Palden Thondup Namgyal, the King of Sikkim at that time, set up the Namgyal Institute of Tibetology. You will recall that at that time, in 1959, there was already a movement in Tibet and all the Buddhist books and literature, which were there, had to be kept somewhere and in this great institution, called the Namgyal Institute of Tibetology, which is housed in Sikkim, with the help of Pandit Jawaharlal Nehru and the Government of India, at that time, this was set up.

Then the second was in the year 1982 when none other than our then Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi, visited the same institution. This institution is a vibrant institution housing an immense amount of resource in the area of Buddhist studies. I would, therefore, make a humble plea that the Director of Namgyal Institute of Tibetology be a member of the governing council of this wonderful university that is going to come because it links the Buddhists thought of that time, which is housed in this institution, to the new and upcoming university.

Finally, I would like to make another comment that as history repeats itself, now we find in the year 2010, the Nalanda University coming up as a centre of

great learning. It is something which we all as Indians should be very proud of. With these words, I thank the Government and this House for, at least, giving full support to this Bill.

**श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान):** महोदय, आपने बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद करते हैं। बिहार महान जनता की तरफ से और अपने निर्वाचन क्षेत्र, देश रत्न डॉ. राजेन्द्र बाबू की पावन पवित्र जन्म स्थली सीवान की जनता की और से कोटि-कोटि केंद्र सरकार को धन्यवाद देंगे। श्रीमती सोनिया गांधी के प्रति आभार व्यक्ति करते हैं। देश के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करेंगे कि बिहार की गौरवमय इतिहास को पुनः दोहराने के लिए यह महत्वपूर्ण विधेयक लाए हैं। निश्चित रूप से बिहार देश का जगतगुरु रहा है, लेकिन विगत कुछ वर्षों में बिहार की शिक्षा में ह्रास हुआ है। बिहार की डिग्री की मान्यता दूसरे राज्यों में नहीं हो रही है। उसका कारण भी था कि नालंदा विश्वविद्यालय जैसे विद्यालय होने के बावजूद जो स्थिति पैदा हुई, उससे बिहार के शिक्षा जगत में शिक्षा का ह्रास हुआ। उससे बिहारवासियों को काफी लज्जित होना पड़ा। इसका कारण भी था, क्योंकि बिहार के शिक्षा मंत्री को डिग्री घोटाले कांड में जेल जाना पड़ा था, लेकिन केंद्र सरकार ने यह महत्वपूर्ण विधेयक ला कर एक बार पुनः दुनिया में बिहार के मान और सम्मान बढ़ाने के लिए जो महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, हम उनका स्वागत करते हैं और इस विधेयक का समर्थन करते हैं।

**श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी (कोकराझार):** सभापति महोदय, आपने नालंदा विश्वविद्यालय विधेयक, 2010 पर मुझे बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। सबसे पहले मैं इस विधेयक को प्रस्तुत करने के लिए यूपीए सरकार को बधाई देता हूं। लेकिन इस के साथ साथ मेरी कुछ मांग है और उन मांगों को भारत सरकार को अति जल्द ही पूरा करना पड़ेगा। पहली मांग है कि हमारे बोडोलैंड में भी एक केंद्रीय विश्वविद्यालय होना चाहिए। दूसरी मांग है कि आज हमारी सरकार ने सारे देश में कम से कम 30 केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए पॉलिसी अपनाई है। लेकिन हमारे बोडोलैंड में बोडो भाषा से बोडो माध्यम की जो शिक्षा विगत 1963 साल से चलकर आयी है, वह आज समाप्ति के कगार पर है। कम से कम बोडो माध्यम के 1000 प्राथमिक स्कूल, 500 अपर प्राइमरी स्कूल्स, 500 संख्या के हाई स्कूल्स को असम सरकार धनराशि के अभाव के बहाने पर प्रोविन्सेलाइजेशन सिस्टम में नहीं ला पाई है। हमारी बोडो भाषा को वर्ष 2003 में भारत सरकार ने भारत के संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया है। लेकिन हमारी बोडो भाषा की जो बोडो मीडियम शिक्षा है, वह समाप्त होने जा रही है, उसकी रक्षा कौन करेगा? Who will rescue the moribund Bodo medium schools? आज देश में 30 केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की बात हो रही है। नालंदा विश्वविद्यालय आज कई शताब्दियों के बाद फिर बनने जा रहा है। उसके बाद आप लोग क्या करेंगे? निश्चित तौर पर सुपर यूनिवर्सिटी भी बनाने जा रहे हैं। लेकिन हमें क्या मिलेगा? आज जम्मू-कश्मीर की हालत बिगड़ रही है। बोडोलैंड अंचल के लोगों के दिल दिमाग में जो परेशानी है, उस परेशानी की भी सरकार को चिंता करनी चाहिए। उसकी तरफ भी सरकार को ध्यान देना होगा। इसलिए मेरी मांग है कि नालंदा विश्वविद्यालय की तरह एक कैम्पस हमारे बोडोलैंड में भी स्थापित करना चाहिए। बोडोलैंड जो स्टेट यूनिवर्सिटी बन चुकी है, उस बोडोलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी को केन्द्र सरकार को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का स्टेटस देना पड़ेगा और बोडो माध्यम के जितने प्राइमरी स्कूल्स हैं, अपर प्राइमरी स्कूल्स हैं और हाई स्कूल्स हैं उनको पुनर्जीवित करने के लिए केन्द्र सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे, यह मेरी मांग है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI PRENEET KAUR): Mr. Chairman, Sir, in the first instance, may I express my appreciation and gratitude to the hon. Members for supporting the Bill and their valuable suggestions made regarding the establishment of the Nalanda University?

I would first like to clarify that the Ministry of External Affairs has taken on the task of drafting the legislation to establish the Nalanda University as the University is to be international in character. It is being supported by 15 other countries at the East Asia Summit meetings, and the idea would be to establish it as an international centre for excellence to remind us of the glory of ancient Nalanda.

The Nalanda University shall be established as a non-State, non-profit, secular and self-governing international institution with continental focus. The Government of India, as the host country, shall make the land available. The Government of the State of Bihar, which has acquired 446 acres of land for the University, has agreed to transfer this land to the Nalanda University.

Private donations, international contributions from other foreign Governments and member countries of the East Asia Summit are expected on a voluntary basis. Positive indications have been received from some of the member countries of the East Asia Summit for this project.

In fact, the Foreign Minister of Singapore, in his recent visit, has given an offer of four to five million dollars as private donations from there to set up a Library in the Nalanda University.

Regarding the various suggestions put forward by the hon. Members, I would like to submit that the Bill we will pass today gives only the framework and outline of the establishment of the University and its structure.

There are possibilities of incorporating these valuable suggestions made right from our opening speaker, Shri Shahnawaz Hussain to every other Member

of Parliament here while drafting the statutes, Ordinances and Regulations following upon this legislation to be drawn by the governing body.

Dr. Girija Vyas ji said that besides reviving the ancient knowledge we should also project the present skills that are bringing our country into great prominence. So, when there are going to be six schools already in the existing draft, the Board of Governors has also envisaged another school which is for Information Technology to be set up. Schools can always be expanded, as we see the need to do so and as sufficient resources become available as there is an enabling clause to open any other school as decided.

I would especially like to thank Shri Satpathy ji for his rare support and appreciation that he has given for the step taken by the Government of India and the Ministry of External Affairs. He made a great reference to Pushpa Vihar University. I am sure that with the full support of all your people of Orissa and if your Government does put this step forward, you should be able to manage to set up again this ancient school of learning.

We do require as this was our international initiative to announce that we will be setting up the University at Nalanda at the earliest.

The early passage of this Bill by this august House will enable the Government to fulfil its international obligations and initiate action to set up the University.

With these words, I would request the House to pass this Bill.

MR. CHAIRMAN : The question is:

> "That the Bill to implement the decisions arrived at the Second East Asia Summit held on the 15th January, 2007, at Philippines and subsequently at the Fourth East Asia Summit held on the 25th October, 2009, at Thailand for the establishment of the Nalanda University in the State of Bihar as an international institution for pursuit of intellectual, philosophical, historical and spiritual studies and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: The House shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 44 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 44 were added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula, the Preamble and the Long Title were added to the Bill.*

SHRIMATI PRENEET KAUR: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed. "

MR. CHAIRMAN : The question is

"That the Bill be passed. "

*The motion was adopted.*

---

**18.26 hrs.**

## EDUCATIONAL TRIBUNALS BILL, 2010

MR. CHAIRMAN: Now, the House shall take up Item No. 19 – Educational Tribunal Bill.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI KAPIL SIBAL): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to provide for the establishment of Educational Tribunals for effective and expeditious adjudication of disputes involving teachers and other employees of higher educational institutions and other stakeholders (including students, universities, institutions and statutory regulatory authorities), and to adjudicate penalties for indulging in unfair practices in higher education and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration. "

I was privileged to be present in this House today to listen to an enormously informative and enlightening debate on the revival of Nalanda University. It gave me great pleasure to witness the extent of unanimity that I was able to perceive in this House during the course of that debate. It is with this unanimity as we revive the past, to make India a crucible of knowledge once again, that is required for us to move forward.

I find that when we revive the past, we move with unanimity; and when we try to construct the future, unfortunately, there is always dissention. I believe that the time has come, specially, in the field of education to change all that. Education impacts every child in this country, every young man and woman who are going to university, every family who try very hard to make sure that their children get very high quality education. Every thinking member of society is impacted by education that the State and the private sector provide in this country. It is now our new tryst with destiny to be able to provide the kind of quality education that is demanded by our children, that is required for our children, that is

crucial if you want to take our nation forward with this thought. It is with that I want to introduce this Bill today for your consideration.

The second thing that I want to state is that no law is perfect. When we enact a law, it is on the basis of our understanding of the past our understanding of the needs of the present and our understanding of what we have to combat in the future. But our understanding in the past may be imperfect. Our realisation of what is required in the present may also be imperfect. Our ability through the law to deal with the challenges of tomorrow may be equally imperfect.

So, I want state right away that no law is perfect like no human being is perfect, like no State is perfect. Therefore, we should approach the issue with the intent that, what we are trying to do is to build the future for our people.

Let us move forward with a sense of unanimity that we showed in the House as we seek to built upon the energies of India of the past, the enlightenment of India of the past, the crucible of knowledge that India was in the past; it should be our cherished dream that we bring forth in the future for our children the very same crucible of knowledge.

Sir, what is the future? Why are we trying to take this step forward? The future is of 546 million children who are less than 25 years of age. That is the future that we are looking at. When India became independent, our literacy level was 16 per cent. It was 16 per cent of 300 million people, which makes it less than 50 million in all. Today, our literacy level is 64 per cent of 1.2 billion people, which is over 750 million people.

Times have changed. What we needed to deal in the past is no longer relevant for the present and what we need to do to deal with the future is something that we together have to create for our own children. So, in a sense, this is the first historic step that this House is taking to move away from the past to create a future for our children. I do not say that this is a perfect step. I do not say that this is going to solve the problems of India. But what I say to you, Sir, is that it is time for us to stand united and show the same sense of unanimity that we

showed just a couple of hours ago. Now, this is the first of a string of four Bills that we are going to bring to this House, which have already been introduced in Parliament.

As we move forward in education, more and more of our young children are going to go into higher educational institutions. We are now served by about 504 universities. We are now served by 25,951 colleges. But I dare say by 2020 we will have to build another 800 universities. By 2020 we will need another 35,000 colleges. There is no way in the world that the Central Government can build these colleges and set up these universities. The players and the stakeholders of the future are different. Our solutions for the future must also be different.

Now, in the process, you are going to get all kinds of disputes—disputes between universities and affiliating colleges, disputes between institutions like AICTE when they grant approval to institutions, disputes between the MCI when they grant approval to institutions, disputes between the UGC when they grant approval and recognition to institutions, inter-se university disputes, inter-se college disputes, disputes between teachers and the university, disputes between students and the university. The nature and the extent of disputes are going to increase exponentially.

But we are not prepared for the future. We do not have an architecture of the future for the resolution of these disputes. This Bill is an attempt to create that architecture. This Bill is an attempt to set up a separate system of adjudication of disputes, away from the civil court, away from the appeal court, away from all the present systems of adjudication, which are dilatory, which are ineffectual. Teachers must be seen in the class, not in the court rooms. Teachers should not have to run from the sub-judge and then go to an appeal court. Teachers must know that there is a particular forum, a fixed forum, where they can go and get redressal of their grievances and this does not apply to teachers alone. It applies to students. It applies to private institutions. It applies to public institutions.

I dare say that there is going to be an increase of private investment in the education set up. We see what is happening in the private sector. You have an advertisement which says one thing but on the ground what you get is something entirely different. Therefore, the next Bill that is going to come before you is a Bill on educational malpractices. Those educational malpractices will also be decided by the same Tribunal. You have advertisements which, in fact, hoodwink young students. You have people who charge capitation fee and there is no way to go to any particular forum for adjudication of those disputes.

So, the point that I wish to make is that the nature of the education scenario in the next 10-20-30 years is going to be entirely different from what prevailed in the past. The aspirations of our young people are entirely different. What we have tried to do in the process is to build a two-tier system, a system of State Tribunals and three National Tribunals and through that process give succour to those who might have grievances against the system, against institutions, teachers against universities and so on. Through this two-tier system we have tried to make sure that all stakeholders have a remedy that they can actually seek out as they move forward. That is really the purpose of this Bill.

The third Bill, which has been introduced and which is going to come before you, is a Bill relating to accreditation, namely, no institution which imparts higher education must go without accreditation because that ensures quality. Those processes must be far removed from the Government. What we have tried to do in the three Bills is to move away from Government and allow the university system to mushroom on its own. Universities like Nalanda become centres of excellence, centres of learning and Government should have very little to do with them and allow them to mushroom on their own so that they can provide the kind of quality education that we need for our future. Yet make sure and regulate the system in such a way that the private sector does not exploit the poor people of our country. That is very very important. That is why the regulation.

Of course, in the context of all this we are also going to talk about foreign education providers. But all this will come up before the Standing Committee. It is before the Standing Committee. We will not move forward. I will give an assurance to this House that we will not move forward unless we have had a full dialogue with every Member sitting on the other side of the House. We want unanimity because this is important not for politics, it is important for the future of our children. Therefore, there should be no difference of opinion on this particular issue.

With these words, I commend that the Bill be taken into consideration.

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

> "That the Bill to provide for the establishment of Educational Tribunals for effective and expeditious adjudication of disputes involving teachers and other employees of higher educational institutions and other stake holders (including students, universities, institutions and statutory regulatory authorities), and to adjudicate penalties for indulging in unfair practices in higher education and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** महोदय, मैंने बहुत ध्यानपूर्वक माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी के वक्तव्य को सुना। नालंदा विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विधेयक के बारे में इस सदन ने जिस प्रकार की वैचारिक एकता का प्रदर्शन किया और भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति के बारे में जिस प्रकार का स्नेह, ज्ञान और सम्मान प्रकट किया, उसके लिए मैं सदन का बहुत आभारी हूं। मंत्री जी ने एक बात यह कही कि जब कभी हम अपने अतीत की तरफ ध्यान देते हैं तो हम बड़ी एकता का परिचय देते हैं और जब कभी हम भविष्य की तरफ देखते हैं, उसके बारे में कुछ विचार करते हैं तो हममें विरोधाभास उत्पन्न हो जाता है। अतीत एक यथार्थ था और उसके विषय में सभी को ज्ञान है कि वह क्या था। नालंदा विश्वविद्यालय क्या था, वहां क्या शिक्षा होती थी, कैसे होती थी, वह विश्व भर में लोगों को मालूम है? इसलिए उसके बारे में कोई विमति होने का या असहमति होने का सवाल नहीं उठता है, लेकिन भविष्य के बारे में तो अभी गर्भ में है। यह कहना बहुत मुश्किल है कि वह गर्भ कहीं किसी विकलांग को जन्म तो नहीं देगा। संभावना यही है। वह स्वस्थ्य भी हो सकता है और विकलांग भी हो सकता है। इसलिए उसके बारे में चिन्ताएं होना, आशंकाएं होना बहुत स्वाभाविक है। प्रयत्न यह होना चाहिए और हम सबका यह प्रयत्न होना चाहिए कि वह स्वस्थ्य निकले। एक हैल्दी, वायवरेंट, प्रोग्रेसिव विधेयक का जन्म हो।

आप उस विधेयक की दाई बनकर खड़े हुए हैं, midwife of that Bill. हमारी पूरी शुभकामना है कि वह विधेयक जब अधिनियम का रूप ले तो एक स्वस्थ अधिनियम के रूप में उन तमाम आशंकाओं को निर्मूल साबित करे जो इस सदन में हो सकती हैं या होंगी।

**श्री कपिल सिब्बल:** मैं तो शायद मिडवाइफ हूँ लेकिन डिलीवरी आपको करनी है। ...(व्यवधान)

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** वह हम कर देंगे, लेकिन हम [illegible]ीय पद्धति से करेंगे, नालंदा की पद्धति से करेंगे और आप याद रखिये कि सिज़ेरियन भी नहीं करेंगे। ...(व्यवधान)

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर):** वे तो एबॉर्शन की तैयारी में हैं। ...(व्यवधान)

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** जी नहीं, वह तो इन्होंने इतना अस्वस्थ कर रखा है कि वह स्वतः ही अबॉर्ट हो सकता है। ...(व्यवधान) हमारे होते हुए ऐसी कोई चिन्ता की बात नहीं है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि वह एक स्वस्थ स्वाभाविक और प्राकृतिक डिलीवरी हो। भारत में प्राचीन काल में जितनी भी डिलीवरी होती थीं, उसमें अचानक ही कभी अकस्मात ही कोई सिज़ेरियन होता हो तो हो, बाकी तो सब..., और हमारे यहाँ भ्रूण हत्या तो पाप माना गया है।

सभापति जी, इस बारे में कोई संदेह नहीं है कि बहुत सारे विवाद शिक्षा संस्थाओं में हो रहे हैं और आगे होंगे। विवाद क्यों होते हैं? पहले इस बात को देखें कि इन विवादों का उत्स कहाँ है, क्यों विवाद हो

रहे हैं? विवाद तब होते हैं जब कोई विश्वविद्यालय की संस्था या जो नियामक संस्था है, रेगुलेटरी बॉडी है, वह नियमों का उल्लंघन करती है। मैंने यह देखा है कि अगर किसी विश्वविद्यालय में एक ऐसा कुलपति नियुक्त हो जाए जो उस विश्वविद्यालय के बारे में जानता ही न हो, यहाँ हमारे मित्र शैलेन्द्र जी बैठे हैं, जो जानते हैं कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में क्या हो रहा है। क्योंकि अगर कुलपति का चयन ठीक हो और उसकी कार्यकारी परिषद् का, गवर्निंग बॉडी और काउंसिल का चयन ठीक हो, राजनीति से परे हो, और उसमें शैक्षिक व्यक्ति हों, एकैडैमिक परसन्स हों तो विश्वविद्यालय सामान्य तौर पर ठीक चलेंगे। विश्वविद्यालयों में गड़बड़ियाँ नियुक्तियों को लेकर तब होती हैं जब वाइस चांसलर और कार्यकारी परिषद् राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित होती हैं। सबसे बुनियादी बात यह है और हमने इस बात का ध्यान रखा था कि विश्वविद्यालयों के अंदर ऐसी नियुक्तियाँ न हों, कार्य-परिषदों में ऐसी नियुक्तियाँ न हों, लेकिन अगर किसी राजनीतिक पार्टी के लोगों का बहुमत कार्यकारी परिषद् में होगा तो नियुक्तियाँ राजनीति से प्रेरित होंगी। आप इस बात को जान रहे हैं। अगर छात्रों के साथ राजनीतिक दृष्टि से भेदभाव होगा तो अवश्य विवाद खड़े हो जाएँगे। यह सवाल है। बुनियादी बात यह है कि इन नियुक्तियों की तरफ ध्यान दें और इस बात पर ध्यान दिया जाए कि जो नियम, परिनियम, अधिनियम के अंतर्गत बने हैं, जो रेगुलेशंस हैं, वे सब अपने हिसाब से काम करें, विश्वविद्यालय उन्हीं के हिसाब से काम करे, विवाद कम हो जाएँगे। आप देखेंगे कि कुछ विश्वविद्यालय ऐसे हैं जहाँ विवाद बहुत कम हैं और कुछ विश्वविद्यालय ऐसे हैं कि जहाँ विवाद बहुत अधिक हैं। अगर आप गहराई में जाएँगे, अब आपको भी कुछ समय हो गया है इस विभाग को संभालते हुए। आप स्वयं भी अध्यापक रहे हैं, जैसे आज आपने बताया, मैंने चालीस साल अध्यापन किया है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** आजकल वकील हैं।

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** आजकल मंत्री हैं। ...(व्यवधान) वे बता रहे हैं कि उन्होंने हिस्ट्री पढ़ाई है।

**श्री कपिल सिब्बल :** मैं दिल्ली यूनिवर्सिटी में हिन्दू कॉलेज में इतिहास पढ़ाता था।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** पढ़ा था या पढ़ाया था?

**श्री कपिल सिब्बल :** पढ़ाता था।

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** इसलिए मैंने कहा कि कुछ न कुछ ज्ञान अध्यापन और वहाँ की समस्याओं के बारे में आपको है। अब सवाल यह है कि अगर नियुक्तियाँ ठीक हों, जैसे अभी एक कानून पास किया गया आपके मंत्रालय की ओर से निदेश गया कि रिसर्च के लिए प्रवेश का एक नया मानक आ गया। वे लोग जिन्होंने 2008 में पीएचडी प्राप्त की थी, वे सबके सब पीएचडी के लोग नियुक्तियों से डिबार कर दिये गये। मैं अभी पिछले दिनों काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में था। मेरे पास छात्र आए कि साहब हमारा क्या कुसूर है,

हमने 2008 में पीएचडी हासिल कर ली है और 2009 में जब इंटरव्यू के लिए आवेदन किया तो बताया गया कि आपकी पीएचडी बेकार है।

क्योंकि जो वर्ष 2009 के इस परिनियम के अनुसार आएंगे, वही क्वालीफाइड होंगे। यह कैसे हो सकता है? जिसने वर्ष 2008 में पंजीकरण करवाया हो, उसे क्या पता था कि वर्ष 2009 में क्या आने वाला है? जिसने वर्ष 2008 में पीएचडी हासिल कर ली, विश्वविद्यालय ने उन सब का आवेदन खारिज कर दिया। वे लोग कोर्ट में गए। कोर्ट ने उन्हें आदेश दिया कि नहीं आप इन्हें बुलाएंगे। यह विवाद किसी छात्र की तरफ से नहीं है। यह यूजीसी और आपके बीच का विवाद है। यूजीसी कह रही है कि गलत हो रहा है, लेकिन आपका मंत्रालय कह रहा है कि नहीं, यही ठीक है, यही करो। आपने रिसर्च में प्रवेश का एक नया रास्ता निकाल दिया कि सारे देश में एक परीक्षा होगी और उसके बाद रिसर्च में प्रवेश होगा। मैं संसद की ओर से इंडियन इन्स्टीटयट आफ साइंस में प्रतिनिधि हूं। उनके यहां कैसे होता है? क्या यह कोई आईएएस या पीसीएस की प्रतियोगी परीक्षा है? आपने कहा कि पूरे बीएससी के प्रवेश के लिए सारे देश में एक परीक्षा हो जाएगी। इससे विवाद अपने आप खड़े होंगे। यदि आप इस तरह के आदेश निकालेंगे, तो यह ट्रिब्यूनल भी इनका निस्तारण नहीं कर पाएगा। आप ऐसे आदेश निकालते हैं। आपके यहां से ऐसे प्रस्ताव आते हैं। इसलिए मैं कह रहा हूं कि यदि आप स्वयं ऐसे कानून बनाएंगे, जिनसे विवाद पैदा होंगे तो हजारों छात्र इसमें आएंगे और रोज़ आपसे लड़ेंगे और संघर्ष करेंगे। यह होगा। इसलिए आप इस पर गौर करिए कि इस तरह की बातें न हों। यदि आप इसी तरह से करेंगे तो आप एक नहीं दस ट्रिब्यूनल बना लीजिए, उनका कभी निबटारा नहीं हो पाएगा। पहली बात यह है कि सही नियम और परिनियम बने। दूसरा, यह कि उसका पालन और संचालन ठीक से हो और तीसरी बात यह कि वह राजनीति से परे हो। यदि यह होगा, तो विवाद बहुत कम होगा, अन्यथा विवाद बढ़ेंगे।

महोदय, मंत्री जी ने जिस प्रकार का विधेयक रखा है, वह स्थायी समिति के पास गया था। उसने इसकी प्रत्येक धारा पर विचार किया और विचार करने के बाद उसने एक प्रतिवेदन दिया। मैंने इस प्रतिवेदन को देखा। इसमें आपने उसके हर सुझाव पर असहमति व्यक्त की है। 20 अगस्त को यह प्रतिवेदन संसद में प्रस्तुत किया गया था। आज 26 तारीख है। इन 6 दिनों में 21 और 22 की छुट्टी थी, 23 और 24 को त्यौहार थे, दक्षिण भारतीय अधिकारी ओणम को नहीं आए होंगे और उत्तर भारतीय अधिकारी रक्षा बंधन पर नहीं आए होंगे। इतनी जल्दी में आपने रिपोर्ट को देख भी लिया? उसकी हर एक संस्तुति को आपने कह दिया कि यह बेकार है, यह भी बेकार है, इसे नहीं माना जा सकता, अस्वीकार्य है। यह बिल कैबिनेट में कैसे जाएगा? क्योंकि इन्होंने इसे माना ही नहीं। अब सवाल यह है कि यह सर्वसम्मति से यह रिपोर्ट है। इसके अध्यक्ष श्री आस्कर फर्नान्डिस हैं। इसके बारे में आपने गम्भीरता से ध्यान नहीं दिया। मैं आपको

बताऊंगा कि इसमें जो बातें कही गई हैं, उनमें से कुछ वजनदार बातें हैं, जिनके बारे में मैं चाहूंगा कि बहुत गहराई से ध्यान दिया जाए। आपने कहा है कि कोई भी कानून पूर्ण रूप से परफेक्ट नहीं है, पूरे तौर पर पूर्ण नहीं है, अगर पूर्णतया को आप स्वीकार करते हैं, तो इसे पूर्ण करने के लिए आपने आश्वासन भी दिया है। मैं समझता हूं कि आप इसे ध्यान में रखेंगे और शीघ्रातिशीघ्र इसे ठीक करेंगे। यह जरूरी है, क्योंकि इसमें बहुत सारे ऐसे प्रावधान हैं, जो शिक्षाविदों की दृष्टि में आगे चलकर कठिनाई पैदा करेंगे।

महोदय, मैं रिपोर्ट के आधार पर भी और बिल के आधार पर भी मंत्री जी को बता सकता हूं। पहली बात यह है कि जब यह विधेयक सामने लाया गया, तो इस समिति का यह कहना है कि इसका प्रसारण ठीक नहीं हुआ था। हमें बताया गया कि प्रसारण ठीक हुआ था, केब की मीटिंग हुई थी। कमेटी इस बात से संतुष्ट नहीं है, कमेटी कहती है कि बहुत कम लोगों ने इसका समर्थन किया। मंत्रालय का विचार है कि बहुत लोगों ने समर्थन किया। अब कमेटी में अगर यह बात आती है तो वहां अवश्य ही मंत्रालय के प्रतिनिधि गए होंगे, उन्होंने किया होगा। अब विश्वविद्यालयों की राय है, पांच सौ से अधिक विश्वविद्यालय हैं, मुझे पता नहीं कि कितने विश्वविद्यालयों की राय आई, क्योंकि उसके अंदर बड़े स्टेक होल्डर्स हैं। कितने छात्र यूनियंस, अध्यापक यूनियंस और कर्मचारी यूनियंस की राय आई, कब आई और कितनी जल्दी आई, ये सवाल हैं, इस प्रतिवेदन पर जो संसद में पेश हुआ, उसे देखने से पता चलता है। अगर मंत्री महोदय, मंत्रालय और मंत्री परिषद उससे संतुष्ट हैं तो मुझे फिर कुछ नहीं कहना है, क्योंकि आपका संतोष ही सर्वोपरी है। मगर यह जो प्रतिवेदन है, ये अपना संतोष हर जगह व्यक्त करता है। फिर आप देखें, आपने इसमें एक बात बड़ी मजेदार कही है और वह यह कही है कि इसमें छात्रों का भी आप ध्यान रखेंगे, उनके भी विवाद सामने लाएंगे। अब छात्रों के विवाद लाने के लिए इसमें कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। छात्रों के विवाद क्या होते हैं, प्रवेश, फीस, कोर्स और डिग्री से संबंधित होते है तथा छात्रसंघ के चुनावों से संबंधित होते हैं। जो डिसिप्लनरी कमेटियां हैं, वहां तय हो जाता है, उसमें खास ज्यादा बात आती नहीं। लेकिन ये सवाल आते हैं, जो कानूनों से संबंधित होते हैं। फिर एक नयी बात आ गई है, आपने कहा कि पीपीपी मॉडल आ गया है। इसके जो प्रबंध के कायदे एवं कानून हैं, उसमें आपने कहा कि बहुत सी मेल प्रेक्टिसीस होती हैं। उनका जानकार इस सारी व्यवस्था के अंदर कोई न कोई व्यक्ति होना चाहिए। पीपीपी मॉडल के कानून सार्वदेशिक नहीं हैं, अलग-अलग राज्यों ने उसमें कुछ न कुछ व्यवस्थाएं की हुई हैं। ये पीपीपी मॉडल कैसा बनेगा, क्या देश भर में एक समान होगा। हर विश्वविद्यालय का रूप, करेक्टर और इतिहास अलग है, यह देखने की बात है। जो सौ-सवा सौ साल से विश्वविद्यालय हैं, उनकी अपनी अलग परम्पराएं और अपने अलग ढांचे हैं, जो पांच-दस साल के विश्वविद्यालय हैं, उनके अलग मामले हैं, उनमें अलग प्रकार के विवाद हैं। आपने ये जो स्टेट के अंदर तीन आदमियों की व्यवस्था बनाई है, वे उसके लिए

सर्वथा मेरी दृष्टि से अपर्याप्त है, वह काम नहीं कर सकती। आपने इसमें जो बताया है और आनंद की बात है, आपने यह कहा है कि इसमें तीन व्यक्ति होंगे, एक न्यायिक व्यक्ति होगा और उसमें दो अन्य व्यक्ति होंगे, जिसके लिए आप कहते हैं।

It states that : "A person shall be qualified to be appointed as a Member of the State Educational Tribunal, if such person, -

(a) is not less than fifty-five years of age;

(b) is of ability, integrity and standing and has adequate knowledge and experience of at least twenty years in dealing with matters relating to higher education, public affairs or administration in educational matters;

(c) is, or has been, a Vice Chancellor or a person who is, or has been, of the rank and equivalence of a Chief Secretary of the State Government."

आपने इसमें दो व्यक्ति रखे हैं, एक एडमिनिस्ट्रेटिव और एक एकेडेमिक, अब is or has been, a Vice Chancellor, ये तो देश में बहुत हैं। इसमें से अगर आप किसी मौजूदा वाइस चांसलर को लेंगे तो वह स्टेट युनिवर्सिटी का लेंगे। उसी स्टेट में कई प्रकार के विश्वविद्यालय हैं, एफिलिएटिंग का लेंगे या नॉन एफिलिएटिंग का लेंगे। दोनों की समस्याएं अलग-अलग हैं। ऐसा वाइस चांसलर मिलना मुश्किल होगा जो दोनों जगह वाइस चांसलर रहा हो। फिर आप कहते हैं कि इसमें से एक महिला का होना जरूरी है तो क्या जज वाली महिला होगी या जो दो मेम्बर्स हैं, इनमें से महिला होगी? फिर आप कहते हैं कि जो चीफ सैक्रेट्री के लेवल होगा, उस स्टेट के सैक्रेट्री के लेवल का होगा, चीफ सैक्रेट्री ऑफ द स्टेट गवर्नमेंट, ऐसी महिला आपको कहां मिलेगी, बहुत कम राज्यों में चीफ सैक्रेट्री के लेवल पर महिला मिलेगी।

ये सवाल उठते हैं। इसमें मिनिमम एज आपने 55 साल रखी है। हाई कोर्ट में, सुप्रीम कोर्ट में यह एज नहीं है, वहां तो अगर एक अच्छे हाई कोर्ट में 10 साल का एक्सपीरिएंस है तो आप हो सकते हैं। 35 साल में आप राज्य सभा में मैम्बर हो जाते हैं, 21 साल में आप विधान सभा के लिए क्वालीफाई हो जाते हैं, 25 साल में आप पार्लियामेंट में आ जाते हैं तो वहां 55 साल क्यों? इसमें 55 साल का क्या तर्क है? शायद ऐसा लगता है कि कुछ नियर रिटायरमेंट वाले या रिटायर होने वाले ब्यूरोक्रेट्स के वास्ते या कुछ ऐसे जजेज़ के वास्ते, कुछ आपके ब्यूरोक्रेट्स ने अपनी बिरादरी के लिए और आपने अपनी बिरादरी के लिए इन्तजाम कर लिया है कि आप लोगों के लिए 2000-2500 ट्रिब्यूनल खोल दिये जायें।

इसके जो एपाइंटमेंट्स हैं, यह अपने आपमें काफी शंकाएं पैदा करते हैं कि यह व्यावहारिक कैसे होगा। इसी तरह से जो इनकी सलैक्शन कमेटी है, वह भी बड़े कमाल की है। वे कहते हैं:

"7 (1) The Chairperson and Members of the State Educational Tribunal shall be appointed by the appropriate Government from a panel of names recommended by a Selection Committee, consisting of –

(a) the Chief Justice of the High Court or his nominee….Chairperson;
(b) the Chief Secretary of the State Government…..Member;
(c) an officer of the State Government of the rank and equivalence of a Secretary to the Government of India with experience in dealing with educational matters….Member."

अब आपने कोई एजुकेशन सैक्रेटरी रखा तो वह तो चीफ सैक्रेटरी का मातहत ही होगा, उससे सीनियर तो नहीं होगा। एक तरह से यह चीफ जस्टिस के नोमिनी और चीफ सैक्रेटरी के बीच में रह जायेगा। किसी ब्यूरोक्रेट की यह हिम्मत नहीं है कि वह अपने चीफ सैक्रेटरी के खिलाफ जाये। उसकी बहुत सारी प्रोन्नतियां और सारी चीजें उस पर निर्भर करती हैं।

इसमें एपाइण्ट आप किसको करने जा रहे हैं, जो शिक्षा संस्थाओं में विवादों को तय करेगा, कौन से विवादों को तय करेगा, रैगुलेटर्स और उसके बीच के विवादों को तय करेगा, दो विश्वविद्यालयों के बीच के विवादों को तय करेगा, एफीलिएटिंग और नॉन एफीलिएटिंग यूनिवर्सिटीज़ के बीच के विवादों को तय करेगा, विद्यालयों के बीच में और यूनिवर्सिटीज़ के बीच में विवादों को तय करेगा। इतने बड़े स्कोप के लिए इसमें एक भी व्यक्ति सलैक्शन करने के लिए, चयन करने के लिए नहीं है, जो उनमें से लोगों को ला सके। यह इसकी एक इन्फोर्मिटी है, कमी है, इसको आप जरूर सुधारें। अगर आज नहीं सुधार सकते तो जब आप और बिल लाएंगे, तो उस वक्त इसको सुधार कर लाइये, हम उस सुधार को पास करेंगे। लेकिन इसके अन्दर आलोचनात्मक चीजें हैं। अपने तजुर्बे के आधार पर मैं कह रहा हूं कि यह चलेगा नहीं, यह व्यावहारिक नहीं रहेगा। बाकी बातें तो और लोग कहेंगे।

इसी तरह से जो आपका सैण्ट्रल ट्रिब्यूनल है, नेशनल ट्रिब्यूनल है, उसके एपाइंटमेंट्स में भी आप जरा देखें। उसमें तो एक और मजेदार बात यह है:

"23 (1) The chairperson and Members of the national Educational Tribunal shall be appointed by the Central Government from a panel of names recommended by a Selection Committee consisting of—

(a) the Chief Justice of India or his nominee….Chairperson;
(b) the Secretary in charge of higher education in the Ministry of Human Resource Development of the Government of India…Member;
(c) the Secretary in the Ministry of Law and Justice of the Government of India….Member;
(d) the Secretary in charge of medical education in the Ministry of Health and Family Welfare of the Government of India….Member;
(e) the Secretary in charge of the Department of Personnel and Training of the Government of India…Member.

आश्चर्य की बात यह है कि लॉ की एजुकेशन और मैडीकल की एजुकेशन इस विधेयक की परिधि के बाहर है, क्योंकि लॉ मिनिस्ट्री आपको मानने के लिए तैयार नहीं है। लॉ मिनिस्ट्री कहती है कि इसमें हमारी कोई सहमति नहीं है। हैल्थ मिनिस्ट्री कहती है कि हमारी इससे सहमति नहीं है। आई.एम.सी. और आपमें कॉन्फ्लिक्ट है। आप उसको मानिये, जो यथार्थ है। आज जो स्थिति है, कल आप उसको सुधार लें तो अलग बात है। मुझे यह बताया गया है कि यहां तक बात है कि ये लोग कहते हैं कि हमसे इसमें कोई परामर्श नहीं हुआ है। अगर हुआ है तो आप तथ्य सामने रखेंगे। जहां तक वस्तु-स्थिति है, वह यह है। बाकी कोई ऐसा मंत्रालय नहीं है, मैं जानता हूं, कैसे मंत्रालय के अधिकारियों के काम होते हैं। ऐसा कोई नहीं है, जो अपना अधिकार क्षेत्र आपको सौंप देगा। अगर आप बहुत कोशिश करेंगे तो यह जो टैक्नीकल एजुकेशन है, जो लेबर मिनिस्ट्री देती है, जो आपके शिक्षा मंत्रालय के पास होनी चाहिए, वह भी आपको नहीं देंगे। वे कहेंगे कि नहीं, यह हमारा कार्याधिकार है तो वह जो ब्यूरोक्रेटिक आपस में अधिकार क्षेत्र की लड़ाई है, उसे आपने अभी तक अच्छी तरह से समझ लिया होगा।...(व्यवधान) टर्फ वार इसके अन्दर होगी और लोग नहीं आएंगे और आएंगे भी तो इनमें से कौन सा ऐसा है कि जो उस ट्रिब्यूनल के असली महत्व को समझ सके, बता सके। इनमें से कौन ऐसा है कि जिसको विश्वविद्यालयों के विवाद सुलझाने का और कैसा आदमी वहां चाहिए, इसको जानने का मौका होगा।

**19.00 hrs.**

क्या आप यह समझते हैं कि जितने भी नौकरशाह हैं, जितने भी बड़े आफीसर हैं, ये सब के सब दुनिया के हर विषय और शिक्षा के हर विषय के जानकार हैं? अगर ठीक से जानकार होते तो शिक्षा की यह दुर्गति ही नहीं हुयी होती। यह इसीलिए है कि बहुत सारे काम वे लोग करते हैं, जो शिक्षा के मर्म को

नहीं समझ रहे हैं, जो शिक्षा में बदलाव को नहीं समझ रहे हैं और जिस बदलाव की आप भाषा बोल रहे हैं, उस बदलाव से अनभिज्ञ हैं। ...(व्यवधान)

महोदय, मैं एक बात और आपसे निवेदन करना चाहता हूं, अभी आपने नालंदा विश्वविद्यालय का विधेयक यहां पास किया है। नालंदा विश्वविद्यालय इसकी परिधि में कैसे आएगा? वह इंटरनेशनल विश्वविद्यालय है। उसमें दो सरकारों के बीच में झगड़े होंगे। ...(व्यवधान) इसमें फर्क है। अनेक सरकारों के सहयोग से बन रहा है। ...(व्यवधान)

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, in the Nalanda University Bill there is a separate provision for arbitration. It has nothing to do with this. There is a separate special provision for setting up a tribunal through an arbitration process. Therefore, please do not confuse Nalanda with this.

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** हर विश्वविद्यालय में आर्बिट्रेशन का प्रोवीजन है। कौन सा ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसके कानून में आर्बिट्रेशन का प्रोवीजन नहीं है? कोई ऐसा विश्वविद्यालय नहीं है जिसमें आर्बीट्रेशन का प्रोवीजन न हो। श्रीमन्, आप स्वयं अध्यापक हैं। आपके विश्वविद्यालय में आर्बिट्रेशन है। मैं जिस विश्वविद्यालय में पढ़ा हूं, पढ़ाया हूं, उसमें आर्बीट्रेशन है। यहां वकील साहब बैठे हुए हैं, यह यूनिवर्सिटी के केसेज करते रहे हैं, सब जगह आर्बीट्रेशन है। ...(व्यवधान) हर विश्वविद्यालय में आर्बीट्रेशन है। लेकिन अगर नालंदा विश्वविद्यालय से किसी भारतीय विश्वविद्यालय का किसी मामले में झगड़ा हो जाए, तो कौन तय करेगा? ऐसे विश्वविद्यालय अभी और खुलेंगे। अभी तो एक शुरूआत है। भारत में अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय अनेक प्रकार के खुलने चाहिए और खुलेंगे भी। कभी आप भी दूसरे देशों में जाकर विश्वविद्यालय खोलेंगे। मैं उस दिन की प्रतीक्षा में हूं जब भारत सरकार कहेगी कि तक्षशिला में हम एक अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बनाते हैं, उसकी पहल हम करेंगे, जैसे यहां जापान, चीन, थाइलैंड और ये सारे लोग मिलकर विश्वविद्यालय बना रहे हैं। कल को आप श्रीलंका में विश्वविद्यालय बना सकते हैं। आप इस सवाल को देखें ...(व्यवधान) अगर इनमें विवाद आएगा ...(व्यवधान) यह तो भविष्य का सवाल है। आपने कहा कि विवाद बढ़ सकते हैं अभी आप कह रहे हैं कि विवाद नहीं बढ़ेंगे। ...(व्यवधान) आप बहुत अच्छे वकील है, हर एक चीज का जवाब दे सकते हैं। आपके जवाब देने की क्षमता पर इस सदन में किसी को संदेह नहीं है। ...(व्यवधान) बहुत एबल वकील हैं। यह इधर बैठकर उधर का जवाब दे सकते हैं और उधर बैठकर इधर का जवाब दे सकते हैं, इसमें हमें कोई संदेह नही है। ...(व्यवधान) So capable. ...(व्यवधान)

महोदय, मैं वकीलों की जवाब देने की क्षमता को जानता हूं। हमारे यहां पंडित कन्हैया लाल मिश्रा एडवोकेट जनरल थे। वह नव्य प्रतिष्ठ वकील थे और अपने जमाने के देश भर के प्रतिष्ठित वकीलों में से

एक थे। वह एक बार कोर्ट में आए, किसी बहस से उतरकर सीधे कोर्ट में चले गए और देखा कि बहस शुरू हो रही है, तो उन्होंने बोलना शुरू कर दिया। उनका जो मुवक्किल था, वह बहुत देर तक सुनता रहा, फिर बोला हुजूर यह आप क्या कह रहे हैं? आप मेरे विरोधी की बात कर रहे हैं। तब उन्होंने कहा कि अच्छा ऐसी बात है। Now My Lord, this is what all my adversary could say. Now I am speaking for myself. इसलिए वकीलों की क्षमता के बारे में मुझे कोई संदेह नहीं है। अगर कल ऐसी स्थिति आ जाए, आप इधर आ जाएं, तो आप फिर वही सारे तर्क देंगे, उन्हीं बातों के खिलाफ, जो आपने आज कही हैं। मैं आपकी इस क्षमता का कायल हूं और सदन भी कायल है। ...(व्यवधान) मैंने एक बार इनसे कहा था कि एक मामले में आप मेरी वकालत करें, लेकिन इन्होंने मना कर दिया था, वह बात अलग है। ...(व्यवधान) आपको याद नहीं है, मैं आपको बता दूंगा। ...(व्यवधान) मैं फीस नहीं दे सकता था, यह बात सही है। ...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल :** आपकी पार्टी के कई लोगों के केस मैंने हमेशा फ्री किए हैं।

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** जरूर किए होंगे।

**श्री कपिल सिब्बल :** पैसे का मामला हमारे बीच कभी नहीं आता।

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** मुझे नहीं पता, लेकिन मेरा केस आपने मना कर दिया था। ...(व्यवधान) एबल भी हैं, इसमें मुझे किसी प्रकार का संदेह नहीं है। सवाल यह है कि इस बारे में यह भी देखा जाए ...(व्यवधान) महोदय, मैं आप ही के चरण चिन्हों पर हूं। घंटी बजाने के जितनी देर बाद श्रीमन् आप इधर खड़े होकर टाइम लिया करते थे, मैं उससे कहीं ज्यादा टाइम लूंगा और ...(व्यवधान) आपके आदर्श के अनुसार चल रहा हूं। आप क्षमा करेंगे। ...(व्यवधान) मैं उतनी जोर से भी नहीं बोल रहा हूं।

**श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा):** डा. साहब, आप वैसे भी इन्हीं की बात कह रहे हैं, जो स्वयं यह कहना चाहते हैं, आप प्रोफेसर रहे हैं न।

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** सुप्रीम कोर्ट के जिस निर्णय के अनुसार ये ट्राइबुनल बनाए जा रहे हैं या बनाए जा सकते हैं, उनमें एक बात की तरफ और ध्यान आकर्षित किया गया है और वह यह है कि जो भी ऐसा ट्राइबुनल बने, उसमें ज्युडीशियल मैम्बर की संख्या औरों से अधिक होनी चाहिए...(व्यवधान) इसमें एक बड़ी विचित्र स्थिति आती है कि अगर तीन सदस्य हैं, जिनमें एक ज्युडीशियल मैम्बर है और वह इत्तफाक से बीमार हो गया, तब भी दो आदमी काम कर सकते हैं। यह बिल्कुल असंवैधानिक बात है, क्योंकि ज्युडीशियल मैम्बर का होना अनिवार्य है, यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। इसलिए इसे सुधारने की जरूरत है। कहते हैं कि कभी ऐसी बात होगी। मैंने कहा, कभी होगी तो उसका विचार होना चाहिए। कभी न हो,

आखिर कानून में जितना कम से कम इम्परफैक्शन हो, उतना अच्छा है।...(व्यवधान) आप कर लेंगे, मुझे विश्वास है। आज नहीं करेंगे, कल करेंगे। ऐसे नहीं करेंगे, वैसे करेंगे, करना तो पड़ेगा। ...(व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट का आदेश होगा कि कानून में यह खामी है, तो फिर करना पड़ेगा। अभी से सुधार लें तो बेहतर होगा। यही तकलीफ वहां आ रही है। नौ सदस्यों में से उनकी संख्या पांच होनी चाहिए, चार तो कम से कम होनी ही चाहिए, पांच हों तो अच्छा है। वहां आपको तीन महिलाएं रखनी हैं। उसका भी वही सवाल आएगा कि उस स्तर की, वहां से छांटना और फिर अगर आप महिला के नाम पर पौलिटिक्स करवाएंगे तो बहुत गड़बड़ होगी। इसलिए मेरा कहना है कि इन सारी चीजों को समझकर, व्यावहारिकता को समझकर सारा काम करना चाहिए, अन्यथा यह बिल्कुल व्यावहारिक नहीं रहेगा, चलेगा नहीं, यह मुझे आशंका है और इस बारे में खतरा है।

दूसरी बात, इससे अच्छा हो कि पहले आप विश्वविद्यालयों के लोगों से यह कहें कि उनके कानूनों में जहां कहीं सुधार की जरूरत है, जिससे कम से कम विवाद हो। हरेक राज्य सरकार ने कानून बनाए हैं। कुछ कानून बीस साल पहले बन गए थे, 1973 में बन गए थे जिन्हें तीस साल होने को आए हैं। विश्वविद्यालयों की परिस्थितियां बदल रही हैं। इसलिए नए-नए कोर्सेज़ आ रहे हैं। वहां भी पीपीपी मॉडल आ रहे हैं, वहां भी सैल्फ फाइनैंसिंग कोर्स आ रहे हैं। आप कृपा करके उसके बारे में विचार कीजिए ताकि विश्वविद्यालयों का मेकैनिज़्म ज्यादा से ज्यादा विवादों को वहीं निपटाने का हो।

मैंने एक बात यह भी देखी कि दुनिया में कहां-कहां ऐसे ट्राइबुनल्स हैं या क्या व्यवस्था है। यह देखकर लगा कि दुनिया में ट्राइबुनल्स बहुत कम जगहों पर हैं। In USA, there are private and public universities where they have Internal Grievance Settlement Mechanism for students and staff. If not satisfied with this Internal Mechanism, both have the right of recourse to courts. In UK, the Higher Education Act, 2004 states that students' complaints may be reviewed by a Body Corporate to be designated by the Secretary of State, Britain and National Assembly for Wales. Each higher education institution – each higher education institution – has a formal procedure for addressing complaints of students. In case, the issue is not resolved, students can take the complaint to the office of the Independent Adjudicator or office of the Ombudsman.

In Australia, in case student has a complaint, he can use the internal students redressal procedure in the first instance. After that, student may contact

the relevant Commonwealth State or Territory Ombudsman. The staff has the option to explore internal complaint procedure through Trade Unions and certain external mechanisms, before approaching the courts for redressal. Here too, Tribunal is not there.

In Sweden, Sweden's higher Education Act, 1992, modified in 2006, states that a Joint Board shall decide on the expulsion of the student. Student and the institution may appeal to General Administrative Courts against the decisions of the Board. The Equal Treatment of Students of Universities Act, 2001, promotes equal rights of students and applicants in higher education institutions.

मेरा कहना है कि इस दृष्टि से कानूनों में वहां सुधार करने की जरूरत है, ताकि ये ट्रिब्यूनल्स काम कर सकें।

अंत में, मुझे यह कहना है कि अगर एजुडिकेशन ही करना है, तो क्यों न आप सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ड की डेजिगनेटेड बेंचिस बना दें। जज तो आपको यहां भी रखना है और वहां भी रखेंगे। आप दोहरा खर्चा क्यों करते हैं? इस तरह से आपने और जगह बनायीं, और चीजें की हैं। कमर्शियल ट्रिब्यूनल्स को आप एजुकेशनल ट्रिब्यूनल्स के तौर पर लायें। अभी तक सुप्रीम कोर्ट के जो फैसले हैं, वे ज्यादातर कमर्शियल ट्रिब्यूनल्स के हिसाब से किये गये हैं। उनके सामने एक उपाय के केस में जरूर आया था, जिसमें उन्होंने कहा है कि एजुकेशनल ट्रिब्यूनल बनने चाहिए। वर्ष 1986 की पालिसी में कहा गया था, लेकिन आप जानते हैं कि उसके बाद भी केवल गुजरात, उड़ीसा, गोवा, महाराष्ट्र आदि में ऐसे ही ट्रिब्यूनल्स बने हैं। उनका काम कैसे चल रहा है, उसका कोई आंकड़ा हमारे पास नहीं है। सदन के पास भी नहीं है और कमेटी के पास भी नहीं था। इसलिए इस बारे में बहुत गहराई के साथ, गंभीरता के साथ विचार कीजिए, क्योंकि बिल टेढ़ा हो जाये, उससे इतना नुकसान नहीं है, लेकिन अगर एजुकेशन टेढ़ी हो गयी, विवादों में सारी संस्थाएं फंस गयी, तो वे देश का बहुत नुकसान करेंगी और 50 करोड़ आने वाले लोगों के लिए भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने यह बिल यहां रखा।

**श्री सन्दीप दीक्षित (पूर्वी दिल्ली):** सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। सबसे पहले मैं मंत्री जी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं और उनके इस बिल का स्वागत करता हूं। जैसे उन्होंने अपने शुरुआती शब्दों में कहा कि वे कई बिल लाने वाले हैं। वे तीन-चार चरणों में बिल लायेंगे, जिनके द्वारा वे हिन्दुस्तान की उच्च्व शिक्षा को बदलने और उसमें क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का एक प्रयास कर रहे हैं। उसका यह एक प्रथम पायदान है। आदरणीय जोशी जी ने एक कथा लॉयर्स के बारे में सुनायी थी।

सभापति जी, अगर आप इजाजत दें, तो मैं एक छोटी सी कहानी अध्यापकों के बारे में भी बताना चाहता हूं। मुझे याद है जब 1977 का चुनाव हुआ था, उस समय मैं बेंगलुरू के सेंट जोसेफ स्कूल में पढ़ता था। हमारी उस समय सिविक्स की क्लास चल रही थी। यह मेरी आपबीती है। मुझे याद है कि सुबह हमारी सिविक्स की दो क्लासेज हुआ करती थीं। सुबह के भाषण में फादर डेविड हमारी सिविक्स की क्लास लेते थे। उन्होंने आपातकालीन स्थिति और इंदिरा जी पर हम लोगों को कुछ वाक्य बताये। वही सैशन जब दूसरी बार चला, तो लौटकर फादर डेविड हमें बताने लगे कि जिस आपातकालीन स्थिति की हमने आपसे चर्चा की थी, जिस नेता के बारे में हमने आपसे चर्चा की थी, वही कारण है कि जिससे कभी-कभी सरकारें भी गिर जाती हैं। जब मैं वापिस आया, तो पता चला कि सुबह और शाम के बीच में इंदिरा जी चुनाव हार गयी थीं और वर्ष 1977 में जनता पार्टी की सरकार आ गयी। मैं केवल यह कहना चाहता हूं कि जिस तरीके की क्वालिटी उन्होंने लॉयर्स के बारे में बतायी, कभी-कभी अध्यापकों पर भी चर्चा को तर्क-वितर्क करने की यह कहानी अप्लाई करती है। ...(व्यवधान)

मंत्री जी, आपने इस विधेयक को लाने के पीछे जो कुछ उद्देश्य बतायें हैं, मैं उनमें अपने थोड़े से तर्क आगे देना चाहूंगा। हम सब लोग यहां सांसद हैं। हम सब लोगों के पास बच्चे आते हैं, जो यूनीवर्सिटी मे पढ़ते हैं। कभी टीचर्स आते हैं। हमने एक चीज देखी है कि बच्चों को खासकर विद्यार्थियों को कभी भी अगर यूनीवर्सिटी के सिस्टम से कोई न्याय चाहिए, तो वे साल-दर-साल भागते-फिरते रहते हैं। आपने कभी देखा होगा कि अगर अटैंडेंस में कोई दिक्कत हो जाती है, तो वह अपना तर्क देता रह जाता है, लेकिन उसे यूनीवर्सिटी से कभी न्याय नहीं मिलता। कभी-कभी उसका अपने प्रोफेसर या हैड ऑफ दी डिपार्टमैंट से झगड़ा हो जाता है, तो स्टूडैंट भागता फिरेगा, लेकिन उसे अटैंडेंस का सर्टीफिकेट नहीं मिलेगा। इस वजह से कभी-कभी उसके दो-तीन साल छूट जाते हैं।

सभापति महोदय, आदरणीय जोशी जी ने बताया कि इंटरनल ग्रीवैंस मैकेनिज्म होते हैं। इंटरनल ग्रीवैंस मैकेनिज्म में हम ज्यादातर देखते हैं कि हैड ऑफ दी डिपार्टमैंट या प्रोफेसर को ही महत्ता मिलती है, स्टूडैंट्स की बात कभी सुनी नहीं जाती। कई बार हम लोग कहते हैं कि हमारी यूनीवर्सिटीज में एससी और ओबीसी स्टूडैंट्स के लिए कोटा दिया जाता है। देर-सवेर वे सीटें नहीं भर पाते, तो यूनीवर्सिटीज उसे डिजाल्व करके सामान्य स्टूडैंट्स के साथ जोड़ देती हैं। बच्चे भागते रहते हैं, सारे सांसद भागते रहते हैं कि कम से कम एससी और ओबीसी बच्चों को एडमिशन मिल जाये, लेकिन एक बार यूनीवर्सिटी जिसे टर्न डाउन कर देती है, हमारे पास कोई द्वार नहीं होता है। जब तक द्वार होता है, सितम्बर-अक्टूबर निकल जाता है और एडमिशन की लॉस्ट डेट खत्म हो जाती है और सारा का सारा मसला वहीं समाप्त हो जाता है। कभी-कभी ऐसा होता है कि 11 बजे इम्तिहान है, बच्चा भागकर किसी तरह एडमिशन की टिकट लेकर आता है और साढ़े दस बजे उसे रोक दिया जाता है कि तुम किसी कारण से इम्तिहान नहीं दे सकते हो। एक उदाहरण ऐसा भी है जिसे मैं सदन के सामने रखना चाहूंगा। एक लड़की को लॉ में एडमिशन मिला, जिसे 67 या 68 प्रतिशत से कम मार्क्स मिले थे, उसको इम्तिहान के लिए रोका गया दिल्ली यूनिवर्सिटी से। उसने कोर्ट से जजमेंट लिया कि नहीं, इसे इम्तिहान देने का अवसर मिलेगा, उसे 11 बजे इम्तिहान में जाने से रोका गया, उसने जजमेंट दिखाया, लेकिन उसे नहीं जाने दिया गया। पुलिस आई, पौने बारह बजे उसे इंट्री मिली, लेकिन तीन साल हो गए हैं, उस विभाग ने उसका रिजल्ट अभी तक नहीं निकाला है। ऐसे बच्चे कहां जाएंगे? ट्रिब्यूनल लाने के पीछे एक बहुत महत्वपूर्ण कारण यह है कि बहुत से ऐसे लोग जो कोर्ट नहीं जा पाते हैं, कोर्ट की पेंचीदगियां नहीं समझ पाते हैं, अपनी समस्या को केवल सरल भाषा में बता सकते हैं, जिनके पीछे उस तरीके के भाव नहीं हैं कि वे कहीं भागदौड़ कर सकें, जब टीचरों को यूनिवर्सिटी सिस्टम के साथ सिर तोड़ना पड़ता है, उनके लिए ये ट्रिब्यूनल्स हैं। जैसा आपने बताया, नई-नई यूनिवर्सिटीज आती हैं, जिनमें दिखाते कुछ हैं और यथार्थ में कुछ और स्थिति होती है। वे बच्चे, वे अध्यापक, उन मां-बाप को आज कम से कम न्याय मिलने एक जरिया मिलेगा। हमने बहुत सी यूनिवर्सिटीज और कॉलेज नए बनते देखे हैं। आपने देखा होगा कि एक अच्छी सी बिल्डिंग की फोटो दिखाई जाती है, नीचे बीफार्मा आदि अनेक कोर्सेज के नाम लिखे होते हैं। लेकिन उसके नीचे का छोटा से प्रिंट कोई नहीं पढ़ता है कि this building is being built. जब बच्चा जाता है एडमिशन लेकर, मां-बाप से डेढ़ लाख रुपये लेकर जाता है, तो देखता है कि वहां लकड़ी का एक बड़ा किवाड़ बना हुआ है, उस किवाड़ को ठोंककर अंदर जाओ तो चार प्रोफेसर साहब बैठे होते हैं। खुदा जाने वे कहां से अपनी डिग्री लेकर आए हैं। उसे बताया जाता है कि बेटा, यूनिवर्सिटी अभी बन रही है, अभी तुम यहां पढ़ो। वह बच्चा कहां जाता है? कहीं

नहीं जा पाता है। मां-बाप पड़ोसियों से पैसा लेकर डेढ़ लाख रुपये देते हैं। उनका बच्चा जब 12वीं पास करता है, तो उनको लगता है कि जीवनभर की उनकी मेहनत सफल होगी, मेरा बच्चा बीफार्मा करेगा, तो मेरी भी जिन्दगी आगे चलकर सुधरेगी। उस समय वह बच्चा हाहाकार करते हुए जगह-जगह भागता फिरता है। उसको अपने सामने अंधकार दिखता है, अंततः वह सिस्टम से हारकर उन्हीं प्रोफेसरों के साथ बैठकर, उसी एक किवाड़ के कमरे में यूनिवर्सिटी की डिग्री ले लेता है। तीन साल बाद जब वह किसी अच्छी यूनिवर्सिटी में जाता है, तो उसे बताया जाता है कि बेटा जिस कॉलेज से आप आए हो, उसका नाम भी हमने अब तक नहीं सुना है। वह बताता है कि वह एबीसीडी यूनिवर्सिटी से प्रमाणित है, तो उसे बताया जाता है कि एबीसीडी के नाम से कोई यूनिवर्सिटी ही नहीं है दुनिया में, तो प्रमाण तुमको किसका मिल गया। वह बच्चा कहां जाए? उस समय जब उसके सामने उसका भविष्य मंडरा रहा होता है, जब तक वह किसी भी यूनिवर्सिटी का दरवाजा खटखटाएगा, उसके बच्चों के पढ़ने का समय आ जाएगा, उसे न्याय मिलेगा। यह सत्यता है हमारे लॉ सिस्टम की। कपिल सिब्बल साहब बहुत काबिल मंत्री हैं, उन्होंने कहा है कि स्टैण्डिंग कमेटी से हमें जो सुझाव आए हैं, जैसे-जैसे हम सीखते जाएंगे, परिवर्तन करते जांएगे। जोशी जी कुछ बातें ठीक कही हैं कि हो सकता है आपको उसमें जज देने पड़ें। क्या 55 साल की उम्र सही है या उसे कम करने की आवश्यकता है। सबको हम देख सकते हैं, लेकिन इन ट्रिब्यूनल्स का आना अति आवश्यक है। इनका कोर्ट से बिल्कुल अलग नजरिया होता है। वही जज जब कोर्ट में बैठता है, तो एक दूसरे एटीट्यूड से, अलग सोच-समझ से हर केस को देखता है, उसके सामने मेजेस्टी ऑफ लॉ को सामने रखने की बात होती है, लेकिन जब वही लोग ट्रिब्यूनल में आते हैं, उनके अंदर मानवीयता ज्यादा दिखने लगती है। स्पीडी जस्टिस उनके लिए सबसे प्रथम बात बन जाती है। इससे पहले जब हम इसी सदन में ग्रीन ट्रिब्यूनल बिल पास किया था, उसे इसीलिए सर्वसम्मति से पास किया गया था क्योंकि हम लोगों को मालूम था कि आने वाले समय में पर्यावरण से जुड़े हुए विषय धीरे-धीरे बढ़ते चले जाएंगे, उससे होते हुए नकारात्मक असर हमारे जीवन में बढ़ेंगे, इसलिए एक अलग पद्धति की आवश्यकता है जिससे हमें न्याय मिले। आज अगर हमारे पास 25,000 कॉलेज हैं, जैसा माननीय मंत्री जी ने कहा कि तीस, चालीस या पचास हजार कॉलेज भी बढ़ सकते हैं, हो सकता है कि नए तौर-तरीके के कॉलेज बढ़ें, उनके लिए कई ऐसी समस्याएं आगे आएंगी, हो सकता है कि आज हमारे पास जो कानून हैं, जो न्याय व्यवस्था है, उनमें वह सब निहित न हो।

इंटर युनिवर्सिटी ट्रांसफर हो सकता है उन सब्जेक्ट्स का, आप नए तौर तरीके लाएंगे नई तरीके की रिसर्च करने के। आज अगर हमारे पास बाहर से भी कुछ युनिवर्सिटीज आएंगी जो अपनी-अपनी पद्धतियां यहां लाती हैं, तो हो सकता है हमारे लॉयर्स में, हमारे लोगों में उतनी काम्पिटेंसी न हो। लेकिन अगर हमारे पास ट्राइब्युनल्स होंगे, जिनमें एक कुलपति स्तर का भी व्यक्ति होगा, जो अध्यापकों की और युनिवर्सिटीज की विपदा को और सिस्टम को समझता हो। एक एडमिनिस्ट्रेशन से व्यक्ति होगा, जो प्रशासन की सोच-समझ रखता हो। एक जज होगा जो न्याय को समझता हो, जो समझता हो कि किस तरह से हम न्याय का तर्क दे सकते हैं, तो हो सकता है कि बेहतर रूप से उन बच्चों को, उन अध्यापकों को युनिवर्सिटीज के बीच में या युनिवर्सिटीज सिस्टम के और कालेजेज़ के बीच जो विवाद होंगे, उन्हें सर्वोपरि रखते हुए कि बच्चों की एजुकेशन सफर न हो, उस टीचर का हटना सफर न हो, उस बात को ध्यान में रखकर अपना न्याय दे सकें। स्पीडी की क्यों आवश्यकता है, क्योंकि कई और चीजों में अगर न्याय देर से भी मिल जाए, तो ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। अगर मेरे और आपके बीच में या मेरे और किसी के बीच में हमारे घर का विवाद है तो उस समय कहीं न कहीं घर में रह रहा हूं। सिविल मुकदमा है, कुछ दिनों के बाद घर मिल जाएगा। ऐसे ही जमीन का अगर झगड़ा है, दो-चार साल भी न्याय मिल जाएगा, तो कोई इतना फर्क नहीं पड़ेगा। यह ठीक है कि जल्दी न्याय मिलना चाहिए। क्रिमीनल जस्टिस में आज नहीं तो कल मैं जेल जाऊंगा, अगर मैंने गलत काम किया है। लेकिन अगर कोई बच्चा दो साल खो देता है या बच्चे को अगर गणित की परीक्षा मिलनी है, सबसे अच्छा प्रोफेसर गणित का बनने वाला है, वह अगर बाहर हो जाता है, उसे न्याय नहीं मिलता है तो उस बच्चे की वे कक्षाएं वापस नहीं आतीं। बच्चे का वह समय फिर वापस नहीं आता है। वह समय अगर एक बार चला गया, तो हमें नहीं मिल पाएगा। इसलिए एजुकेशन में justice delayed is certainly justice denied. इसलिए उसके लिए ट्राइब्यूनल्स की आवश्यकता है। ऐसे रूप में ऐसी कामकाज चीज की आवश्यकता है जो तुरंत बच्चों का भविष्य देखकर, टीचर्स का भविष्य देखकर और उनके शिक्षण संस्थानों का भविष्य देखकर उसे सामने रखकर जजमेंट दे।

एक बहुत बढ़िया बात मंत्री जी ने कही है। मैं उसका स्वागत करता हूं, जब उन्होंने इस बात को कहा कि सरकार को हमें धीरे-धीरे शिक्षा प्रणाली से अलग करना पड़ेगा। सरकार का रोल है नीति बनाना, सरकार का रोल है मोटे-मोटे रूप से इस बात को तय करना कि हमारे बच्चों में, आने वाली जेनरेशन में किस तरीके की पढ़ाई हो। कहीं न कहीं किस तरह के मूल्यों को उनके बीच में डाला जाए, किस तरीके की राष्ट्रीयता की भावना को हम उनके स्तर पर उनके बीच में रखें। हमारे इतिहास को, हमारे पूर्वजों को,

हमारे वैज्ञानिकों को, हमारे साधु-संतों को, हमारे धर्मों को, हमारी पर्यटन की जगहों को किस तरीके से उनके सामने प्रस्तुत किया जाए कि उनके अंदर अपने देश के बारे में गौरव महसूस हो। वहां तक सरकार का रहना अतिआवश्यक है। इस बात को देखना कि हम ऐसे कानून लाएं कि बच्चों को कहीं बेवकूफ न बनाया जाए। उनके मां-बाप को, जो अपने बच्चों में अपना भविष्य देखते हैं, कहीं काम्प्रोमाइज न हो, बहुत आवश्यक है। लेकिन हर चीज में इंटरफियर करने से भी सरकार को हटना पड़ेगा। मुझे कोई ऐसा सांसद बता दे कि उसकी अपनी आपबीती न हो कि हर दूसरे दिन हमारे पास कोई न कोई आता है कि यह हमारी बहू है या बहन है, इसका हिस्ट्री में इंटरव्यू आया है। अगर आप कह देंगे तो वह हिस्ट्री में इंटरव्यू चला जाएगा। कभी-कभी मेरे बोलने से अगर वह हिस्ट्री में इंटरव्यू चला गया, तो हो सकता है कि उससे बेहतर कोई हिस्ट्री पढ़ाने वाला व्यक्ति हो, जिसकी मुझ तक पहुंच न हो, अगर उस व्यक्ति के हटने से कोई दूसरा व्यक्ति हिस्ट्री में चला जाता है तो 30 साल एक सबस्टेंडर्ड हिस्ट्री का प्रोफेसर बच्चों को पढ़ाता चला जाएगा। केवल इसलिए कि उस समय मुझे अपनी राजनीति ठीक करनी थी, क्योंकि मैं उस व्यक्ति को न नहीं बोल सकता था या मेरे प्रभाव के कारण कुलपति न नहीं बोल सकता था। इसलिए हमें एजुकेशन सिस्टम से इस चीज को कहीं न कहीं अलग करना पड़ेगा। कई जगह पर, कई नौकरियों में हम लोग जानते हैं कि हम प्रभाव डालते हैं। हम देखते हैं कि हमारे इलाके के किसी कमजोर व्यक्ति को मौका नहीं मिल रहा है, तो हम उसकी मदद करते हैं, क्योंकि हम हर कमजोर व्यक्ति की मदद करना चाहते हैं, जिससे उसका जीवन सफल हो सके, सरकारी कार्यालय में या प्राइवेट में नौकरी मिल जाए, भले ही दैनिक वेतन पर नौकरी मिल जाए। लेकिन जब हम शिक्षा में काम्प्रोमाइज करते हैं, तो हम अपने बच्चे को काम्प्रोमाइज करते हैं। इसलिए वहां भी सरकार का जो प्रभाव बढ़ा हुआ है, वह अगर घटे, तो यह स्वागतयोग्य है।

इस ट्राइब्युनल में और बाकी आने वाले कानूनों में मैं एक बात जरूर चाहूंगा कि मंत्री जी इस बात का ध्यान रखेंगे। हम इस बात को भी सुदृढ़ करके रखें कि अगर हमारी आर्बिट्रेरीनेस उससे हट रही है, तो किसी और की आर्बिट्रेरीनेस भी उसमें नहीं आनी चाहिए। कई बार प्राइवेट कालेज में या संस्थानों में इस डर को हम जरूर देखते हैं। वहां पर किस तरीके के प्रोफेसर आ रहे हैं, क्या उनकी चुनने वाली पद्धतियां अपने में परिपूर्ण हैं या नहीं। आज अगर हम बिल लाएंगे, धीरे-धीरे हम नई युनिवर्सिटीज को लाएंगे, तो हमारे आने वाले बच्चे और उनके मां-बाप जब उन युनिवर्सिटीज के पीछ भारत सरकार की सील को देखेंगे, जब यह देखेंगे कि कानून द्वारा ये कालेजेज़ और ये युनिवर्सिटीज को मान्यता मिली है तो वे विश्वास के साथ अपने बच्चों को उसमें भेजेंगे। क्योंकि भारत के हर व्यक्ति का अंततः भारत सरकार की सील पर भरोसा होता है। लेकिन इस कारण से भारत सरकार, जब अपनी ही युनिवर्सिटीज को और उसके

रिकोग्नाइज कालेजेज़ को मान्यता देती है तो इस बात को भी सुनिश्चत करके रखे कि जो प्राइवेट कालेजेज़ आएंगे या पीपीपी माडल में आएंगे, चाहे किसी भी माडल में आएं, वे भी गुणवत्ता में काम्प्रोमाइज न करें।

बल्कि हमारी इस यूनिवर्सिटी से शायद बेहतर ही शिक्षा दें। माननीय मंत्री जी, मैं आपका फिर से स्वागत करता हूं कि आप बहुत तत्परता से इस बिल को लाए। माननीय जोशी जी ने कुछ बातें कही थीं कि 15-16 रिक्मेंडेशन्स स्टेंडिंग कमेटी की हैं, मैंने भी उन्हें पढ़ा है, बहुत सब्सटेंटिव इनमें रिक्मेंडेशन्स नहीं हैं, लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि दो-तीन में आपकी भी टिप्पणी आई है कि जो आने वाले अधिनियम इसमें आयेंगे, उसमें उन चीजों का आप ध्यान रखेंगे और मेरा कहना है कि उन चीजों का आप ध्यान अवश्य रखें। मेरा आपसे यह भी आग्रह है कि जो तीन-चार बिल आप आगे लाने वाले हैं, पिछली बार जब आप राइट टू एजूकेशन का एक्ट लाये थे या दूसरा एक्ट लाये थे और चूंकि हम संसद में और चीजों में जूझते रहे थे, चर्चा करने का हमें कम समय मिला था, बहुत से सांसद अपनी बात नहीं रख पाए थे, लेकिन आपने हमारा आत्मबल जगाया, जब आपने कहा कि आप विस्तार से उसमें चर्चा करना चाहेंगे, लेकिन मैं केवल इतनी विनती करुंगा कि अगर आपको लगे कि संसद में समय नहीं मिल पा रहा है तो किसी अलग जगह भी सांसदों को बुलाकर अगर आप हमारे विचारों को ले लें, तो अपनी बात हम रख पाएंगे, जिन बच्चों के मां-बाप ने संसद में हमें भेजा है, उनकी बात भी हम आपके बीच में रख पाएंगे। हो सकता है कि हममें से कुछ के ऐसे सुझाव आयें जो आपके कानूनों को, आने वाली व्यवस्था को और बेहतर रूप में बना सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** माननीय सभापति महोदय, शिक्षा अधिकरण विधेयक, 2010 पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी इस विधेयक को लेकर हमारे बीच में आये हैं और अभी बड़े ध्यान से मैं आदरणीय जोशी जी का, जो इलाहाबाद विश्वविद्यालय के फिजिक्स के प्रोफैसर और हमारे गुरु रहे हैं, उनकी बातों को मैं बड़े ध्यान से सुन रहा था और उनकी काफी बातों से मैं सहमत भी हूं। उनका बहुत अनुभव भी है, इलाहाबाद विश्वविद्यालय को अब तो केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा भी है और हैड ऑफ डिपार्टमेंट होने के नाते उनका अनुभव भी था, जिससे उन बातों का उन्होंने उल्लेख भी किया।

**19.27 hrs.**

**(Dr. M. Thambidurai *in the Chair)***

जहां तक इस विधेयक में देखा गया है कि प्राइवेट संस्थाओं और खासकर एजूकेशन से जुड़े मामलों का जल्द निपटारा यह विधेयक करेगा।

तकनीकी, मैडिकल शिक्षण संस्थाओं व विश्वविद्यालयों में कदाचार निषेध विधेयक, अनिवार्य मान्यता, राष्ट्रीय मान्यता प्राधिकरण और विवादों को निपटाने के लिए शैक्षणिक ट्रिब्यूनल बनाने के लिए यह विधेयक है, जिसमें उच्च शिक्षा-संस्थाओं, छात्रों व अध्यापक, कर्मचारियों और प्रबंधकों में मुकदमेंबाजी में जो वृद्धि हो रही है, उसको जल्द निपटाने के लिए इस ट्रिब्यूनल का गठन किया गया है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का ट्रिब्यूनल होगा। संसद की स्थाई समिति जो होती है, उसकी सिफारिश की जो बात कही गयी है, मुझे भी लगा कि बहुत जल्दी में यह विधेयक लाया गया है और इसकी सफलता-असफलता में कुछ न कुछ, कहीं न कहीं शंका है। ईश्वर करे कि यह ट्रिब्यूनल सफल हो। यह बात सत्य है कि आज मुकदमों की संख्या बहुत बड़ी है और खासकर मुकदमों में जो पैसा खर्च हो रहा है और लम्बे समय तक जो विवाद चलता है, लम्बे समय तक जो निपटारा नहीं हो पाता, उसे देखते हुए आप इसे लाए हैं। मैं चाहूंगा कि इस ट्रिब्यूनल विधेयक में एक टाइम-बाउंड यानी समय-सीमा निश्चित कर दें कि इतने दिन, इतने महीनों में, इतने सालों में इसका निपटारा कर दिया जाए तो बहुत उचित होगा।

छात्रों को भी आपने इसमें जोड़ा है, जिनके प्रवेश को लेकर, एग्जामिनेशन प्रोसेस को लेकर, जो उनका सेमेस्टर पीछे जा रहा है, कैसे उसे कवर करें, साल उनका बर्बाद न हो, उसकी तरफ भी यह ट्रिब्यूनल देखेगा। इसमें यह भी प्रावधान है कि अगर इस ट्रिब्यूनल में फैसला न हुआ तो आगे वह हाई-कोर्ट भी जा सकता है।

मैं उदाहरण के तौर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय जो केंद्रीय विश्वविद्यालय है, उसकी तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। सदन में शून्य प्रहर में हमारे कई सम्मानीय सदस्यों ने बात उठाई है कि छात्र संघ का चुनाव कराया जाए। बहुत से ऐसे विवाद हैं, जैसा डॉ. जोशी जी कह रहे थे कि गवर्निंग बॉडी में एक ही दल, एक ही पार्टी, एक ही विचारधारा के लोग हैं, उससे ज्यादा विवाद होते हैं, क्योंकि उनकी मोनोपोली हो जाती है। कुछ वाइस चान्सलों द्वारा विवाद उत्पन्न हुआ है। ये देखा गया है कि यूनीवर्सिटी में जो पहले छात्र संघ थे, वहां ऐसे विवादों को जल्दी से निपटाते थे। आज बहुत से विश्वविद्यालयों में छात्रसंघों का चुनाव न होने के कारण भी बहुत से विवाद कोर्ट में गए हैं। मैं खास कर आपका ध्यान यशपाल समिति की रिपोर्ट की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा कि आप चुनाव करा दें, तो बहुत अच्छा होगा और जो छात्रों की मंशा है, वह भी पूरी हो पाएगी। जहां तक यूनीवर्सिटी ग्रांट कमीशन की बात है, मेरे खयाल से इसमें और सरकार के बीच में कोई समन्वय नहीं हो पाया है। यूजीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि 22.5 परसेंट आरक्षण एससी और एसटी को मिलेगा। वह चाहे लेक्चरर, प्रोफेसर या अतिथि शिक्षक होते हैं। इस प्रकार के बहुत से विवाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भी है। हमारे मित्र ने कुछ दिन पहले इंगित किया था कि दिल्ली यूनीवर्सिटी में भी अभी कोटे का बैकलाग है। जहां तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय की बात है 112 पोस्ट आज की तारीख में खाली हैं। 71 एससी और 41 एसटी कोटे के पद खाली हैं, जिसे यूजीसी की गाइड लाइन के अनुसार भरा जाना है। जबकि यूजीसी की दो सदस्यों की टीम वहां गई भी थी। उन्होंने सिफारिश भी की थी, लेकिन आज तक नहीं हो पाया है। वहां शिक्षक तथा छात्रों में जबरदस्त आक्रोश है। मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी इसे गम्भीरता से देखें।

दूसरी बात धारा 6(a) में आरक्षण नीति लागू करने की बात यूजीसी ने की है, उस बैकलाग को अगर आप भरेंगे, तो मेरे खयाल से विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी की भरपाई हो पाएगी। जहां तक इस बिल में यह कहा है कि केपिटेशन फीस वसूलना अपराध होगा। इसमें सजा का भी प्रावधान किया है और पचास लाख जुर्माना और तीन वर्ष की सजा का भी प्रावधान किया है। यह बात सच है कि आज छात्रों के साथ जबरदस्त शोषण हो रहा है। उनसे डोनेशन लिया जा रहा है, चाहे वे मेडिकल के छात्र हों, चाहे तकनीकी शिक्षा के छात्र हों या अन्य विषय में पढ़ने वाले हों। आपने इसमें जो व्यवस्था की है, उसके बारे में जोशी जी ने थोड़ा सा सवालिया निशान खड़ा किया है कि एक अध्यक्ष सहित आठ सदस्यों का प्रावधान किया है और बीस वर्ष का अनुभव भी है। मेरे खयाल से आपके सामने बहुत बड़ी समस्या होगी। आपने बताया कि पांच हजार विश्वविद्यालय हैं और 25 हजार कालेज हैं तथा देश में 800 कालेज की और जरूरत

है। यह बहुत बड़ी समस्या आज की जनसंख्या को देखते हुए देश के सामने है। खास कर यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी आपके सिर पर है, इसे आपको देखना है।

मेरे पास बहुत से प्वायंट्स थे, लेकिन इतना ही कहना चाहता हूं कि इस विधेयक में छात्रों के हित की बात होनी चाहिए। खास कर विश्वविद्यालय या कालेज हैं, उनकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। छात्रों का डोनेशन के नाम पर जो शोषण हो रहा है, उस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इन्हीं बातों के साथ इस विधेयक का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. CHAIRMAN: May I request the hon. Members to cooperate with the Chair as only half-an-hour time is left for the Bill to be disposed of and there are 15 more Members to speak on the Bill. If you take five minutes each and be brief, it will be useful for every one of us. Moreover, there is Zero Hour also and about 30 Members are there to speak in the Zero Hour also.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, please take your seat. What I am saying is that, the BAC has decided to allot two hours for this Bill. If you want to take more time, then it is a different issue. Out of those two hours, each party has been allotted time. This is what I am informing the Members. Then, "Zero Hour" will also to be taken.

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर):** सभापति महोदय, पहले मुझे यहां से बोलने की अनुमति दीजिए। मेरी सीट पीछे थी क्योंकि हमारे नेता बगल में बैठे थे, इसलिए मैं यहां से ज्यादा ठीक महसूस कर रहा हूं। इसमें कोई शक नहीं है कि 1986 में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी ऑफ एजुकेशन में ही यह लिखा हुआ था कि ट्राईब्यूनल बने और विवादों का जल्दी से जल्दी निपटारा हो। यही चीज वर्ष 1992 में भी एजुकेशनल ट्राईब्यूनल की जब एजुकेशन पॉलिसी फेल हुई, तब हुआ। मुझे इसमें थोड़ा सा अफसोस है कि 1986 से अब तक 24 साल हो गये हैं, यह अभी तक नहीं हुआ है। इसलिए मैं अपने योग्य एचआरडी मिनिस्टर को निजी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने 1986 से जो जगह रिक्त थी, उसको एक सकारात्मक रूप दिया। इस हिसाब से एक ट्राईब्यूनल हो और विवादों का निस्तारण जल्दी हो, यह पूरी नेशनल और इंटरनेशनल डिमांड है। यह बहुत जस्टीफाइड डिमांड है लेकिन हमें इनका जो मुख्य उद्देश्य है कि इससे जल्दी-जल्दी निस्तारण होगा, मैं इसमें ज्यादा न जाकर सीधे मैं इस बिल पर आना चाहता हूं कि इस चैप्टर 2 में स्टेट लैवल और चैप्टर थ्री में नेशनल लैवल की बातें दी गई हैं। इसमें लिखा हुआ है:

> "Each State Educational Tribunal shall consist of a Chairperson and two other Members of which not less than one shall be a woman, to be appointed by the appropriate Government."

स्टेट लैवल पर तीन लोग होंगे जिसमें एक महिला होगी और दो दूसरे लोग होंगे। अब हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि यह तो स्टेट एजुकेशनल ट्राईब्यूनल लैवल पर है लेकिन जो नेशनल लैवल पर है, वह आप चैप्टर थ्री में देखें क्योंकि यहां कमपैरीजन जरूरी है।

> "The National Educational Tribunal shall consist of eight members. Two shall be Judicial Members; three shall be Academic Members; three shall be Administrative Members."

अगर महिला स्टेट लैवल पर कंपीटेंट है तो आप समझिए कि क्या नेशनल लैवल पर महिला इंकंपीटेंट है? यह आपने कांशियस अगर ओमीशन है तो इस पर मैं अपना एतराज दाखिल करता हूं। आज जब रोज संसद में विचार हो रहा है कि 30 प्रतिशत रिजर्वेशन, 40 प्रतिशत रिजर्वेशन और पंचायत में 50 प्रतिशत रिजर्वेशन महिला के लिए हो तो आपने किस रीजन से महिला को हटाया, यह एक निरादर का भाव है, इसको आप देखें और समझें नहीं तो आपकी मुसीबत होने वाली है। इसी के साथ मैं दूसरी बात एक और कहना चाहता हूं। अब मैं सैक्शन 6 के सब क्लॉज 2 पर आता हूं। मैं बहुत जल्दी करूंगा। उसमें लिखा है:

> "A person shall be qualified to be appointed as a Member is not less than fifty years of age."

SHRI KAPIL SIBAL: If the hon. Member looks at Clause 21 (3), it says that "not less than one-third of the total number of Members appointed under sub-section (1) shall be women".

SHRI VIJAY BAHADUR SINGH : It should be clear in the Appointment Section itself.

SHRI KAPIL SIBAL: It is there.

SHRI VIJAY BAHADUR SINGH : I have seen that Section. I will come to that. अभी हम डिले के बारे में बात करना चाहते हैं। इसमें क्लियर बात हो, ऐसा न हो कि डायरेक्टली और मेंडेटरी हो जाए। It is written very clearly in the Bill and I quote:

> "Each State Educational Tribunal shall consist of a Chairperson and two other Members, of which not less than one shall be a woman, to be appointed by the appropriate Government."

यही लाइन इसमें लिख देते - Eight will be there and out of eight, one should be the woman. I will come to that. I will place that Section 21. I am grateful to the hon. Minister, if it is so. … (*Interruptions*)

Now, I come to the second point. The hon. Minister has mentioned, `not less than fifty-five years of age.' एजिंग सिस्टम के बारे में देखिए, जहां तक 55 साल के मकसद की बात है, हाई कोर्ट जज को एकोमेडेट करना है, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के एडीशनल और ज्वाइंट सैक्रेट्री को एकोमेडेट करना है, ये एकोमेडेट तो हो जाएंगे लेकिन जो मेन फोकस है कि जल्दी होगा तो यह नहीं होगा। मैंने एज ए लॉयर देखा है कि जब सैंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल बना तो इसके कम्पोजिशन में एडीशनल और ज्वाइंट सैक्रेट्री लैवल पर लोग आए। रेलवे बोर्ड के सैक्रेट्री एडवर्स एंट्री का डेलिगेटिट लेजिसलेशन क्या हो, समझ ही नहीं पाए। वे कहते हैं कि आप रिटन ऑर्ग्यूमेंट दे दीजिए फिर इसमें कुछ सही कर दिया और कुछ गड़बड़ कर दिया। इसका नतीजा यह होता है कि लिटिगेंट पब्लिक का विश्वास घट जाता है। मैं आपको दूसरा रास्ता बताना चाहता हूं। एजुकेशन का विस्तार हो रहा है यह बहुत अच्छी बात है। आप नेशनल एजुकेशन सर्विस का गठन कीजिए। जिस तरह से आईएएस लैवल पर क्रीम आप सलैक्ट करते हैं उसी तरह हायर नेशनल एजुकेशन सर्विस के बारे में सोचिए। इसमें यंग आदमी भी आ सकते हैं।

अगर 42 साल की उम्र में ब्रिटेन में प्रधानमंत्री हो सकते हैं, who has just been blessed with a daughter. हमारे माननीय प्रधानमंत्री 39 या 40 साल के हो सकते हैं तो 55 साल की सीमा लगाकर ट्रिब्यूनल के मैम्बर ही थके-थके होंगे तो जजमेंट भी थका-थका ही होगा। हमने देखा है कि जब हाई कोर्ट का जज आता है तो तीन साल के लिए वह पेंशन और कम्फर्ट की पोजीशन ले लेता है। He is busy in getting the grand children's marriage, etc. finalized, not in the dispensation of justice. मैं आपको बताता हूं कि इलाहाबाद में कैट बने हुए आठ साल हो गए हैं, यह सैंट्रल की सर्विस प्लेस करते हैं, वहां 11 साल की पेंडेंसी है। जजमेंट ही नहीं होते, 11 बजे आते हैं और दो बजे कोर्ट खत्म हो जाता है। लिटिगेशन पब्लिक का ऑलमोस्ट कैट से विश्वास घट गया। आपको मालूम है सुप्रीम कोर्ट ने दो जजमेंट दिए जिससे रिट में ज्यूडिशियल रिव्यू के सिस्टम से पोजीशन में कुछ गति आई। मैं चाहता हूं कि यह ट्रिब्यूनल बहुत अच्छा बने। सिब्बल साहब को मैं करीब 20-25 साल से जानता हूं, मुझे मालूम है इनके कम्पिटेंस में दो राय नहीं है और इनके इरादे बहुत अच्छे हैं। ...(व्यवधान) वकील एक दूसरे को तो जानते ही हैं। मेरा कहना है कि आप इस लाइन को भी सोचें कि अगर कोई हायर नेशनल उस लैवल पर आ जाए जिसमें ईमानदारी और कम्पीटेंस हो तो वे 30 साल तक एक्सपर्ट हो जाएंगे। 65 साल का ब्यूरोक्रेट जब तक बात समझता है तब तक उसका एंड आ जाता है, रिटायर हो जाता है। इस तरह से उसकी जजमेंट में कोई दम नहीं आता है। छोटा-मोटा जजमेंट जैसे एज घटाना, रस्टीकेशन कैंसलेशन तो कर लेगा लेकिन जब यूनिवर्सिटी इंटर-से में डिस्पयूट होगा, डिसिप्लिन्स में डिस्पयूट होगा तो वह कम्पीटेंट नहीं होगा। हर लिटिगेशन को हाई कोर्ट आना पड़ेगा, हर मुकदमे को सुप्रीम कोर्ट आना पड़ेगा। इस तरह से नया फोरम बन जाता है, आप इसे देख लें। हाई कोर्ट की व्यवस्था है, हाई कोर्ट का जजमेंट है लेकिन Judicial review is always possible. अगर आप कहें कि ये जानते हैं, अगर लिखा हो कि यह फैसला अंतिम होगा तो उसके बाद भी आर्टिकल 226 कांस्टीचुएशन में स्टेट हाई कोर्ट्स और सुप्रीम कोर्ट एसएलपी में रास्ता हमेशा के लिए खुला है, अगर यह रास्ता नहीं खुला होगा तो एनआरपी या कैट की जो कंडीशन होगी, उसमें दो बात नहीं है।

लेकिन मैं कह रहा हूं कि यह सिस्टम फेल हो गया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि सिर्फ इंकम टैक्स ट्रिब्युनल ठीक से चल रहे हैं। परंतु चाहे एमआरटीपी हो, चाहे सिक इंडस्ट्रियल अंडरटेकिंग या अन्य कोई हों, ये ट्रिब्युनल्स ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

अंत में मैं एक बहुत महत्वपूर्ण चीज बताना चाहता हूं कि सैंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्युनल्स का जो गठन है, इसमें थोड़ा ब्यूरोक्रेटिव इनवोल्वमैन्ट ज्यादा है। जैसे नेशनल एजूकेशनल ट्रिब्युनल्स के बारे में क्लाज-21 में लिखा है -

> "Two shall be judicial members, two shall be academic members and three shall be administrative members."

